* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

07 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 19

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आलिया ने बेटी को जन्म दिया : कपल ने कहा- यह जिंदगी की सबसे अच्छी खबर








# तिरुपति मंदिर के पास 2.26 लाख करोड़ की संपत्ति

## टीटीडी ट्रस्ट ने कहा : 10.3 टन सोना और 16 हजार करोड़ रुपये बैंकों में जमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने पहली बार मंदिर की कुल संपत्ति की घोषणा की है। शनिवार को श्वेत पत्र जारी किया गया है, जिसमें बताया गया कि मंदिर का करीब 5,300 करोड़ का 10.3 टन सोना और 15,938 करोड़ रुपये नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा है। तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति 2.26 लाख करोड़ की है।

**2019 के बाद से सोना और नकदी में हुई वृद्धि :** ट्रस्ट के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्म रेड्डी ने बताया है कि वर्तमान ट्रस्ट बोर्ड ने 2019 से अपने इन्वेस्टमेंट गाइडलाइंस को मजबूत किया है। 2019 में कई बैंकों में 13,025 करोड़ नकद था, जो बढ़ कर 15,938 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले तीन सालों की इन्वेस्टमेंट में 2,900 करोड़ की वृद्धि हुई है। वहीं ट्रस्ट के शेयर किये गये बैंक-वाइस इन्वेस्टमेंट में 2019 में टीटीडी के पास 7339.74 टन सोना जमा था, जो पिछले तीन सालों में 2.9 टन जोड़ा बढ़ गया।

**आंध्र सरकार की सिक्योरिटीज पर फंड इन्वेस्ट करने का दावा :** टीटीडी ने कुछ सोशल मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया, जिसमें दावे किये जा रहे थे कि ट्रस्ट के चेयरमैन और बोर्ड ने फंड आंध्रप्रदेश सरकार की सिक्योरिटीज पर इन्वेस्ट किया है। टीटीडी ने कहा कि ऐसा नहीं किया गया, बल्कि बचे हुए फंड को शेड्यूल्ड बैंकों में इन्वेस्ट किया जाता है। एक प्रेस रिलीज जारी कर ट्रस्ट ने कहा कि श्रीवारी के भक्तों से अनुरोध है कि वे इस तरह के झूठे प्रचार पर विश्वास न करें। बैंकों में जमा किया गया नकद और सोने का इन्वेस्टमेंट बहुत ही पारदर्शी और सही तरीके से किया जाता है।

**यहां बालों का दान किया जाता है :** मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। इसलिए यहां अपनी सभी बुराइयों और पापों के रूप में लोग अपने बाल छोड़ जाते हैं।

**सिर्फ शुक्रवार को होते हैं पूरी मूर्ति के दर्शन :** मंदिर में बालाजी के दिन में तीन बार दर्शन होते हैं। पहला दर्शन विश्वरूप कहलाता है, जो सुबह के समय होता है। दूसरे दर्शन दोपहर को और तीसरे दर्शन रात को होते हैं। भगवान बालाजी की पूरी मूर्ति के दर्शन केवल शुक्रवार को सुबह अभिषेक के समय ही किये जा सकते हैं।

**भगवान बालाजी ने यहीं दिये थे रामानुजाचार्य को साक्षात दर्शन :** यहां पर बालाजी के मंदिर के अलावा और भी कई मंदिर हैं, जैसे- आकाश गंगा, पापनाशक तीर्थ, वैकुंठ तीर्थ, जालावितीर्थ, तिरुच्चानूर। ये सभी जगहें भगवान की लीलाओं से जुड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि श्रीरामानुजाचार्य लगभग डेढ़ सौ साल तक जीवित रहे और उन्होंने सारी उम्र भगवान विष्णु की सेवा की, जिसके फलस्वरूप यहीं पर भगवान बालाजी ने उन्हें साक्षात दर्शन दिये थे।



### 7 हजार 123 एकड़ में फैली कुल 960 प्रॉपर्टीज

दान पाने के मामले में दुनिया का सबसे अमीर मंदिर आंध्र प्रदेश का तिरुमला तिरुपति मंदिर है। मंदिर के पास अलग-अलग जगहों पर 7 हजार 123 एकड़ में फैली कुल 960 प्रॉपर्टीज हैं। यहां चांदी से लेकर कीमती पत्थर, सिक्के, कंपनी के शेयर और प्रॉपर्टी जैसी चीजें भी दान की जाती हैं।

### भारत का सबसे धनी मंदिर है तिरुपति बालाजी मंदिर

दक्षिण भारत के सभी मंदिर अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए मशहूर हैं, लेकिन तिरुपति बालाजी मंदिर सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। तिरुपति बालाजी का मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में है। इस मंदिर को भारत का सबसे धनी मंदिर माना जाता है। यहां पर रोज करोड़ों का दान आता है।

# 7 सीटों पर उपचुनाव में 4 भाजपा ने जीती

| राज्य | सीट | जीत |
|---|---|---|
| बिहार | मोकामा | नीलम देवी |
| बिहार | गोपालगंज | कुसुम देवी |
| हरियाणा | आदमपुर | भव्य बिश्नोई |
| उत्तर प्रदेश | गोला गोकर्णनाथ | अमन गिरी |
| तेलंगाना | मुनुगोड़े | प्रभाकर रेड्डी |
| महाराष्ट्र | अंधेरी ईस्ट (मुंबई) | ऋतुजा लटके |
| ओडिशा | धामनगर | सूर्यवंशी सूरज |

- मोकामा में आरजेडी, तेलंगाना में टीआरएस और महाराष्ट्र में उद्धव की पार्टी जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम आ गये हैं। इनमें से चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। उत्तरप्रदेश की गोला गोकर्णनाथ, बिहार की गोपालगंज, ओड़िशा की धामनगर और हरियाणा की आदमपुर सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वहीं, बिहार की मोकामा सीट पर राजद कैंडिडेट और बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी जीत गयी हैं। तेलंगाना में टीआरएस और महाराष्ट्र में उद्धव की पार्टी जीती है। सभी सीटों पर तीन नवंबर को वोटिंग हुई थी।

सबसे ज्यादा 75.25% मतदान हरियाणा की आदमपुर सीट पर हुआ था। वहीं, महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट सीट के लिए सबसे कम 31.74% मतदान हुआ था। जिन सात सीटों पर उपचुनाव हुआ, उनमें दो-दो सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस का कब्जा था। वहीं, तीन सीटों पर बीजेडी, शिवसेना और आरजेडी थे।

# सीएम हेमंत सोरेन के खनन लीज आवंटन और शेल कंपनियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में फैसला आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार का दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए खास दिन है। खनन लीज आवंटन और शेल कंपनियों के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनायेगा। आज सुप्रीम कोर्ट में यह तय होगा कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट गये हैं। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लीज आवंटित करने और उनके भाई दुमका विधायक बसंत सोरेन के करीबियों द्वारा अवैध कमाई को शेल कंपनी में निवेश करने के खिलाफ याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर भी सुप्रीम कोर्ट सोमवार को अपना फैसला सुनायेगा। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने बीते 17 अगस्त को हेमंत सोरेन और राज्य सरकार की अपील याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं प्रार्थी शिवशंकर शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ गलत तरीके से खनन लीज आवंटित कराने और उनके करीबियों द्वारा शेल कंपनी में निवेश का आरोप लगाते हुए झारखंड हाइकोर्ट में जनहित



याचिका दाखिल की है। सरकार और हेमंत सोरेन ने याचिका सुनवाई योग्य नहीं होने का मुद्दा उठाया था। हाइकोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए दोनों याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। बाद में सरकार और हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दोनों की ओर से कहा गया है कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि इसमें किसी प्रकार का साक्ष्य नहीं दिया गया है। इडी ने कई दस्तावेज सीलबंद कर हाइकोर्ट को सौंपी है। सौंपे गये दस्तावेज सरकार को नहीं दिये गये हैं। ऐसे में इस याचिका की सुनवाई नहीं की जा सकती। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले को खारिज किया था। 17 अगस्त को सभी पक्षों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और फैसला आने तक झारखंड हाइकोर्ट में दोनों याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी थी।

# जांच एजेंसियों की निगाह भ्रष्ट अफसरों पर कब पड़ेगी!

## केवल नेताओं और कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई से उठ रहे हैं सवाल

- गलत कामों की असली जड़ तो भ्रष्ट अफसर ही हैं

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में पिछले छह महीने से केंद्रीय जांच एजेंसियां बेहद सक्रिय हैं। इससे पहले भी एनआइए जैसी एजेंसियों ने झारखंड के विभिन्न इलाकों में कई मामलों की जांच के दौरान बड़ी सफलताएं हासिल की हैं, लेकिन पिछले छह महीने से भ्रष्टाचार, काला धन और अवैध कारोबार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और सीबीआइ ने जो अभियान चला रखा है, उससे कई घोटाले उजागर हुए हैं। इनके साथ ही इन कार्रवाइयों से एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जांच एजेंसियों की निगाह भ्रष्ट अफसरों पर क्यों नहीं पड़ रही है।

इस साल मई में जब आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में इडी ने गिरफ्तार किया था, तब लगा था कि अब झारखंड के भ्रष्ट अफसर भी गिरफ्त में आयेंगे। लेकिन न कहीं छापामारी हुई और न किसी से पूछताछ हुई। इस बीच कई कारोबारियों और राजनीतिक व्यक्तियों के यहां जरूर इडी पहुंची, लेकिन किसी अफसर के यहां उसका नहीं पहुंचना कई सवाल खड़े करता है।

केंद्रीय एजेंसियों की इस कथित एकतरफा कार्रवाई से सवाल यह उठ रहा है कि जब कोई भी अवैध काम अधिकारियों की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकता है, तब फिर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यह सभी जानते हैं कि चाहे अवैध खनन हो या जमीन का अवैध धंधा, कोयले का अवैध कारोबार हो या फिर टेरर फंडिंग, अधिकारियों की मिलीभगत और सहयोग के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

ऐसे में इस बात पर विश्वास करना अजीब लगता है कि किसी घोटाले या गड़बड़ी में अफसरों की अंतर्लिप्तता नहीं होगी। यदि इडी जमीन के अवैध कारोबार के खिलाफ छापामारी कर रही है, तो उसे उस अधिकारी के यहां भी छापा मारना चाहिए, जिसके कहने पर सब रजिस्ट्रार ने इतना बड़ा खेल किया। इडी को इस बात की भी जांच करनी चाहिए कि सेना की जमीन का फर्जी होल्डिंग नंबर कैसे और किसने जारी किया। इसी तरह अवैध खनन और अवैध कारोबार भी इलाके की पुलिस के सहयोग के बिना संभव नहीं है, लेकिन कभी किसी पुलिस अधिकारी के खिलाफ सीबीआइ या एनआइए ने कार्रवाई की हो, याद नहीं पड़ता।

इसलिए अब केंद्रीय एजेंसियों के लिए अपनी विश्वसनीयता और निष्पक्षता साबित करने का यह उचित समय है। इन एजेंसियों को अब अपनी निगाहें झारखंड के भ्रष्ट अफसरों की तरफ मोड़नी चाहिए, ताकि लोगों में जांच एजेंसियों के प्रति कोई गलत भावना न घर कर जाये।

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)




Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,300 रु./10 ग्राम
चांदी 63,000 रु./प्रति किलो



# गुजरात में कांग्रेस-आप के मुकाबले से भाजपा बमबम

## त्रिकोणीय मुकाबले के लिए तैयार हो रही जमीन ■ हर दल के अपने वादे, अपने इरादे, पर वोटर मौन

**चुनाव आयोग द्वारा दिसंबर के पहले सप्ताह में मतदान की घोषणा के साथ ही गुजरात विधानसभा चुनावों की उल्टी गिनती शुरू हो गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में 1995 से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी इस बार के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की ओर से मिल रही दोहरी चुनौती का सामना कर रही है, वहीं कांग्रेस को इस बार अपने पक्ष में बदलाव की उम्मीद है। इधर पंजाब में मिली जबरदस्त सफलता के बाद आम आदमी पार्टी को गुजरात में भी पार्टी के पक्ष में बेहतर नतीजे आने की आशा है। लेकिन 182 सदस्यीय विधानसभा की जो संभावित तस्वीर खींची जा रही है, उसमें भाजपा एक बार फिर बहुमत के साथ सत्ता में वापस आती दिख रही है, जबकि कांग्रेस को आप से कड़ी चुनौती मिल रही है और संभावना जतायी जा रही है कि दिल्ली और पंजाब के बाद आप गुजरात से भी कांग्रेस को उखाड़ दे। पहली नजर में यह भाजपा के लिए अच्छी खबर है, लेकिन आप को व्यापक रूप से गुजराती मतदाताओं पर अपनी छाप छोड़ने के रूप में देखा जा रहा है। यह कांग्रेस के लिए चिंता का कारण बना हुआ है और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भरोसे पार्टी गुजरात को फतह करने के लिए एड़ी-चोटी एक कर रही है। हालांकि अभी पक्के तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि गुजरात का ऊंट किस करवट बैठेगा, लेकिन एक बात तय है कि त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे गुजरात का विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होनेवाला है। गुजरात विधानसभा चुनाव की तमाम परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

गुजरात में विधानसभा चुनावों का शंखनाद हो गया है। 1 और 5 दिसंबर को दो चरणों में मतदान होगा। गुजरात और हिमाचल प्रदेश, दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम एक साथ 8 दिसंबर को घोषित होंगे। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि गुजरात में हर बार की तरह इस बार चुनाव में सिर्फ कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच मुकाबला नहीं होगा। इस बार आम आदमी पार्टी के चुनाव में किस्मत आजमाने से गुजरात में पहली बार त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गयी है। तीनों दलों ने चुनाव की घोषणा के साथ उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया तेज कर दी है। अब तक के चुनावी इतिहास को देखें तो मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होता रहा है और यहां के स्थानीय मुद्दे ही चुनावों में ज्यादातर हावी रहे हैं। यह पहला मौका है, जब आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से मैदान में उतरी है।

गुजरात में भाजपा 27 साल से लगातार सत्ता में है और यह चुनाव भी उसके लिए काफी अहम है। बड़ी वजह एक ही है, गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य जो है। भाजपा इस समय केंद्र और गुजरात दोनों जगह सत्ता में है और यहां पर भी उसका नारा डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को लेकर आगे बढ़ रहा है। वह दोबारा सत्ता में आने को लेकर आश्वस्त है। वह मान कर चल रही है कि नरेंद्र मोदी के नाम पर मतदाताओं को रिझाना उसके लिए आसान होगा। चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि गुजरात में फिर से डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है।

### पंजाब विजय से बढ़ा है आप का मनोबल

इसी साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने चार राज्यों उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में सत्ता में वापसी की, लेकिन पंजाब के नतीजों ने नये राजनीतिक समीकरण बना दिये हैं। आप को पंजाब में मिली अपार सफलता ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के अस्तित्व को ही चुनौती दे दी है। अब गुजरात में आप भाजपा को चुनौती देने के लिए लगातार ताल ठोक रही है। दिल्ली विधानसभा में आप पहले से ही काबिज है और पंजाब की जीत ने उसका मनोबल और बढ़ा दिया है। आप इस चुनाव में 'करो या मरो' की मुद्रा में लड़ रही है। अरविंद केजरीवाल ने चुनाव की घोषणा होते ही गुजरात की जनता से आप को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि अगर वे उनको एक मौका देंगे, तो वह बिजली, शिक्षा और मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा देंगे। उन्होंने कांग्रेस के साथ भाजपा के हिंदू वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। केजरीवाल की रुपये की एक तरफ गणेश-लक्ष्मी की तस्वीर लगाने की मांग को कुछ ऐसे ही देखा जा रहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने सीएम का चेहरा भी घोषित कर दिया है।

गुजरात में चुनाव को लेकर पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक लड़ाई चरम पर है। चुनाव प्रचार में भाजपा और आप ने पहले से ताकत झोंक रखी है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के गुजरात दौरे लगातार हो रहे हैं और वे राज्य में




विकास और स्थिरता को बड़ी उपलब्धि के तौर पर गिना रहे हैं। लेकिन मोरबी हादसे को लेकर विपक्ष हमलावर है, जिसमें लोहे के पुराने पुल टूटने से 135 लोगों की जानें गयीं। गुजरात विधानसभा में सीटों के लिहाज से आप का इस राज्य में अभी तक कोई वजूद नहीं है, लेकिन जिस तरह से उसके नेता अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में मिली आशातीत सफलता को भुनाने के लिए गुजरात का लगातार दौरा किया है, उससे साफ है कि वह पंजाब की तरह वहां पर भी अपनी पार्टी को कांग्रेस के विकल्प के रूप में पेश करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी 21वीं सदी के शुरू में अपनी पार्टी के कद्दावर नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के उत्तराधिकारी बने। जब वह मुख्यमंत्री बने, तब से लेकर अब तक भाजपा गुजरात में एक भी चुनाव नहीं हारी है। नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव जीत चुकी है और लोकसभा चुनावों में भी वह गुजरात में अव्वल साबित हुई है।

### पिछले चुनाव में कांग्रेस से मिली थी टक्कर

गुजरात में कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल है और पिछले विधानसभा चुनावों में उसने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। गुजरात की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से पिछड़ी जाति और पाटीदार समुदाय के नेता के रूप में हार्दिक पटेल का नया नाम उभरा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हार्दिक पटेल ने 2015 में पाटीदार समुदाय के हितों की लड़ाई को तेज किया और राजनीतिक क्षितिज पर उनका नाम तेजी से उभरा। उन्होंने भाजपा के लिए नयी चुनौतियां खड़ी कीं और इसका फायदा उठा कर कांग्रेस ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया।

कांग्रेस हाइकमान के हार्दिक पटेल को तव्वजो देने से गुजरात में बाकी कांग्रेस नेता नाराज हो गये थे। गुजरात के कद्दावर नेता अहमद पटेल गांधी परिवार के काफी करीबी रहे, लेकिन उनके निधन के बाद राज्य में कांग्रेस को संगठित रखने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गयी। कांग्रेस हार्दिक पटेल के बूते गुजरात में अपनी स्थिति को मजबूत करने को लेकर आश्वस्त थी, लेकिन उन्होंने कुछ ही दिन पहले मोदी की तारीफ करने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन में हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवाणी की अहम भूमिका थी, लेकिन अब यह तिकड़ी बिखर चुकी है। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका था और तब से गुजरात में पार्टी अपने सांगठनिक ढांचे को लेकर जूझ रही है। लंबी जद्दोजहद के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हुए और करीब ढाई दशक बाद गैर गांधी परिवार के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की कमान संभाल ली है। वह कांग्रेस की सांगठनिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कयास लगने लगे हैं कि गुजरात में भी ले देकर कांग्रेस के लिए पंजाब वाली स्थिति न हो जाये। दरअसल, कांगेस की ओर से अभी तक स्टार प्रचारकों के हरकत में नहीं आने के कारण ऐसी अवधारणा बनी है, लेकिन कांग्रेस ने कहा है कि वह पूरी तरह तैयार है। वह ग्रामीण क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी गुजरात परिवर्तन संकल्प यात्रा के जरिये सभी विधानसभा क्षेत्रों की जनता से सीधे संपर्क साध रही है।

इतिहास पर नजर डालें तो कांग्रेस ने माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में साल 1985 में रिकॉर्ड 149 सीटें जीती थीं। उसके बाद से अब तक ना तो भाजपा ने और ना ही कांग्रेस उस प्रदर्शन को दोहरा सकी है। माधव सिंह सोलंकी ने उस साल क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम (खाम) वोटों के दम पर दमदार और रिकॉर्ड तोड़ जीत हासिल की थी। राजनीतिक हालात में हुए बदलाव के दौर में खाम का गठजोड़ बिखर गया और प्रभावशाली पाटीदार समुदाय कांग्रेस से अलग हो गया। लेकिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी फिर पाटीदार समुदाय को कांग्रेस से जोड़ने में सफल रहे और युवा पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को आगे करके पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा को विधानसभा में सेंचुरी बनाने से रोका। पिछली बार गुजरात विधानसभा की 182 सीटों में भाजपा की 99 सीटों के बहुमत से सरकार बनी और कांग्रेस ने 77 सीटें जीतीं थी।

### आप कांग्रेस के साथ भाजपा के लिए भी बड़ी चुनौती

पंजाब की राजनीति ने कांग्रेस के साथ भाजपा के लिए भी गुजरात में बड़ी चुनौती खड़ी की है। सभी राष्ट्रीय दलों के लिए आप एक चुनौती बनना चाहती है और अगर उसके नारों पर गौर करें, तो हकीकत को समझने में ज्यादा आसानी होगी। आप का हर नेता अपने संबोधन से पहले और अंत में यह नारा अवश्य लगाता है, इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय। दरअसल आप एक साथ देश की बड़ी कैडरवाली पार्टियों वामपंथी दलों और भाजपा के नारों को ही भुनाने में लगी है। ये कुछ ऐसे हैं कि नारा तुम्हारा, वोट हमारा, जीत हमारी। एक और छोटा सा उदाहरण लें। जैसे कि कोरोना संकट काल में नरेंद्र मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज देना शुरू किया। सब राशन की दुकान से मुफ्त अनाज ले सकते थे और यह योजना काफी लोकप्रिय हुई। अरविंद केजरीवाल हमेशा से नरेंद्र मोदी की योजनाओं को अपने नाम करने और सिर्फ आप को ही उसका लाभ दिलाने की नयी-नयी तरकीबें निकालने में माहिर रहे हैं। उन्होंने इस योजना को कैसे अपने पक्ष में करने की कवायद शुरू की, अगर इसका सही विश्लेषण करें , तो उन्होंने घोषणा कर डाली कि वह सबको घर पर ही यह मुफ्त राशन मुहैया करा देंगे। फिर केंद्र से इसकी अनुमति नहीं मिलने पर उसका ठीकरा भी केंद्र सरकार के सिर पर फोड़ना शुरू कर दिया।

गुजरात में आप अपने समीकरण बना रही है, लेकिन भाजपा की जड़ें वहां बहुत मजबूत रही हैं। यह सही है कि नरेंद्र मोदी के केंद्र में आने के बाद से भाजपा को वहां पर राज्य स्तर का बड़ा नेता अभी तक नहीं मिल पाया है और अब भी पार्टी नरेंद्र मोदी के बूते ही टिकी हुई है। कभी गुजरात दंगों के कारण या छात्र आंदोलन के कारण चर्चा का केंद्र रहा और वहां की जनता इससे वर्षों त्रस्त रही और वहां की कपड़ा मिलें एक-एक कर तबाह होती चली गयीं। विकास तो दूर की बात थी। लेकिन नरेंद्र मोदी को जब गुजरात के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली, तो उन्होंने अपना ध्यान विकास की राजनीति और सुशासन पर केंद्रित किया। लेकिन उनकी राहें इतनी आसान नहीं थीं, जितनी आज दिखती हैं। गोधरा कांड के बाद गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों ने मोदी के भाजपा के भीतर और बाहर दोनो मोर्चों पर मुसीबतें खड़ी कर दीं, लेकिन समय के साथ और गुजरात गौरव की नयी राजनीति के बल पर उन्होंने अपनी मुश्किलों को कम करना शुरू किया।

### मोदी सरकार के काम को भुना रही है भाजपा

मोदी ने विकास के साथ-साथ महिलाओं को प्राथमिकता देने की राजनीति का नया प्रयोग किया और उनके लिए अनेक योजनाएं बनायीं और गुपचुप तरीके से हर बार उनका वोट बटोरते रहे। बाकी दल धर्म और जात-पात की राजनीति में ही उलझे रहे और मोदी जेंडर के आधार पर राजनीति को नयी दिशा देते चले गये। बाद में बाकी राज्यों और केंद्र ने इसका अनुसरण करना शुरू किया, लेकिन तब तक लोकप्रियता की दौड़ में नरेंद्र मोदी आगे निकल चुके थे। अब सबकी निगाहें गुजरात विधानसभा चुनावों पर टिकी हैं और पूरा विपक्ष अपनी ताकत झोंकने लगा है। गुजरात मोदी की अगुआई में भाजपा का मजबूत गढ़ है और इसे भेदने के प्रयास किस हद तक सफल होते हैं या फिर यह अभेद्य दुर्ग बना रहेगा, यह तो 8 दिसंबर के नतीजे ही बता पायेंगे। फिलहाल इतना तो जरूर कहा जा सकता है कि गुजरात में नंबर एक की नहीं, बल्कि नंबर दो की लड़ाई का सीन तैयार हो रहा है। और नंबर दो की लड़ाई के लिए आप कांग्रेस को टक्कर दे रही है।

---

# भ्रष्टाचार को रोकने के लिए व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है : सरयू राय

**धनबाद के न्यू टाउन हाल में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग छेड़ने का एलान किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कभी भ्रष्टाचार को लेकर जेपी ने कहा था कि सत्ता परिवर्तन की जरूरत नहीं है, आवश्यकता है व्यवस्था परिवर्तन की। आज फिर से एक बार उनकी इस नीति और रीति की आवश्यकता महसूस होने लगी है। भ्रष्टाचार के मामले में क्या सत्ता पक्ष और क्या विपक्ष में बैठे जनप्रतिनिधि के अलावा अधिकारी, सबकी स्थिति एक जैसी हो चली है। मुट्ठी भर कुछ स्वार्थी लोगों ने एक ऐसा गठजोड़ बना रखा है कि आम जनता त्राहिमाम कर रही है।

यह पूरी तरह से व्यवस्था के चरमरा जाने का संकेत है। इसलिए एक बार फिर से 1974 आंदोलन की तरह व्यापक जन गोलबंदी किये जाने की जरूरत है। कुछ ऐसे ही शब्दों के तीर चलाते हुए रविवार को धनबाद के न्यू टाउन हाल में जमशेदपुर पूर्वी के



विधायक सरयू राय ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग छेड़ने का एलान किया।

दरअसल, राय न्यू टाउन हाल में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 120वीं जयंती पर आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था, जब केंद्र में आज से भी ज्यादा प्रचंड लोकमत की सरकार इंदिरा गांधी के नेतृत्व में बैठी थी। उसने अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ भ्रष्टाचार के विरोध में नारा बुलंद करनेवालों को जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया। उसने जेपी जैसे लोकनायकों को सत्ता परिवर्तन करने के लिए प्रेरित किया। उसे आप सब जेपी आंदोलन कह लें या फिर 74 आंदोलन के शुरू होने के लिए आवश्यक तत्व प्रदान किये। गुजरात के छात्र आंदोलन से उठी चिंगारी की तीव्रता कुछ इस कदर बढ़ी कि बिहार पहुंच कर इसने तात्कालिक केंद्र की सरकार को हिला कर रख दिया था। हालांकि सत्ता तो बदल गयी, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन की आस अधूरी ही रह गयी। राय ने इसी आस को मूर्त रूप देने के लिए एक बार फिर से आंदोलन करने के लिए लोगों का आह्वान किया।

सम्मेलन में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने का फैसला लिया गया। तय किया गया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यभर में जनदबाव बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा.। झारखंड पीपुल्स अंगेस्ट करप्शन (जे-पैक) के बैनर तले जनगोलबंदी की जायेगी। वहीं सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि झारखंड में व्यवस्था परिवर्तन के लिए संगठित प्रयास समय की मांग है। एक ऐसी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया, जिससे शासन चाह कर भी भ्रष्टाचार करने का साहस नहीं कर सके।

---

### भाजपा ने सरयू राय पर साधा निशाना, कहा

# इडी विधायक सरयू राय पर भी कार्रवाई करे



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों सिदगोड़ा के सूर्य मंदिर परिसर में रघुवर दास और सरयू राय के समर्थकों के बीच हुई झड़प के बाद दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी शुरू हो गयी है। शुक्रवार को सरयू राय ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा था कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इडी की कार्रवाई हो रही है, तो वह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर भी कार्रवाई करे। उन्होंने रघुवर दास पर मुख्यमंत्री रहते हुए करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाया था। इधर, रविवार को भाजपा ने अपने जिला कार्यालय में एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान भाजपा ने सरयू राय पर भी कई आरोप लगाये। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि इडी द्वारा सबूत के आधार पर लगातार कई बड़े अधिकारियों और मंत्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। इडी सरयू राय पर भी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि साल 2019 में खाद्य आपूर्ति विभाग का मंत्री रहते हुए सरयू राय ने कई घोटाले किये है। सरकार ने जनता तक जानकारी पहुंचाने के लिए एक मैसेज के लिए 10 पैसे तय किये थे, पर सरयू राय ने पैरवी का इस्तेमाल करते हुए अपने परिचित को 80 पैसे में टेंडर दिलवाया। वहीं यह टेंडर मात्र तीन महीने के लिए ही था, पर उसे बढ़ा दिया गया। वहीं बीते दिनों हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार रुपयों के साथ कोलकाता से पकड़ाये थे। किसी ने भी राजीव की पैरवी नहीं की, पर सरयू राय ने की। उन्होंने कहा कि सरयू राय पर भी कार्रवाई की जाये। वार्ता में मुख्य रूप से गुंजन यादव, देवेंद्र सिंह, प्रेम झा और राजेश सिंह मौजूद थे।

---

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर दिल्ली में धरना प्रदर्शन 11 नवंबर को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने को लेकर रविवार को प्रधान कार्यालय डेम पार्क कांके रोड रांची में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप एवं संचालन महादेव उरांव ने किया।

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करना और इसे राजनीति की संज्ञा देना सही नहीं है। हम विरोध के बजाय आदिवासियों के लिए अलग धर्म

**सरना धर्म कोड की मांग को राजनीति की संज्ञा देना सही नहीं : शिवा कच्छप**

कोड नाम पर आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक मान्यता के प्रयास का स्वागत करते हैं, क्योंकि हम सबका लक्ष्य एक है। सरना से आदिवासी पूजा स्थल का बोध होता है, तो उसके नाम पर धर्म के नाम से क्या गलत है।

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति, राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के सहयोग से भारत सरकार को विचार और फैसला के लिए मजबूर करने के लिए 11 नवंबर 2022 को संविधान क्लब दिल्ली में प्रतिनिधि सभा और 12-11-2022 को जंतर मंतर दिल्ली में महाधरना दिया जायेगा। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। अगर केंद्र सरकार जल्द फैसला नही लेती है और वार्ता का दरवाजा नही खोलती है, तो वृहद जनजागरण अभियान चलायेंगे।

इस बैठक में मुख्य रूप से महादेव उरांव, मंगल उरांव, संगीता गाड़ी, सती तिर्की, कुईली उरांव, अनिता उरांव, मीणा देवी, बसंती कुजूर, भानू उरांव , मनोज उरांव, गुड्डू उरांव, कुलदीप उरांव, बितो तिर्की, अनिमा खड़िया, अन्नु मुंडा, शोमा तिर्की, सिटीयो उरांव शामिल थे।





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 16.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.57 बजे |

### आइटी रेड के बाद अनूप सिंह मीडिया से मुखातिब हुए

# राजनीति से प्रेरित है आइटी की छापामारी : अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बेरमो से कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने अपने यहां हुई आइटी रेड के बाद रविवार को मीडिया से बात की इस दौरान उन्होंने अपनी बातें रखीं। उन्होंने साफ-साफ कहा कि उनके रांची, बेरमो और पटना आवास पर इनकम टैक्स की रेड राजनीति से प्रेरित है। यह भी साफ किया कि रेड के दौरान जो ये बातें सामने आयीं कि मेरी प्रतिदिन की कमाई एक करोड़ रुपये ह, वह भी पूरी तरह से निराधार है। कहा कि रेड के दौरान मेरे रांची और बेरमो आवास से आइटी को एक लाख 45 हजार रुपये मिले हैं। यह मैं अपने मन से नहीं, बल्कि जो डाक्यूमेंट्स मुझे आइटी ने दिया है, उसके आधार पर कह रहा हूं। रांची से इनकम टैक्स की टीम को 91 हजार 400 रुपये और बेरमो से 54 हजार रुपये मिले हैं।

उन्होंने कहा कि रेड तो परसों (शुक्रवार) ही खत्म हो गया था, लेकिन आइटी के अधिकारी उनके घर पर जमे रहे। उनका कहना था कि ऊपर से जब तक आदेश नहीं आयेगा, नहीं जा सकते। 38 घंटे की आइटी रेड मेरे घर पर हुई। पटना में केयरटेकर के माध्यम से रेड किया गया। आइटी अधिकारी मनीष कुमार ने जो दस्तावेज दिया, उसमें उन्हें एक रजिस्टर मिला। वह घर मेरी मां के नाम से है। रजिस्टर में उस मकान के किराये की जानकारी है। वहां से आइटी को मात्र 600 रुपये मिले। कहा कि दूसरी रेड ढोरी आवास पर हुई, जो सीसीएल का है। मेरी मां का गहना मिला, जिसका वैल्यू 11 लाख 75 हजार 300 रुपये लगाया गया। छह बैंक खाते मिले। मेरी मां की एसबीआइ डोरंडा शाखा में एक और एक सेंट्रल बैंक में लॉकर है, जिसकी चाबी मेरी मां ने जांच अधिकारीयों को दे दी है। तीसरी रेड मेरे रांची स्थित सरकारी आवास पर हुई। यहां दो पंच ऑफ ब्लू सीट मिला। एक झारखंड एकेडमिक काउंसिल में धांधली से संबंधित था और एक मेरे दोस्त की एक प्रॉपर्टी बेचने का पेपर था। मेरे बच्चों, मेरी पत्नी, भाई और मेरे मोबाइल का बैकअप लिया गया। एक्सिस बैंक का डिटेल लिया। मेरी पत्नी के लॉकर की चाबी दे दी। नामांकन के समय जो मैंने शपथ पत्र में जमीन दिखायी थी, उसकी जानकारी ली। मेरे घर से छह पासपोर्ट मिले हैं। रांची में 9 लाख 92 हजार का सोना, 96 हजार की चांदी मिली है। आइटी अधिकारियों ने मुझसे पूछा कि मैं पुंदाग में अपना घर कैसे बना रहा हूं? इसके जवाब में मैंने उन्हें बताया कि यह जमीन मेरे पिता ने 2006 में ली थी। यह जमीन मेरी मां के नाम पर है। चूंकि मुझे इस घर के निर्माण के लिए विधानसभा से लोन लेना था, तो मैंने अपने सैलरी अकाउंट से 10 लाख रुपये की रजिस्ट्री ड्यूटी दी और कुल 12 लाख रुपये का भुगतान सरकार को किया। इसके बाद मैने इस जमीन को अपनी मां से गिफ्ट डीड पर लिया है। इस जमीन पर मेरा जी प्लस टू घर बन रहा है। इसके लिए मैंने विधानसभा में 1.5 करोड़ रुपये के लोन के लिए ऐप्लिकेशन भी दिया है।

> मेरे रांची और बेरमो आवास से मिले 1.45 लाख रुपये
>
> अजय सिंह मेरे नहीं, सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह के बेटे के रिश्तेदार हैं
>
> आइटी ने 21 नवंबर को मुझे बुलाया है, मैं जाऊंगा



## खबर छापने से पहले तथ्य भी जांचें

अनूप ने कहा कि रेड के दौरान यह प्रचारित किया गया कि मेरी प्रतिदिन की कमाई एक करोड़ रुपये है, जो बिल्कुल ही गलत है। कहा कि खबर छापी जाये, लेकिन उसके तथ्य को भी जान लेना चाहिए। जिस व्यक्ति के बारे में खबर लिखी जाती है, उसका भी पक्ष लेना चाहिए। कहा कि इस तरह की भ्रामक खबर से मैं और मेरे परिवार के सभी सदस्य आहत हैं। सबों को ठेस लगी है। बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ा है। मेरी बेटी स्कूल से आकर अपनी मां से कहती है कि उनके सभी सहपाठी उससे यही पूछते हैं कि जो खबर आयी है वह सच है क्या। मेरी प्रतिदिन की कमाई एक करोड़ की है, ऐसा किसी आयकर अधिकारी ने पेपर में नहीं दिया। आयकर विभाग से आग्रह करुंगा कि मेरे परिवार और बच्चे की सुरक्षा का ध्यान रखें। मेरे ऊपर नक्सल अटैक हो सकता है। माफिया अटैक कर सकते हैं। मेरे बच्चों को किडनैप किया जा सकता है, इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा? उन्होंने कहा कि 21 नवंबर को आइटी ने बुलाया है, मैं जाऊंगा।

## अजय सिंह से कई सालों से नहीं है संबंध

एक सवाल के जवाब में अनूप सिंह ने कहा कि अजय सिंह से उनका और उनके परिवार का पिछले 10-12 वर्षों से कोई संबंध नहीं है। कहा कि पूर्व में मेरे पिता के करीबी माने जाते थे। लेकिन वर्ष 2001 से जब मैंने राजनीति में कदम रखना शुरू किया, तो देखा कि अजय सिंह के कारण मेरे पिता की बदनामी हो रही है तो उनसे संबंध समाप्त हुआ। कहा कि अजय सिंह तो सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह के बेटे मृणांक शेखर के रिश्तेदार हैं। मैं भी उनको मामा कहता था, लेकिन वह मेरे दूर के चाचा के साला हैं। अजय सिंह का नाता भाजपा के साथ है। जांच से मैं डरनेवाला व्यक्ति नहीं हूं। अनूप ने कहा कि निशिकांत दुबे सबसे ज्यादा प्यार देते हैं। उनको सभी जांच एजेंसी की खबर पहले हो जाती है। कहा कि ऐसा लगता है सभी जांच एजेंसी को निशिकांत दूबे ही लीड कर रहे हैं। मुझे जानकारी नहीं है कि आइटी ने इडी को केस ट्रांसफर किया है। किसी को भी केस ट्रांसफर का अधिकार है। आइटी को लगता है तो वह इडी को केस ट्रांसफर करे, मैं इडी को भी जांच में सहयोग करुंगा।

# 2018 में विष्णु अग्रवाल ने करायी थी सेना की कब्जे वाली 3.75 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सेना और अन्य विवादित भूमि की खरीद के मामले में बिल्डर और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के यहां दबिश दी है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को विष्णु अग्रवाल के यहां पड़े छापे के दौरान इडी ने भूमि से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किये हैं। इडी को आशंका है कि विष्णु अग्रवाल ने सेना की जमीन को हड़पने के लिए कई और जगहों पर इसी तरह के तौर-तरीकों को आपनाया है, जैसा कि बरियातू में सेना की जमीन के मामले में उन्होंने किया है।

## छापे में मिले दस्तावेजों की जांच कर रही इडी

बरियातू जमीन मामले में इडी ने शुक्रवार को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, दो सब रजिस्ट्रार बैभव मणि त्रिपाठी और घासी राम पिंगुआ के अलावा विक्रेता प्रदीप बागची के ठिकानों पर छापेमारी की। इडी बरियातू स्थित सेना की कब्जेवाली जमीन में बिल्डर और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के कनेक्शन की जांच कर रही है। कहा यह भी जा रहा है कि विष्णु अग्रवाल और अमित अग्रवाल ने यहां अपार्टमेंट और एक बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना बनायी थी। सिरम मौजा में सेना की कब्जे वाली जमीन 2018 मे रजिस्ट्री करायी गयी

## विवादित भूमि के सौदे में विष्णु अग्रवाल का पुराना नाता

विष्णु अग्रवाल बंगाल के झालदा के मूल निवासी हैं। विवादित भूमि का सौदा करने का इनका पुराना इतिहास है। फरवरी 2018 में उन्होंने महुआ मित्रा और संजय कुमार घोष से 3.75 एकड़ जमीन 24 करोड़ 37 लाख 72 हजार 780 रुपये में खरीदी। यह सिरमटोली चौक पर है। इसका एक सिरा ओल्ड एचबी रोड को छूता है, तो दूसरा सिरा क्लब रोड को। यह जमीन भारतीय सेना के कब्जे में है। इसी तरह उन्होंने नामकुम अंचल के मौजा पुगडू में भी 9.30 एकड़ खासमहाल की जमीन खरीदी थी। जमीन के दस्तावेज जाली थे और जांच के आदेश दिये गये थे।

### 2020 में पुगडू सहित तीन जमीन मामले के लिए एसआइटी गठित

न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल द्वारा नामकुम के मौजा पुगडू में खरीदी गयी 9.30 एकड़ खासमहाल की जमीन समेत तीन विवादित जमीन मामलों की जांच के लिए भू-राजस्व विभाग द्वारा विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया गया था। एसआइटी ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट दिसंबर 2020 में सौंपते हुए सरकार से एक माह का अतिरिक्त समय मांगा था। एसआइटी का नेतृत्व उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक ए मुथु कुमार कर रहे थे। टीम में उनके अलावा तत्कालीन राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार की अपर सचिव सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, संयुक्त सचिव अभिषेक श्रीवास्तव और अवर सचिव मधुकांत त्रिपाठी सदस्य थे। इस जमीन को न्यूक्लियस मॉल के स्वामी विष्णु अग्रवाल खरीदा था।

पुलिस हाउसिंग कॉलोनी और नगड़ी जमीन मामले की भी जांच

एसआइटी को बिल्डर विष्णु अग्रवाल द्वारा खरीदी गयी जमीन के अलावा पुलिस हाउसिंग कॉलोनी, नगड़ी अंचल के पुंदाग में विवादित जमीन की खरीद-बिक्री की भी जांच का जिम्मा सौंपा गया था। मुख्यमंत्री सचिवालय में शिकायत की गयी थी कि सरकारी कर्मचारी और भू-माफिया मिल कर जमीन के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस शिकायत पर जांच के आदेश दिये थे, लेकिन सरकार ने एसआइटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले को ठंडे वास्ते में डाल दिया। वहीं पूरे मामले में विधि विभाग का भी मंतव्य मांगा गया था। विभाग को विधि विभाग का मंतव्य मई 2022 में मिल गया, लेकिन मामला अभी भी लटका हुआ है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्तिथियों में काफी बदलाव होगा, सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा। |
| वृष | रुके हुए कार्यों में तेजी आयेगी, नवीन योजना बनेगी, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | उत्साह उमंग भरा होगा, पदोन्नति और व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी। |
| कर्क | अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है। |
| सिंह | मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी, धन लाभ होगा। |
| तुला | नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना हो सकता है। |
| वृश्चिक | संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, पुरानी परेशानी से छुटकारा। |
| धनु | चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग। |
| मकर | आमदनी के साधनों में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। |
| कुंभ | कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें। |
| मीन | सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना। |

## ओमप्रकाश ने यूजीसी नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया



**रांची।** ओम प्रकाश महतो ने पहले प्रयास में ही यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। ओम प्रकाश ने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा/साहित्य विषय में जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई किया है। अब इन्हें हर माह 35 हजार रुपये रिसर्च फैलोशिप मिलेगी। ओम प्रकाश रांची कॉलेज से स्नातक, छोटानागपुर लॉ कॉलेज से एलएलबी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी से मानव शास्त्र में एमए तथा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में भी एमए कर चुके हैं। ओम प्रकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता भुनेश्वर महतो, माता कौशल्या देवी, भाई भीमनाथ पटेल एवं चिंतामणि पटेल तथा शिक्षक डॉ बिनोद कुमार, डॉ अजय कुमार एवं प्रो सुशीला कुमारी को दिया है। रिजल्ट आने के बाद उन्हें कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटु महतो, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो, आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, तेली संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मदयाल साहू, कौमी तहरिक के अध्यक्ष आजम अहमद सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# पांडू के महादलित परिवार ने मुख्यमंत्री को दिखाया आईना, पट्टा लौटाया: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है। दीपक प्रकाश पलामू जिलांतर्गत, पांडू प्रखंड के मुरुमातु गांव से जबरन उजाड़े गये महादलित मुसहर परिवार द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त जमीन पट्टा की वापसी की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व पलामू में पांडू के मुरुमातु गांव में कई पीढ़ियों से निवास कर रहे महादलित समाज के 42 मुसहर परिवार निवास को अल्पसंख्यक समुदाय के दबंगों ने उजाड़ दिया। पर सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करती रही। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन हर किसी को प्यारी होती है, पर हेमंत सरकार में गरीबों, दलितों की जमीन लगातार छीनी जा रही है। कहा कि महादलित परिवार हर हाल में अपने पुश्तैनी गांव में ही रहना चाहता है, लेकिन यह सरकार उन्हें वोट बैंक के दबाव में विस्थापित ही रखना चाहती है। वहीं मुख्यमंत्री जी ने दूसरे गांव में बसने का पट्टा देकर यह साबित कर दिया कि राज्य सरकार दलितों की नहीं, दबंगों की हितैषी है। उन्होंने कहा कि भाजपा घटना के दिन से ही दलितों के साथ खड़ी है। उन्होंने दलित परिवार द्वारा पट्टा वापस करने की घोषणा पर कहा कि महादलितों ने सरकार को आईना दिखाते हुए उनका दलित विरोधी चेहरा उजागर किया है। राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए। कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करनेवाली सरकार दलितों के घर-द्वार को उजाड़ने में विश्वास करती है।

## भाजपा विधायक दल की बैठक 10 को

रांची। भाजपा विधायक दल की बैठक 10 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में होगी। 11 नवंबर को आयोजित विधानसभा के एक दिवसीय सत्र को लेकर यह बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक को लेकर पार्टी के सभी विधायकों को सूचना दे दी गयी है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित रहेंगे।

# राज्य के 22वें स्थापना दिवस समारोह में शुरू होगी मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 22वें स्थापना दिवस समारोह में सरकार कई योजनाओं की शुरुआत करेगी। इसमें सीएम सारथी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और एकलव्य स्किल स्कीम योजना का शुभारंभ सरकार की तरफ से किया जायेगा। इंडस्ट्रियल पार्क एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी-2022, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2022 और झारखंड एथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी- 2022 को भी इसी दिन लांच किया जायेगा।

बता दें, इस बार स्थापना दिवस का मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जायेगा। समारोह तीन घंटे का होगा। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त होगा। इस दिन सरकार की तरफ से पांच हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और



शिलान्यास करने की योजना है, जिसमें चार नयी योजना और तीन सरकार की नयी नीति है। राज्य सरकार की तरफ से लाभुकों के बीच दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। एक हजार से ज्यादा नव चयनितों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। झारखंड की कला संस्कृति, गीत संगीत और नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री राहत योजना के पोर्टल की भी लॉन्चिंग करेंगे।

## कैबिनेट की बैठक 10 को

रांची। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 10 नवंबर को बुलायी गयी है। गुरुवार को होनेवाली यह बैठक दिन के दो बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित होगी। कैबिनेट की बैठक के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिये हैं। उसने सभी विभागों को पत्र लिख कर कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव रखने के लिए संलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में राज्य के संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए पॉलिसी लाने पर निर्णय लिया जा सकता है। हाल में राजस्थान सरकार ने भी इस तरह की एक नीति लागू की है, उसी तर्ज पर झारखंड में भी संविदा कर्मियों को नियमित करने पर निर्णय हो सकता है। लंबे समय से संविदा कर्मी इसकी मांग भी कर रहे थे। कैबिनेट बैठक में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों के डीए वृद्धि पर भी निर्णय हो सकता है। इसके अलावा राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर के अवसर पर मुख्यमंत्री नयी योजनाओं की घोषणा करेंगे। इसलिए यह संभव है कि कैबिनेट से पहले उसकी मंजूरी ली जाये। कैबिनेट में इसके अलावा सड़क निर्माण सहित एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी। कैबिनेट की बैठक में 11 नवंबर को विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाने की भी मंजूरी दी जायेगी। इस दिन झारखंड की नयी स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पर चर्चा करायी जायेगी। उसी दिन इसे विधानसभा से पास कराने की संभावना है।

### जैक, सीबीएसइ और आइसीएसइ में पढ़ रहे 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी

# झारखंड बोर्ड के टॉपरों को मिलेगा लैपटॉप, फोन और तीन लाख का इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक), सीबीएसइ और आइसीएसइ में पढ़ रहे 10वीं और 12वीं कक्षा में छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी है। दरअसल, इस साल टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, स्मार्ट फोन और तीन लाख का इनाम दिया जायेगा। यह इनाम 10वीं और 12वीं के टॉप थ्री में आने वाले छात्र-छात्राओं को दिया जायेगी। इस बारे में प्रस्ताव तैयार करके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के लिए भेजा जायेगा। इसके बाद



इस पर कैबिनेट की मंजूरी ली जायेगी। बता दें कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग इस प्रस्ताव की तैयारी कर रहा है। वहीं जैक से शिक्षा विभाग ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के तीनों संकायों के टॉप थ्री में आने वाले छात्र-छात्राओं की लिस्ट मंगा ली है। इसके साथ ही सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड से भी ऐसे छात्र-छात्राओं की लिस्ट मांगी गयी हैं, जिन्होंने झारखंड में टॉप थ्री में जगह बनायी है।

## स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे स्टूडेंट

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो झारखंड सरकार, राज्य के स्थापना दिवस के दिन टॉपर्स को सम्मानित किया जा सकता है। अगर लिस्ट तैयार होने में देर होती है तो अलग से तारीख तय की जायेगी। उम्मीद है कि प्रति छात्र 50 से 60 हजार का लैपटॉप व 15 से 20 हजार का स्मार्ट फोन दिया जा सकता है।

## मिलेगी इतनी इनामी राशि

- 10वीं व 12वीं के पहले टॉपर : 3 लाख रुपये
- 10वीं व 12वीं के दूसरी टॉपर : 2 लाख रुपए
- 10वीं व 12वीं के तीसरे टॉपर : 1 लाख रुपये

# संवैधानिक संस्थाओं और भाजपा पर गलतबयानी के लिए सीएम हेमंत सोरेन माफी मांगें : मिसफिका हसन

> बिना तथ्य और सच जाने सार्वजनिक मंच से भाजपा पर आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता मिसफिका हसन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर खुद एक संवैधानिक पद पर आसीन रहते हुए भाजपा और केंद्र की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनके द्वारा की जा रही लगातार गलतबयानी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात कही है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता मिसफिका हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बीजेपी की स्टीकर लगी गाड़ी से आयकर की टीम द्वारा छापामारी का आरोप लगाया जा रहा है, जो पूरी तरह से निराधार है। सीएम के शब्दों से भाजपा का हर सदस्य आहत हुआ है। संबंधित वाहन चालक ने खुद सामने आकर सारी स्थिति स्पष्ट कर दी है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अपनी जगह है, परंतु



सीएम जैसे एक जिम्मेवार और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा बिना तथ्य और सच जाने सार्वजनिक मंच से इस प्रकार का आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सीएम को सभी संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। जिस मंच से उन्हें राज्य की सवा तीन करोड़ की जनता के विकास और तरक्की की बात कहनी चाहिए, वहां से वह लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जो दुखद है। सीएम को बड़ा मन दिखाते हुए माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड की परिस्थिति किसी से छिपी नहीं है।

## 7-13 नवंबर के कार्यक्रम के लिए बीजेपी नेताओं की जिम्मेवारी तय

मिसफिका हसन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता की हिमायती है। बहू बेटियों की इज्जत के सवाल पर, जल जंगल जमीन के सवाल पर, खनिज संपदाओं की लूट के विरोध सहित तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर पार्टी ने 7 से 13 नवंबर तक प्रखंड स्तर पर राज्यव्यापी प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया है। 263 प्रखंडों में पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। इसमें पार्टी के द्वारा सभी प्रखंडों में पार्टी के नेता नेतृत्व कर राज्य सरकार के कुकर्मों की पोल खोलेंगे। राज्य में ठप पड़े विकास के साथ-साथ प्रखंड की स्थानीय समस्याओं को लेकर भी पार्टी हल्ला बोल करेगी। इसके लिए पार्टी के प्रमुख नेताओं की जिम्मेदारी तय कर ली गयी है, जो आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश 7 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड में, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी रांची के कांके और गिरिडीह के गांडेय, बेंगाबाद, तिसरी एवं धनवार में अलग-अलग दिन आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला में, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू खलारी में, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय नगड़ी और सिमडेगा में, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा राहे में, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समीर उरांव लोहरदगा जिले के कैरो में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा जिला के जयनगर और गिरिडीह में, पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की मेयर आशा लकड़ा को गुमला प्रखंड में प्रवास और नेतृत्व की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसी प्रकार प्रदेश के पदाधिकारियों, कोर कमेटी के सदस्यों, सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, वरिष्ठ नेताओं, सभी मोर्चा के प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों के नेतृत्व और प्रवास की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इस दौरान प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और तारिक इमरान भी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers | YouTube Channel | Subscribe NOW | No.1 Channel




# कारोबारी पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में अज्ञात अपराधियों ने कारोबारी को अपना निशाना बनाया है। शनिवार देर रात अपराधियों ने कारोबारी विश्वजीत कुमार सिंह पर गोली चलायी। इस हमले में कारोबारी बाल-बाल बच गये। सिर्फ उनके हाथ में हल्की चोट लगी है। यह मामला राजधानी के कांके थाना क्षेत्र के आइटीबीपी कैंप के पास शनिवार की देर रात हुई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है।

### बाइक सवार अपराधियों ने किया हमला

जानकारी के मुताबिक, कारोबारी विश्वजीत कुमार सिंह ने हाल में ही एक रेस्टोरेंट खोला है। वह अपने ही रेस्टोरेंट से लौट रहे थे। बाइक सवार अपराधियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसके बाद विश्वजीत ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

## बाल नोचे-दांत तोड़ा, सीएम के संज्ञान में आने पर हुई कार्रवाई

# 11 साल के बच्चे से अमानवीयता आरोपी मां और बेटा गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रांची पुलिस ने बच्चे के साथ जानवरों से भी बदतर सुलूक करने वाली महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्यमंत्री के संज्ञान लेने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



दरअसल, रांची के अरगोड़ा का यह मामला है। 1 नवंबर को 11 वर्षीय बच्चा अरगोड़ा पुलिस को रात को सड़क पर मिला था। पुलिस ने बच्चे को सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया था, क्योंकि वह बुरी तरह सहमा हुआ था। काउंसिलिंग के बाद बच्चे ने अपनी आपबीती सीडब्ल्यूसी को बतायी थी। सीडब्ल्यूसी ने रांची एसएसपी को मामले में कार्रवाई का आग्रह किया था और बाद में मुख्यमंत्री ने भी इस मामले में संज्ञान लिया।

मामले में अनुसंधान और बच्चे की गवाही के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला भागीरथी देवी उर्फ भारती साहू और महिला के बेटे अजीत भारती को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में महिला ने पुलिस को बताया कि बच्चे की नानी और मामी को दो बार में उसने 10 हजार रुपये दिये थे थे। हालांकि, मारपीट की बात पर महिला कई तरह के बहाने बनाने लगी।

सीडब्ल्यूसी की कांउसिलिंग में बच्चे ने बताया है कि वह अरगोड़ा इलाके स्थित एक घर मे करीब चार-पांच साल से रहता था। यहां उसे पढ़ाई-लिखाई कराने के नाम पर लाया गया था, लेकिन उसके साथ घर में जानवरों की तरह व्यवहार किया जाता था। मारा-पीट की जाती थी। बाल उखाड़ दिये गये और दांत भी तोड़ दिये। जब सीडब्ल्यूसी ने बच्चे के शरीर पर जख्मों को देखा तो कोई भी शरीर का ऐसा हिस्सा नहीं था, जहां चोट के निशान न हों। इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष जय शाह ने साझा की थी। उन्होंने बताया था कि अरगोड़ा इलाके में ही कोई भारती फैमिली है। उसने बच्चे के साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया है। फिलहाल, आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पांच साल बाद फिर 380 मिडिल स्कूल बनेंगे हाइस्कूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने दी स्वीकृति

**रांची।** झारखंड में पांच साल के बाद 380 माध्यमिक विद्यालयों को हाइस्कूल में अपग्रेड किया जायेगा। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने उक्त स्कूलों को अपग्रेड करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अपग्रेड हाइस्कूलों में 2023-24 शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में वर्ष 2009-10 में मिडिल स्कूलों को हाइस्कूल में अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। वर्ष 2016-17 के बाद से यह प्रक्रिया बंद थी। पांच वर्ष बाद स्कूलों को फिर से अपग्रेड किया गया है। जिन मिडिल स्कूलों को हाइस्कूल में अपग्रेड किया गया है, उनमें उत्कृष्ट विद्यालय के लिए चयनित स्कूल, प्रखंड स्तर के स्कूल और आदर्श विद्यालय के तहत चयनित सौ या उससे अधिक नामांकनवाले स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा अनुशंसित 109 और शिक्षा मंत्री के निर्देश के आलोक में अपग्रेड किये गये 24 स्कूल भी शामिल हैं। अपग्रेड किये जाने वाले मिडिल स्कूलों में अब नौवीं और 10वीं की पढ़ाई होगी।

# झारखंड प्रोफेशनल कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा प्रोफेशनल जोड़ो कार्यक्रम चलायेगी : आदित्य विक्रम जायसवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन, रांची में भारत जोड़ो- प्रोफेशनल जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक हुई। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के साथ साथ हेल्थ कैंप, गाइड्स एंड काउंसलिंग, लॉ कैंप, वार्ड स्तर पर ज्वाइनिंग, सोशल मीडिया एवं प्रोफेशनल पदाधिकारियों की जिम्मेवारी संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रहे भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम संगठन और राष्ट्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।




इस कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रोफेशनल कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा प्रोफेशनल जोड़ो कार्यक्रम चलायेगी। उन्होंने प्रोफेशनल कांग्रेस पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि प्रदेश एवं जिला, प्रखंड, वार्ड में कहीं भी संगठन द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा भावना से ही प्रोफेशनल कांग्रेस जानी जाती है। इस कड़ी में पूर्व की तरह हर तीसरे चौथे सप्ताह में हेल्थ कैंप लगाने, प्रोफेशनल कांग्रेस आपके द्वार, स्वास्थ शिक्षा रोजगार पर भी गाइड्स एंड कांसिलिंग कैंप इस माह नवंबर प्रारंभ किया जायेगा।

बैठक में प्रोफेशनल कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गयी, जिसमें हैल्थ कैंप के लिए सुयश सिन्हा को कॉर्डिनेटर, को कॉर्डिनेटर ख्याति मुंजाल, जेपीसीएस कॉर्डिनेटर विद्याकर, पोस्टर बैनर कॉर्डिनेटर संजीत महतो, भुवनेश ठाकुर, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, महिला स्वरोजगार कोडिनेटर ख्याति मुंजाल, पॉलिटिकल वार्ड में कृष्ण सहाय, सोशल मीडिया के लिए एलन जूनेट को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। रांची लोक सभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में मुख्य रूप से ख्याति मुंजाल, भुवनेश ठाकुर, जीनत एंड्रो, विंध्याकर कुंवर रांची महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय रांची ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो योगेंद्र सिंह बेनी अरुण कुमार सिंह राज अनिल सिंह राजेश चौरसिया राजेश नायक एलान इंट्रो अमरजीत सिंह विकास सिंह सोनू सिंह आशुतोष पाठक आदि उपस्थित थे।

## आरजेडी युवा मोर्चा की बैठक

# विधानसभा चुनाव की तैयारी पर जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### दिलीप सिंह को रांची जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश मुख्यालय में युवा मोर्चा की बैठक हुई। इसमें सदस्यता अभियान पर चर्चा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बता दें कि 13 नवंबर को युवा मोर्चा ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश, जिला और महानगर की बैठक बुलायी है। बैठक में जिला से लेकर बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान पर चर्चा की जायेगी। इसी के साथ संगठन से युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

### गांव तक ले जायेंगे आरजेडी की विचारधारा: रंजन यादव

आरजेडी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि आनेवाले समय में राजद की विचारधारा को गांव तक ले जाने का निर्णय लिया गया है। हमारे युवा नेता तेजस्वी यादव के कामकाज से झारखंड के युवाओं को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार झारखंड के सभी जिलों में है। इसी को ध्यान में रखते हुए 24 जिलों का दौरा किया जायेगा। साथ ही बूथ कमेटी बना कर अगले चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को दिया जायेगा। रंजन यादव ने कहा कि प्रदेश से प्रखंड तक सभी पदाधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें। इसका प्रतिवेदन हर माह प्रदेश कार्यालय में लिखित रूप से जमा करें। सभी घरों में राजद का झंडा लगाने का अभियान चलाया जायेगा।

### भावी प्रत्याशी लिखने को लेकर दी गयी चेतावनी

वहीं बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि बैनर, पोस्टर और व्हाट्सएप में भावी प्रत्याशी नहीं लिखा जाये।

# शहीद नादिर अली और जय मंगल को मरणोपरांत झारखंड रत्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 1857 के शहीद नादिर अली खान- जय मंगल पांडे को मरणोपरांत झारखंड रत्न और डाक्टर मीना सिंह, शबनम हाशमी, अर्जुन सिंह शंकर,कानिज फातिमा आदि को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली इकाई के अध्यक्ष विजय कुमार रवि की सर्वसम्मति से घोषणा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के आसाम, हैदराबाद, बंगाल उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों के सदस्यों ने हिसा लिया। स्वागत भाषण डॉ नदीम अहमद ने, विषय परिवेश और समिति के कार्य को विस्तार से राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद ने, अध्यक्षता साहिल नाथ महराज ने की। धन्यवाद ज्ञापन दिल्ली के संरक्षक डॉ टीए सिद्दिकी ने किया। मुख्य रूप से नसीमा बाणों, विजय कुमार रवि मौजूद थे।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड प्रदेश की एक दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला

# शैक्षिक कार्यशाला में उभरे विचार: देश बदलना है, तो शिक्षा बदलो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड प्रदेश द्वारा एक दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक कार्यशाला ए आर एस. पब्लिक स्कूल, बोकारो इस्पात नगर में संपन्न हुई। इसमें देश बदलना है तो शिक्षा बदलो पैटर्न पर न्यास की स्थापना, उद्देश्य, कार्य तथा विभिन्न संगठनात्मक बिंदुओं पर गहन चिंनन मंथन किया गया। बैठक में झारखंड प्रांत टीम के सदस्य सहित विभिन्न जिलों के संयोजक एवं सहसंयोजक तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गयी।

बैठक में न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने न्यास की स्थापना, उद्देश्य, आवश्यकता तथा न्यास के कार्य के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि न्यास की स्थापना 2004 में की गयी थी। 2004 से 2007 तक संघर्ष का कालखंड था शिक्षा बचाओ आंदोलन के रूप में तथा 2007 में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का पंजीकरण किया गया था। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था एवं न्यायालय की भाषा जनसामान्य की भाषा में होनी चाहिए। देश की पूरी प्राथमिक शिक्षा जनसामान्य की भाषा यानी अपनी क्षेत्रीय मातृभाषा में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्णता भारत केंद्रित शिक्षा नीति है, जिसमें चरित्र एवं व्यक्तित्व पर जोर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि वैदिक गणित भारत की अनुपम देन है। चरित्र निर्माण आज की सबसे बड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने आगामी 17, 18 और 19 नवंबर को दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय ज्ञानोत्सव में शामिल होने के लिए कुलपतियों, कुलसचिवों, निदेशकों, प्राध्यापकों सहित सभी शिक्षाविदों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि जब देश का प्रधानमंत्री प्रधान सेवक हो सकता है तो सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारी को भी लोकसेवक बनने में क्या हर्ज है?




इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि भारत सनातन पुरातन राष्ट्र है, जहां की शिक्षा व्यवस्था की गौरवशाली परंपरा का इतिहास रहा है। विभिन्न आक्रमणकारियों के दमन के परिणाम स्वरूप भारत की श्रद्धा के केंद्र एवं श्रद्धा का हनन किया गया। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन ज्ञान परंपरा सूर्य की तरह देदीप्यमान है, पाश्चात्य शिक्षा केवल दीये की तरह ही है। उन्होंने भारत के प्राचीन नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला विश्वविद्यालय के उदाहरण देते हुए कहा कि उस वक्त नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में 90 लाख से अधिक किताबें थीं, जिससे प्रतीत होता है कि भारत की सनातन ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे समृद्ध ज्ञान परंपरा थी। उन्होंने कहा कि भारतीय को हीन भावना से ग्रसित करने के लिए यूरोप केंद्रित शिक्षा व्यवस्था भारतीयों के ऊपर थोप दी गयी थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था मैन मेकिंग की जगह मनी मेकिंग का साधन मात्र बन बैठी है। अंग्रेजी भाषा गुलामी का प्रतीक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत केंद्रित शिक्षा व्यवस्था पर न केवल जोर देती है ,बल्कि मनुष्य के लिए आवश्यक सभी गुणों से ओतप्रोत योग्य नागरिक निर्माण करने की दिशा में सबसे कारगर व्यवस्था उपलब्ध कराने में सक्षम होगी। भारत केंद्रित शिक्षा व्यवस्था व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की बात करती है तथा विश्व को एक परिवार के रूप में मानते हुए सेवा भावना से परिपूर्ण करती है। आज भारत संस्कृति, संस्कार एवं चरित्र संपन्न योग्य नागरिक बनाने वाली शिक्षा व्यवस्था को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

बैठक में विषय प्रवेश राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्य सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना ही होगा। मां, मातृभूमि तथा मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ड्राफ्ट के बारे में व्यापक जानकारियां साझा की तथा इसे हर हाल में लागू करने कराने की भी अपील की। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की प्रांत अध्यक्ष सह झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सविता सेंगर, न्यास के प्रांत संयोजक अमरकांत झा, सहसंयोजक महेंद्र सिंह, कोयलांचल विवि के कुलपति डॉ सुखदेव भोय, एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ रमन कुमार झा, कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर अंजनी कुमार श्रीवास्तव, प्रो रंजीत प्रसाद, डॉ रामकेश पांडे, अखौरी गोपाल जी सहाय, डॉ कविता परमार, डॉ ललिता राणा, डॉ बालेश्वर नाथ पांडे, प्रो एम के सिंह, विश्वजीत पात्रा, दयाल कुमार ईश्वर, प्रो श्रीधर बी दंडीन, डॉ राधा माधव झा, डॉ अशोक अस्थाना, प्रो अमित गुप्ता, डॉ पियूष रंजन, डॉ भारद्वाज शुक्ल, कल्याण नारायण पाठक, डॉ ओम प्रकाश सिंहा, डॉ मार्कंडेय पांडेय, डॉ बिना झा, डॉ निरुपमा कुमारी, डॉ भगवान पाठक, डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ सुनील झा, डॉ सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर रांची पुलिस अलर्ट



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही हैं। झारखंड स्थापना दिवस पर होनेवाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची पुलिस हाई अलर्ट पर है। मुख्य सचिव, डीजीपी से लेकर रांची एसएसपी तक हर दिन राष्ट्रपति के आगामी दौरे को लेकर बैठक कर रहे हैं और अपनी प्लानिंग को अंतिम रूप दे रहे हैं। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची पुलिस अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है। राजधानी रांची में जहां-जहां राष्ट्रपति का कार्यक्रम होना है, वहां की सुरक्षा अभी से ही पुख्ता कर दी गयी है। रांची के मोरहाबादी मैदान में भी राष्ट्रपति का एक कार्यक्रम आयोजित होना है। ऐसे में अभी से ही कार्यक्रम स्थल पर एक इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी की तैनाती कर दी गयी है, जो लगातार मोरहाबादी मैदान पर नजर रखे हुए है। वहीं पंडाल निर्माण में लगे मजदूरों को बिना पहचान पत्र के वहां आने की इजाजत नहीं दी गयी है। टेंट लगाने वाले को यह निर्देश दिया गया है कि वह बिना पहचान पत्र के अपने कर्मचारियों को मोरहाबादी मैदान में काम करने के लिए ना भेजें। कार्यक्रम स्थल में जो भी मजदूर काम करने आ रहे हैं, प्रॉपर चेकिंग करके ही उन्हें पंडाल में काम करने दिया जा रहा है

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण




रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी ने पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन परिसर में रविवार को 57वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरित किया। भंडारा संस्था के सदस्य ओमप्रकाश लता केडीया एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। मौके पर संस्था के ओमप्रकाश लता देवी केडिया, उनके पुत्र निरंजन, अजय, संजय केडिया पुत्रवधू शोभा, कोमल एव अनामिका केडिया और उनके परिवार के सौजन्य से अपने पूर्वजों की स्मृति श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पवन पोद्दार (ताउ) ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। प्रसाद भंडारे की सेवा में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी मनीष जालान, विष्णु सोनी, नवल टिबडेवाल, नंद किशोर चौधरी, निर्मल बुधिया, ज्ञान प्रकाश शर्मा, शिवभगवान अग्रवाल, मनीष सोनी,विशाल जालान, पवन पोद्दार, शंकरलाल मोदी, हरी सोनी, किशन सोनी, करण सोनी, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु महिला समिती की रमा बाई डोकानिया, उषा मोदी, सुनीता अग्रवाल,उर्मिला पाड़िया, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### पार्षद रंजू सिंह ने वार्ड 11 में किया कंबल वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में झारखंड सरकार द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत वार्ड 11 के लोग पार्षद रंजू सिंह द्वारा इस योजना के तहत कई तरह के लाभ ले रहे हैं। वार्ड 11 की पार्षद रंजू सिंह ने बुजुर्ग और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। वितरण वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में किया गया। मौके पर पार्षद रंजू सिंह ने कहा कि वार्ड 11 की कुछ बस्तियों में काफी बुजुर्ग, कमजोर और जरूरतमंद लोग रहते हैं। ऐसे में शीतलहर और ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण कर रही हूं, ताकि लोग रात्रि में राहत महसूस कर सकें। कंबल वितरण में पूर्व पार्षद अभय सिंह, मुजीब कुरैशी, सबनम मुजीब, पार्षद सहयोगी सदाम कुरैशी, फरहाद कुरैशी, मुमताज, अफजल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घासी समाज को आदिवासी का दर्जा मिले: विजय शंकर



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने ई-मेल के जरिये प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा को स्मार पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि अगर झारखंड में घासी समाज को आदिवासी का दर्जा नहीं दिया गया तो झारखंड में व्यापक रूप से आंदोलन किया जायेगा। इसकी जिम्मेवारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की होगी। कहा कि झारखंड राज्य का घासी समाज वर्तमान में अनुसूचित जाति झारखंड के पुराने आदिम जनजाति में से एक है। घासी समाज पूर्व से ही जनजातीय समाज रहा है। इसकी भी अपनी परंपरा और संस्कृति रही है। आज झारखंड में यह समाज आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सबसे कमजोर समाज की गिनती में आता है। कहा कि आजादी के बाद 1950 की अनुसूचित जाति जनजाति की अधिसूचना की सूची में बिना कारण बताये घासी जाति को जनजाति की सूची से निकाल कर(अनुसूचित जाति) बना दिया गया। यह इस समाज वर्ग के लोगों के साथ अन्याय है। कहा कि झारखंड में इस समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में रखने की दिशा में अग्रसर कार्रवाई की जाये, अन्यथा यह समाज अपने ऊपर हुए अन्याय के खिलाफ तथा अनुसूचित जनजाति की सूची में आने के लिए संघर्ष के साथ-साथ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### जन समस्याओं को लेकर कमेटी का गठन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लोहारा कोचा स्थित आनंद विहार कॉलोनी में रविवार को जन समस्याओं को लेकर एक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता वार्ड 18 के पार्षद आशा देवी गुप्ता के नेतृत्व में हुई। वहीं इस बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश गुप्ता छोटू भी शामिल थे। सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। आशा देवी गुप्ता ने समस्याओं का जल्द निदान करने का आश्वासन दिया। जन समस्याओं को लेकर एक कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें बृजमोहन वर्मा, पंप्पू वर्मा, कुमोद वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, सतीश वर्मा, रंजीत वर्मा, राजेश कांत, अमरेंद्र राठौर, अनिल राम को सदस्य चुना गया। इस बैठक में मुख्य रूप से केदार ठाकुर, मोती ठाकुर, त्रिलोचन गोस्वामी, लखन वर्मा, कृष्णा वर्मा, सरोज ठाकुर, दिलीप बर्मन सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु नानक देव का 553वां प्रकाश पर्व

# सतगुरु नानक परगटया मिट्टी धुंध जग चानन होआ...

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुनानक देव के 553वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत से पहले सुबह नौ बजे गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब को पुष्प पालकी में विराजमान कर प्रभातफेरी की शक्ल में पुष्प वर्षा कर गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह की अगुवाई में दीवान में सुशोभित किया गया। विशेष दीवान की शुरुआत सुबह 10 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सबना का मां प्यो आप है मां प्यो आप है... शब्द गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों द्वारा जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन सोहा... एवं गुण गावां नित तेरे... शब्द गायन किया गया तत्पश्चात हेड ग्रन्थी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी से जुड़े प्रसंगों को सुनाते हुए साध संगत से उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा।



प्रकाश पर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई बलविंदर सिंह जी रंगीला (चंडीगढ़ वाले) वाले ने प्रगट भई सगले जग अंतर गुर नानक की वडिआई... एवं सतगुरु नानक परगटया मिट्टी धुंध जग चानन होआ... एवं सुड़ों अरदास सुआमी मेरे... एवं भया अनंद जगत विच कल तारण गुर नानक आया... जैसे अनेक शबद गायन कर उपस्थित माहौल को नानकमय बना दिया। आनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दिन के 2:30 बजे विशेष दीवान की समाप्ति हुई।

इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुनानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व की समूह साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी एवं गुरु नानक देव जी को इंसानियत का मसीहा बताते हुए कहा कि उनकी स्वीकार्यता सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोगों में थी। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं हरविंदर सिंह बेदी ने सरोपा देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ ने अपने संबोधन में प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए गुरूनानक देव जी की महिमा का गुणगान किया।

विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद झामुमो नेत्री महुआ माजी ने प्रकाश पर्व में शामिल होने पर अपने को सौभाग्यशाली बताते हुए संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी। सत्संग सभा के हरविंदर सिंह बेदी ने सांसद संजय सेठ को सरोपा ओढ़ाकर एवं सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद झामुमो महुआ माजी को सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वार्ड 31 के पार्षद अशोक यादव एवं वार्ड 30 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता और पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने विशेष दीवान में हाजिरी भर गुरुग्रंथ साहिब को मत्था टेका। इस मौके पर गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को स्वर्गीय मुखी मोहन लाल मिड्ढा स्मृति अवॉर्ड, स्वर्गीय गुरमुख दास मिढ़ा स्मृति अवॉर्ड एवं स्वर्गीय विशाल मुंजाल स्मृति अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउड के प्रिंसिपल मनोहर लाल मिढ़ा, गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी के अध्यक्ष नरेश पपनेजा, डॉ अजय छाबड़ा, रमेश गिरधर, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा एवं उमेश मुंजाल ने बच्चों को अवार्ड प्रदान किया। दीवान की समाप्ति के बाद दिन के तीन बजे गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें फूलों से सजी सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया। नगर कीर्तन मेट्रो गली, रातू रोड, प्यादा टोली,महावीर चौक, शहीद चौक, शास्त्री मार्केट,सर्जना चौक, डेली मार्केट, चर्च कंपलेक्स एवं सुजाता चौक होते हुए रात 9 बजे पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचकर अरदास के साथ विसर्जित हो गया।

# ओबीसी को मिले 36 प्रतिशत आरक्षण: राजेंद्र प्रसाद

**सात जिलों में आरक्षण शून्य, आरक्षण रोस्टर में सुधार लाने की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को कोकर स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ओबीसी आरक्षण और स्थानीय नीति पर राजनेता अपने चाल और चरित्र बदलते रहे हैं, लेकिन मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी आरक्षण को लेकर लगातार संघर्षरत है। ओबीसी को 36 प्रतिशत आरक्षण देने और 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर स्थानीय नीति को परिभाषित करने की मांग को लेकर लगातार लंबे समय से मोर्चा आंदोलन और संघर्ष करते रहा है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत करके पहले की स्थिति में लाने का प्रयास किया है। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की, लेकिन ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने पर सवाल भी खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जातियों की आबादी को देखते हुए कम से कम ओबीसी को 36 प्रतिशत आरक्षण देने और यदि सरकार चाहे तो तमिलनाडु



सरकार की तरह 50 प्रतिशत आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार के पास भेज दी है। फिर आयोग की अनुशंसा को दरकिनार कर 27 प्रतिशत आरक्षण की बात क्यों की जा रही है

**सात जिले में ओबीसी का आरक्षण जीरो :** राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सात जिलों में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। इसमें खूंटी, सिमडेगा, गुमला, दुमका, चाइबासा, लातेहार शामिल हैं। पिछड़ी जातियों के आरक्षण को बढ़ाने से पहले इन जिलों में आरक्षण रोस्टर में सुधार लायें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ओबीसी को इन जिलों में आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि ओबीसी जातियों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति की पहले सर्वेक्षण और जनगणना करायी जाये, जिससे न्यायालय में ओबीसी आरक्षण को कोई चुनौती ना दे सके। प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि आबादी के अनुसार आरक्षण हो सकता है। इसके लिए ओबीसी का डेटा होना आवश्यक है। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये बिना पंचायत चुनाव कराने को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। प्रसाद ने कहा कि 1932 में पूरे राज्य में सर्वे नहीं हो पाया था। स्थानीय नीति को नियोजन नीति से हर हाल में जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे अधिकारी इसमें कोई खेल ना करें, जब तक स्थानीय नीति को नियोजन नीति से नहीं जोड़ा जाता, तब तक झारखंडी को कोई लाभ नहीं होगा।

**मूलवासी सदान के बिना झारखंड की कल्पना नहीं :** श्री प्रसाद ने कहा कि सदानों और और पिछड़ों को उनके अधिकारों से वंचित कर झारखंड राज्य कभी खुशहाल हो नहीं सकता है। मूलवासी सदान अलग राज्य के आंदोलन में साथ न दिया होता तो झारखंड राज्य कभी भी बन नहीं सकता था।

संवाददाता सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी एवं मोर्चा के सलाहकार, नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद, मोर्चा के महेंद्र ठाकुर, अधिवक्ता रविंद्र कुमार, विशाल कुमार सिंह, ब्रज भूषण पाठक, मो हुसैन अंसारी, इरफान अंसारी, गौरव अग्रवाल अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बीएफसी मुंबई ने जीता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजेंद्र यूनाइटेड गेतलसूद द्वारा आयोजित 17वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बीएफसी मुंबई ने जीत लिया। रविवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये उद्घाटन मैच में मुंबई ने संत इग्नाशियुस स्कूल गुमला को बेहद रोमांचक मुकाबले में 4-3 गोल से पराजित किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आयोजन समिति के संरक्षक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा नेता पारसनाथ भोगता थे। विजेता टीम के गोलकीपर सौरव कांत को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रदान किया। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभा को सामने आने का मंच मिलता है। आयोजन समिति को इसके लिए बधाई। इस मौके आयोजन समिति के अध्यक्ष



राजेंद्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेंद्र कुमार, महाप्रबंधक सागर साहू, सचिव अनिल कुमार चौधरी, प्रबंधक संतोष सिन्हा, उमेश गोप, उमेश गुप्ता, रामपोदो महतो, संजय नायक, प्रकाश यादव, शंकर बैठा, शिवदास गोस्वामी, राजन महतो, सुनील बांडो, सौरव कुमार महतो, वीरेन्द्र सिंह भोगता सहित अन्य उपस्थित थे।

### अकेले दम पर गोलकीपर सौरव कांत ने दिलायी जीत

मुंबई के गोलकीपर सौरव कांत ने अकेले दम पर अपनी टीम को जीत दिला दी। पूरे मैच में गुमला के सटीक आक्रमण को विफल करते हुए पांच निश्चित गोल को बचाया। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 से बराबरी पर था। पेनाल्टीशूट आउट में सौरवकांत ने गुमला के स्टार खिलाड़ी और कप्तान हर्षित बाड़ा व राजू हांसदा के गोल को बचा लिया। इससे टीम 4-3 से जीतने में सफल रही। जगरनाथपुर के बंटी कुजूर व गुमला के राजकिशोर को येलो कार्ड दिखाया गया।

**आज सात नवंबर का मैच-** वर्तमान चैंपियन हेहल स्पोटिंग रांची बनाम टाटीसिलवे एफसी, समय 2:30 बजे।

### ठगी का नया तरीका, निकाले दो लाख

# वॉल पर लिखे हेल्पलाइन पर किया फोन, तो रिसीव किया साइबर ठग ने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर चौक स्थित टाटा इंडिकैश एटीएम में धनबाद से आये व्यक्ति का डेबिट कार्ड फंस गया। इसके बाद उन्होंने वॉल पर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया, तो अकाउंट से 2 लाख रुपये की अवैध निकासी हो गयी। साइबर अपराधियों ने पीड़ित व्यवसायी को झांसे में लेकर मदद करने की बात कहते हुए पासवर्ड डलवाया और पुश बटन प्रेस कराकर 2 लाख की अवैध निकासी कर ली। पीड़ित व्यवसायी का नाम सरफराज अहमद है और वह धनबाद के भुलीनगर के रहने वाले हैं। सदर थाना में पीड़ित व्यवसायी ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें बताया है कि 28 अक्टूबर को वे अपने व्यवसायिक कार्य से रांची पहुंचे थे। उन्हें 10 हजार की आवश्यकता हुई, जिसके बाद एटीएम खोजते हुए कोकर चौक के माहेश्वरी होटल के समीप पहुंचे। वहां टाटा इंडिकैश का एटीएम सेंटर दिखा, जिसमें से पैसा निकालने के लिए पहुंचे। हालांकि डेबिट कार्ड मशीन में फंस गया, जिसके बाद मदद के लिए आसपास में गार्ड को खोजा, लेकिन वहां कोई गार्ड ड्यूटी पर नजर नहीं आया।

**ठग ने फोन पर ही 2 बार पिन डालने को कहा, फिर भी समझ नहीं पाये :** सरफराज ने एटीएम रूम के वॉल पर लिखे हेल्पलाइन नंबर 7890062785 पर कॉल किया। फोन उठाने वाले ने मदद करने की बात कही। उन्हें कहा कि पिन इंटर कर पुश बटन दबाएं, कार्ड बाहर आ जायेगा। हालांकि उसके निर्देश को फॉलो करने के बाद भी डेबिट कार्ड मशीन से नहीं निकला। साइबर फ्रॉड ने दोबारा प्रोसेस करने को कहकर फोन काट दिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर 2 मैसेज आये। मैसेज से एक-एक लाख रुपये दो बार में निकासी किये जाने की जानकारी मिली। तब उन्हें एहसास हुआ कि वे ठगी के शिकार हुए हैं। वे तुरंत धनबाद पहुंचे और बैंक से अकाउंट को बंद कराया। व्यवसायी सरफराज ने पुलिस को यह भी बताया है कि उन्हें प्रेमसंस मोटर से एक कार खरीदनी थी। यही वजह है कि शो-रूम में जाने के लिए वे पैसा निकालना चाहते थे।

# रांची रिवोल्ट-जनमंच ने सपना के घर पहुंचकर साइकिल ट्रैकशूट, स्पोर्ट्स शूज, खाद्य सामग्री और नकद राशि दी

### सपना के सपने में पंख जरूर लगेंगे, उड़ान भरेगी : डॉ प्रणव कुमार बब्बू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सपना कुमारी को रांची रिवोल्ट-जनमंच के सदस्यों ने रविवार को साइकिल, ट्रैकशूट, स्पोर्ट्स शूज, खाद्य सामग्री और नकद राशि प्रदान की। इसके साथ ही घोर गरीबी में जीवन बसर कर रहे सपना के परिवार के सदस्यों को भी वस्त्र प्रदान किये गये। रांची रिवोल्ट-जनमंच के डॉ प्रणव कुमार बब्बू, सुजाता भकत, विजय दत्त पिंटू सहित अन्य सदस्य रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न में अनगड़ा के बोंगाई बेड़ा गांव में पहुंचे और उसका हौसला बढ़ाया।

रांची रिवोल्ट -जनमंच के सदस्य रविवार को रांची रिवोल्ट जनमंच के सदस्यों ने सपना के गांव बोंगाई बेड़ा गांव का दौरा किया। पतली कच्ची पगडंडी के सहारे ही पैदल चल कर वहां गये सभी सदस्य उस गांव में सपना के घर तक पहुंचे। सबसे पहले सपना एवं उसके परिवार के सभी सदस्यों को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही साइकिल, ट्रैकशूट, स्पोर्ट्स शूज, खाद्य सामग्री और नकद राशि भी प्रदान की गयी।




सपना के परिवार के सदस्यों को भी वस्त्र दिये गये। सपना के माता- पिता सहित सभी अभिभावकों एवं ग्रामीणों को भी इस अवसर पर माला पहना कर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व पुलिस अधिकारी रहीं एवं भारोत्तोलन में विश्व पुलिस एथलीट में सिल्वर पदक विजेता सुजाता भकत ने सपना को खेल से जुड़े कई टिप्स बताये और उसे प्रोत्साहित किया।

समाजसेवी सह रांची रिवोल्ट-जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने सपना को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इतने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में सदस्यों के पहुंचने एवं उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में शहनाज खातून, शबनम परवीन आदि का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू, सुजाता भकत, विजय दत्त पिंटू, संतोष, दीपक, सूरज कुमार सिन्हा, शहनाज खातून, शबनम परवीन, मनोज महतो, सूरज महतो, अनिता देवी, बलराम महतो, शिवन देवी, छोटेलाल महतो, अशोक महतो, सबिता देवी, पांथो देवी, बबीता देवी, जीतन देवी, शानू महतो, सनोज महतो, उमेश महतो, विजय महतो, रवि महतो, मुकेश महतो, मदन महतो, मोहन महतो, लाला महतो, बुधराम महतो, बबिता देवी, पूनम देवी, गायत्री देवी, अनिता देवी, आरती देवी, निशा कुमारी, मनीष महतो, जगदीश महतो उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने सेमिनार का आयोजन किया

# वैश्य काफी मेहनती, एकता से मिलेगा सम्मान : बन्ना गुप्ता

**वैश्य भी आंदोलनकारी, मिले पूरा अधिकार : संजय सेठ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में आज रांची के करम टोली चौक स्थित रांची प्रेस क्लब में एक सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार का विषय था- झारखंड राज्य निर्माण में वैश्य भूमि पुत्रों की भूमिका और उनकी वर्तमान स्थिति. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। सर्वप्रथम इस सेमिनार का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों- दिगंबर साह, अरुण कश्यप, हीरानाथ साहु, अश्विनी साहु, प्रमोद चौधरी, आनंद बिहारी, लखन अग्रवाल, नरेश प्रसाद, नीलम देवी आदि को अंग वस्त्र, स्मृति-चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज काफी मेहनत करने वाला समाज है। जमीन के धूल से भी सोना निकालने की क्षमता वैश्य समाज में है। आजादी की लड़ाई में भी वैश्य समाज की मुख्य भूमिका रही है। अलग राज्य बनाने के लिए भी वैश्य समाज संघर्ष किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमारे आदर्श हैं। वैश्यों को उप जाति भूल कर वैश्य बनना होगा। रोटी बेटी का संबंध बनाना होगा। लोकतंत्र में एकता और संगठन का बहुत महत्व होता है। अपने लोगों के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए. दहेज प्रथा बंद होनी चाहिए. विचारों को मजबूत करना होगा. तभी आपकी ताकत को लोग जान सकेंगे। हर अधिकार के लिए संघर्ष करते हुए आगे बढ़िये. मैं आपके साथ हूं।

रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि 22 साल किसी प्रदेश के लिए बहुत होता है. और दो प्रदेश अलग हुए थे. लेकिन आज हम कहाँ खड़े हैं. किसी भी आंदोलन में संसाधन हमारा समाज ही मुहैया कराता है, फिर भी इस समाज की अनदेखी की जाती है यह ठीक नहीं है. सभी राजनीतिक दलों का सोशल बेस वैश्य समाज ही है यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए अब लड़ अपना अधिकार लूटना होगा। वरिष्ठ पत्रकार विष्णु राजगढ़िया ने कहा कि केवल जेल जाने वाले ही आंदोलनकारी नहीं हैं, बल्कि आंदोलन में अपना किसी रूप में सहयोग करने वाले भी आंदोलनकारी हैं। वैश्य को कोई नेता नहीं बनाता, बल्कि वैश्य स्वयं अपने बूते नेता बनता है. समाज के लोगों को अपने लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में एक साजिश के तहत वैश्यों को अपमानित किया जाता है. हमारे योगदान और आंदोलन को दरकिनार करने की कोशिश की जाती है. अब ऐसा नहीं चलने दिया जायेगा। सेमिनार को रेखा मंडल, मोहन साव, संजीव चौधरी, अनंतलाल विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

### प्रस्ताव पारित

1) राज्य सरकार से मांग की जाती है कि झारखंड आंदोलन नायक डॉ वीपी केशरी, स्व. पूरनचंद, शहीद मणींद्रनाथ मंडल की विधानसभा परिसर में आदमकद प्रतिमा लगायी जाये तथा इनकी जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये।
2) राज्य सरकार से मांग की जाती है कि प्रखंड स्तरीय सर्वेक्षण करवा कर वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों की सूची तैयार की जाये और उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।
3) वैश्य समाज के समग्र विकास एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल प्रभाव से वैश्य आयोग का गठन किया जाये।
4) जनवरी माह में वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों की विस्तारित बैठक आयोजित की जायेगी।

इस कार्यक्रम में इंदु भूषण गुप्ता, रामसेवक प्रसाद, ढ़लन साव, इंदुभूषण गुप्ता, लक्ष्मण साहु, परशुराम प्रसाद, कपिल प्रसाद साहु, बीरेन्द्र कुमार, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अहीर रेजिमेंट मांग को लेकर प्रदेश यादव महासभा करेगा पूरे राज्य में कार्यक्रम

# 18 नवंबर को मनाया जायेगा रेजांगला युद्ध शौर्य दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश यादव महासभा द्वारा रविवार को रांची लेक गार्डन में एक बैठक का आयोजन कर रेजांगला के वीर शहीदों और अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा है कि 1962 का यह युद्ध हमारी वीरता एवं राष्ट्र के प्रति हमारे समाज के योगदान को प्रदर्शित करता है। बहादुर जवानों की याद में आगामी 18 नवंबर को हम पुनः रेजांगला युद्ध की गाथा को शौर्य दिवस के रूप में मनायेंगे। उन वीर जवानों में अहीर जवानों ने भी अपने जान न्योछावर किया था। लगभग 100 वर्ष से पुरानी अहीर रेजिमेंट की हमारी मांग आज भी अधूरी है। अहीर रेजिमेंट हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे। इस मांग को नयी धार देने के लिए इस बार देश के 500 ज़िलों के 5000 गांवों तक अहीर रेजिमेंट मांग के संदेश को भेजना है। इस बबत राष्ट्रीय अभियान के तहत रेजांगला से आयी मिट्टी को देश के कोने-कोने में भेजा जा रहा है। यह मिट्टी झारखंड भी आयी है। मिट्टी हर ज़िले में पहुंची है। झारखंड प्रदेश यादव महासभा के तत्वावधान में इस मांग के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में कार्यक्रम किया जाना है। प्रदेश यादव महासभा, झारखंड लगातार समाज से जुड़े जन मुद्दे को बुलंद करता रहा है। आप सबों के सहयोग से हमारी आवाज राष्ट्रीय स्तर पर गूंज रही है।

रामाशीष यादव ने कहा कि यह एक सामूहिक संघर्ष है। लड़ाई है। अतः समाज हित में आपका साथ अत्यंत जरूरी है। हम इस लड़ाई में आपके सामाजिक योगदान के लिए झारखंड के सभी जिलों के यादव समाज के लोग अपने जिला मुख्यालय में एकत्रित हो। कार्यक्रम में सभी सादर आमंत्रित हैं। एक सामाजिक एवं जागरूक व्यक्तित्व के तौर समाज को जन-जन का साथ चाहिए तभी हम अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सफल होंगे।

वहीं प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि झारखंड की धरती पर प्रदेश यादव महासभा द्वारा यादव शौर्य दिवस को उत्साह से मनाया जाये। शौर्य यात्रा निकाल कर हमें अपनी अहीर रेजिमेंट की मांग को बुलंद करना है और इसमें राज्य के सभी लोगों का सहयोग चाहिए। साथ ही समाज में दहेज रूपी कुप्रथा को बंद करना है एवं उच्च शिक्षा की ओर बच्चों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बैठक में यादव महासभा के पदाधिकारियों के साथ समाज के मुख्य रूप से जय सिंह यादव बनारस यादव सुनील, यादव चंदन यादव, संजय यादव और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चीन का जासूसी नेटवर्क सबसे तेज

चीन का जासूसी नेटवर्क दुनिया के सबसे तेज नेटवर्क में से एक है। चीन ने अपने कई जासूसों को अमेरिका के कई क्षेत्रों में छोड़ा हुआ है, जो चीन को अमेरिका की हर छोटी-बड़ी बात के बारे में जानकारी देते हैं। चीन ने अपने जासूसों को अमेरिकी विश्वविद्यालयों, पुलिस सेवा, सेना, फिल्म जगत, अमेरिकी थिंकटैंक, सीमा सुरक्षा समेत, अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, दवा बनाने की कंपनियों में भी नियुक्त कर लिया है। दरअसल चीन का एक सरल तरीका है, जिस पर वह आसानी से काम करता है। चीन किसी भी देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्ति को खरीदने के लिए उसे पैसों का भरपूर प्रलोभन देता है। इसके साथ ही चीन अपनी गुप्तचर सेवा में कार्यरत लोगों को विशेष प्रशिक्षण देकर अमेरिका सहित पूरी पश्चिमी दुनिया में जासूसी के लिए भेजता है। इनमें चीनी विद्यार्थियों से लेकर चीनी शोधकर्ता, विदेशी शोधकर्ताओं के सहायक, यहां तक कि महत्वपूर्ण कार्यालयों में काम करने वाले क्लर्क तक शामिल होते हैं। अपने जासूसों को चीन इन देशों में भेजने के लिए पहले उस देश के कानून की पूरी जानकारी लेता है, पुलिस प्रशासन, न्यायालय और दूसरे अहम विभाग कैसे काम करते हैं, इसकी जानकारी लेकर उसमें कमियां ढूंढता है, जिससे अगर चीन का कोई जासूस पकड़ा जाये, तो उसे कौन से कानूनी दांव-पेंच लगा कर छुड़ाया जाये। हाल ही में अमेरिका में दो तथाकथित चीनी खुफिया विभाग के अधिकारियों पर एक अमेरिकी जांचकर्ता को घूस देने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। यह अमेरिकी अधिकारी चीनी तकनीकी कंपनी ह्वावे कंपनी की आपराधिक मामले में संलिप्तता की जांच कर रहा था, जिसे इन दोनों चीनी अधिकारियों ने रिश्वत देकर उससे अंदर की जानकारी लेने की कोशिश की थी, लेकिन इन्हें अमेरिकी पुलिस ने धर-दबोचा और अब इन पर अदालती कार्रवाई चल रही है। इन चीनी गुप्तचर अधिकारियों पर अमेरिकी अधिकारी को नकद, आभूषण और डिजिटल मुद्रा में दसियों हजार डालर का भुगतान करने का आरोप लगा है, एफबीआइ के प्रवक्ता ने बताया कि इन चीनियों ने सोचा कि इन्होंने इतने पैसे देकर उसे अपना आदमी बना लिया है, लेकिन एफबीआइ में काम करने वाला वह एजेंट डबल क्रॉस निकला। इस मामले पर संवाददाता सम्मेलन में एफबीआइ प्रमुख के साथ न्याय विभाग के प्रमुख एक साथ मौजूद थे, ऐसा बहुत कम होता है। चीनी जासूसों के कारण अमेरिका कितना त्रस्त हो चुका है, वाशिंगटन लंबे समय से बीजिंग पर अमेरिकी राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा रहा है। साथ ही अमेरिकी रहस्यों और बौद्धिक संपदा की चोरी का भी आरोप लगाता रहा है, लेकिन मोटी चमड़ी के मक्कार चीनी अपनी छोटी आंखों और भावहीन चेहरे के साथ अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के उन सारे देशों में जासूसी का काम करते हैं, जो देश चीन के खिलाफ है या चीन के दुश्मनों का दोस्त है।

**चीन ने अपने जासूसों को अमेरिकी विश्वविद्यालयों, पुलिस सेवा, सेना, फिल्म जगत, अमेरिकी थिंकटैंक, सीमा सुरक्षा समेत, अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, दवा बनाने की कंपनियों में भी नियुक्त कर लिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिल्ली और पंजाब के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने गुजरात तथा हिमाचल में भी पैर पसारने की कोशिश शुरू कर दी है, जिस कारण तीन दशकों में पहली बार गुजरात में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र तथा गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने के कारण गुजरात के चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गये हैं।**

# चुनाव गुजरात और हिमाचल में लेकिन पूरे देश पर चढ़ा चुनावी रंग

विजय कुमार

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए 12 नवंबर को मतदान की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने गुजरात के लिए भी मतदान की तिथियां 1 और 5 दिसंबर घोषित कर दी हैं तथा दोनों ही राज्यों के चुनाव परिणाम 8 दिसंबर को एक साथ घोषित किये जायेंगे। दिल्ली और पंजाब के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने गुजरात तथा हिमाचल में भी पैर पसारने की कोशिश शुरू कर दी है, जिस कारण तीन दशकों में पहली बार गुजरात में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र तथा गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने के कारण गुजरात के चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गये हैं।

गुजरात के चुनाव जीतने की मंशा से ही भाजपा हाईकमान ने गत वर्ष मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और उनकी टीम के 22 सदस्यों से अचानक त्याग पत्र दिलवा कर पाटीदार समुदाय को रिझाने के लिए 16 सितंबर, 2021 को भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 24 नये मंत्रियों की टीम का गठन कर दिया था। भूपेंद्र पटेल कडवा पटेल हैं, जिनकी पाटीदार समुदाय में अच्छी पैठ है तथा इस समुदाय का राज्य की लगभग 71 सीटों पर प्रभाव है। इसीलिए कैबिनेट में मुख्यमंत्री सहित 7 मंत्री पटेल समुदाय से शामिल किये गये।

**हिमाचल प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस के 36 तथा भाजपा और आप के 12-12 प्रत्याशी आपराधिक छविवाले हैं।**

कांग्रेस गुजरात में 1995 से लगातार भाजपा के हाथों हारती आ रही है तथा इसकी झोली में इस समय केवल 2 ही राज्य छत्तीसगढ़ और राजस्थान रह गये हैं। अतः कांग्रेस के लिए गुजरात में करो या मरो की स्थिति पैदा हो गयी है।



**चुनाव आयोग हर बार की तरह इस बार भी गुजरात में गीर के जंगल में बाणेज नामक स्थान पर केवल एक मतदाता (जो यहां स्थित मंदिर के एक पुजारी महंत हरिदास हैं) के लिए मतदान केंद्र बनायेगा और वहां मतदान करवाने के लिए 15 अधिकारियों की टीम भेजी जायेगी।**

नये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए गुजरात तथा हिमाचल के चुनाव अग्नि परीक्षा के समान हैं, जबकि आप के लिए ये चुनाव अपनी राष्ट्रव्यापी पहचान बनाने की कोशिश का हिस्सा हैं।

चुनाव आयोग हर बार की तरह इस बार भी गुजरात में गीर के जंगल में बाणेज नामक स्थान पर केवल एक मतदाता (जो यहां स्थित मंदिर के एक पुजारी महंत हरिदास हैं) के लिए मतदान केंद्र बनायेगा और वहां मतदान करवाने के लिए 15 अधिकारियों की टीम भेजी जायेगी।

इसी प्रकार भरुच जिले के आलियाबेट इलाके में एक स्थान पर लगभग 200 मतदाताओं के लिए एक पोत कंटनेर में अस्थायी मतदान केंद्र बनाया जायेगा, ताकि उन्हें मतदान के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

प्रदेश में शियालबेट नामक एक द्वीप है जहां जाने के लिए चुनाव आयोग की टीम नौका का इस्तेमाल करेगी, क्योंकि मुख्य क्षेत्र से वहां तक पहुंचने के लिए कोई वैकल्पिक संपर्क माध्यम नहीं है।

प्रदेश में ओबीसी वर्ग से संबंधित और पूर्व लोकप्रिय टीवी एंकर एवं स्थानीय पत्रकार इसुदान गढवी को आप का मुख्यमंत्री फेस घोषित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि गुजरात ने अपना नया मुख्यमंत्री चुन लिया है। यहां बड़ा बदलाव होने जा रहा है।

दूसरी ओर गुजरात को लेकर एक ओपिनियन पोल सामने आया है, जिसमें भाजपा को 125-130 सीटें, कांग्रेस को 29-33 और आम आदमी पार्टी को 20-24 सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी है। चूंकि हिमाचल प्रदेश में चुनाव की तिथि गुजरात से काफी पहले घोषित कर दी गयी थी, इसलिए वहां के उम्मीदवारों आदि के संबंध में अधिक विवरण प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू किये जाने के बाद से अभी तक 20 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब, नकद राशि और ज्वैलरी आदि बरामद की जा चुकी है, जो मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटी जाने वाली थी। यही नहीं, प्रदेश में बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करके नष्टद्द की गयी है। हिमाचल में डाक द्वारा मतदान की प्रक्रिया 1 नवंबर को शुरू हो गयी और स्वतंत्र भारत के प्रथम मतदाता 106 वर्षीय श्याम सरण नेगी ने अपने घर कल्पा से पहली बार पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान किया।

हिमाचल प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस के 36 तथा भाजपा और आप के 12-12 प्रत्याशी आपराधिक छवि वाले हैं। प्रदेश में चुनाव लड़ रहे 55 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं, जबकि 2 उम्मीदवार अनपढ़ हैं। प्रदेश में चौपाल से भाजपा प्रत्याशी बलबीर वर्मा 128 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं, जबकि सरकाघाट से राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी की उम्मीदवार कैलाश चंद्र के पास मात्र 3000 रुपये की चल संपत्ति है और इनकी कोई अचल संपत्ति नहीं है।

प्रदेश में कांगड़ा जिला किंग मेकर की भूमिका अदा करता है। सबसे अधिक सीटें (15) होने के कारण जिस पार्टी को कांगड़ा से लीड मिलती है, राज्य में ज्यादातर उसी पार्टी की सरकार बनती है। इसके बाद मंडी (10 सीटें) तथा शिमला (8 सीटें) अधिक प्रभाव वाले जिले हैं।

हालांकि चुनाव तो गुजरात और हिमाचल में हो रहे हैं, परंतु सारे देश की नजर इन दोनों राज्यों पर ही टिकी है, जिनके परिणाम 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं के रुझान का कुछ संकेत अवश्य देंगे। अब यह देखना रोचक होगा कि इन प्रदेशों में चुनावी परिणामों का ऊंट किस करवट बैठता है।

# पंजाब के जनमानस में सुरक्षा की भावना के लिए कार्यवाही आवश्यक



सुखदेव वशिष्ठ

शुक्रवार को पंजाब के एक राजनीतिक दल शिवसेना (टकसाली) के नेता सुधीर सूरी की अमृतसर में दिन-दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गयी। यह घटना अमृतसर में गोपाल मंदिर के सामने हुई, जहां वो एक धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस हत्या करने के मामले में अब आतंकी कनेक्शन जुड़ गया है। कनाडा में बैठे भगोड़े खालिस्तानी आतंकी लखबीर लांडा ने सोशल मीडिया पर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आतंकी लखीबर ने फेसबुक पर लंडा हरिके अकाउंट से पोस्ट कर कहा है कि जो सिख कौम या किसी भी अन्य धर्म के बारे में बुरा बोलते हैं, वे सभी तैयारी रखें। सभी की बारी आयेगी। सिक्योरिटी लेकर यह ना समझें कि बच जाएंगे। अभी तो शुरूआत हुई है, हक लेना अभी बाकी है। पुलिस जांच कर रही है कि फेसबुक पोस्ट में कितनी सच्चाई है।धीर सूरी की मौत बीते महीनों में पंजाब में हुई हाई-प्रोफाइल हत्या का दूसरा मामला है।इससे पहले पॉप सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मई में हत्या कर दी गयी थी।

पंजाबियत केलिये चिंतित कई वरिष्ठ नेताओं ने जमीनी हकीकत को भांप कर पंजाब में 1980 के दशक के काले युग की वापसी के हालात बनने संबंधी सख्त ब्यान दिये हैं, जो कानून-व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या के 24 घंटे बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या के मामले में कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। मान ने कहा कि पुलिस ने हमलावर को पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गये आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा। इस घटना क्रम से कहीं न कहीं 1980 के दशक की याद आ रही है जब स्थिति बिगड़ गयी थी और उस दौर को देखने वाली पीढ़ी कहीं न कहीं अंदर से सिहर गयी है। इतने सारे पुलिसकर्मियों के साथ सार्वजनिक जगह पर उच्च सुरक्षा वाले किसी व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कैसे की जा सकती है?

सभी पंजाबी पांच दरिया की मिट्टी से ही बने हैं और उसी में सभी धर्म के लोगों ने मिल जाना है। हमारे मामले मे पाकिस्तान में बैठा चावला भी बोल रहा है और कनाडा मे बैठा पन्नू भी। वित्तीय सहायता भी गैंगस्टर को इनके द्वारा उपलब्ध करवाये जाने की बातें उठती रही हैं। पंजाब के ज्यादातर विधायक और मंत्री नये हैं और बदलाव के नाम पर जीत कर आये हैं। पंजाबियत के लिये बढ़िया नेता भी इस बदलाव के दौर मे निकल कर आये हैं, जो इस दिशा मे निरंतर सक्रिय हैं। लेकिन गाहे बेगाहे पुलिस और अन्य सरकारी कर्मचारियों से कुछ विधायकों के अनावश्यक रूप से उलझने के समाचार आ रहे हैं, चाहे जालंधर मे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से मारपीट का किस्सा हो, अवैध निर्माण को लेकर सरकारी कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव हो और अधिकारियों द्वारा सही होने पर भी माफी मांग कर छुटकारा करने के किस्से हों, हालात अभी बदलाव के असल मे आने केलिये समय की मांग कर रहे हैं।

लगभग 35000 साथियों की शहादत के बाद पंजाब मे शांति आयी थी। यह 35000 की संख्या बंधुओं की न हो कर परीवारों की है क्योंकि किसी ने अपना बेटा, किसी ने अपना भाई, पिता, माता खोये हैं और यह दर्द कभी भरा जा सकने वाला नहीं है। पंजाब की वर्तमान वित्तीय स्थिति मे भी कहीं न कहीं उसी काले दौर का हाथ है। हमेशा अग्रणी रहने वाला पंजाब 1980 के दशक से अब तक उबर नहीं पाया है, तो अबकी बार हालात बिगड़ने पर स्थिति की भयावहता का अंदाजा पंजाबियत सहज ही कर सकती है। कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह द्वारा खुलेआम हिंसा का प्रचार करने और अलगाववाद की भाषा बोलने पर भी को ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में सरकार को आम जनमानस सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला मुख्यालय में आजसू का महाधरना 17 नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का बैठक कदमा स्थित मंगल सिंह अखाड़ा में आयोजन किया गया। रविवार को जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में धन्यवाद ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा शामिल हुए। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया वर्तमान सरकार ने राज्य के सभी समुदाय के लोगो को धोखा देने का कार्य कर रही है। खासकर ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर एक तरफ वाहवाही लूट रहे है तो दूसरी तरफ उनके हक और अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। इसे आजसू पार्टी कतई बर्दास्त नही करेगी।



बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा आजसू पार्टी राज्य निर्माण के लिए पूर्व से लेकर आज तक संघर्स करते आरही है। नया इतिहास लिखने व गढ़ने का काम किया जा रहा है। उन्ही इतिहासों पर इस राज्य का निर्माण हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य है इस राज्य में वर्तमान सरकार वैसे लोगो को उनके अधिकार से वंचित रखने का प्रयास कर रही है। जो इस राज्य के विकास में सदैव बाधक बनेगा। उन्होंने कहा आगामी होने वाले निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए चुनाव में सीटो को आरक्षित करने के लिए समाजिक रूप से मजबूत होने व अपनी बातो को रखने व रोकने का प्रयास कर रही है। यह बात आजसू कतई बर्दास्त नही करेगी। इसके लिए आजसू पार्टी आगामी 17 नवंबर को जिला मुख्यालय पर महाधरना देंगे। उन्होंने कहा आजसू पार्टी पहली चेतावनी देने का कार्य करेगी साथ ही आंदोलन का भी आगाज करेगी। जिला प्रभारी प्रो रविशंकर मौर्या ने कहा राज्य सरकार महिलाओ के साथ अन्याय और अत्याचार कर रही है। आजसू पार्टी इस विषय पर सदैव गंभीर है। उन्होंने कहा पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर पूरे राज्य में महिलाओ के अधिकार के लिए संगठित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए पूरे प्रदेश में महिला सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया है। आगमी 20 नवंबर को आजसू का महिला जिला सम्मेलन किया जाएगा। इसकी भी पूरी तैयारी कर ली गयी है। सभी अनुसंगी इकाईयों का भी सम्मेलन और विस्तार करने का संकल्प भी इस वर्ष करने का पार्टी ने निर्देश दिया है। साथ ही आगमी 17 नवंबर को जिला मुख्यालय पर महाधरना, 20 नवंबर को आजसू जिला महिला सम्मेलन व सभी इकाईयों का संगठन विस्तार किया जायेगा। बैठक में चंद्रगुप्त सिंह, संजय मलाकार, मुन्ना सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक मंडल, शैलेश सिन्हा, देवाशिश चौधरी, विमल मौर्या, रेणु गुप्ता, लक्ष्मी देवी, अरूप मल्लिक,प्रवीन प्रसाद, उमाशंकर सिंह, निरंजन महतो,असीस नामता, हेमंत पाठक, धर्मवीर सिंह, संतोषी यादव, सोनू सिंह, संजय करुआ, चंद्रेश्वर पांडेय, क्रांति सिंह, ललित सिंह, हैरी एंथोनी, शेखर सहिस, राहुल कुमार मौजूद रहे।

# साकची में एटीएम कार्ड चोरी कर तीन लाख की अवैध निकासी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत बड़ौदा घाट निवासी संतोष कुमार सिंह के एटीएम से तीन लाख रुपए की निकासी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित संतोष कुमार शर्मा ने साकची थाने में एक मामला दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि रविवार 6 नवंबर की सुबह साकची गरमनाला के सामने केनरा बैंक के एटीएम से पैसा निकालने के लिए रुका. वहां एटीएम मशीन से किसी ने एटीएम कार्ड की चोरी कर ली, जिससे करीब तीन लाख रुपए निकाल लिया गया। उन्होंने पुलिस को दर्ज कराए गए शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर दोषी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# आजादी के बाद पहली बार बनेगी गदरा टुपुडांग मुख्य सड़क, विधायक मंगल कालिंदी ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के जमशेदपुर प्रखण्ड अंतर्गत गदरा टुपुडांग मुख्य सड़क आजादी के बाद से अब तक नहीं बनी थी। रविवार को उसका शिलान्यास वीर शहीद निर्मल महतो चौक गदड़ा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। गदड़ा पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ता और लोगों द्वारा विधायक मंगल कालिंदी का भव्य स्वागत किया गया।



मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि चुनाव के पूर्व मैंने वादा किया था कि आजादी के बाद से इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, लेकिन मैं विधायक बनने के बाद इस सड़क का निर्माण हर हाल में करवा लूंगा। आज इसका शिलान्यास कर काफी खुश हूं। इस सड़क को लेकर मैंने सदन में भी बात उठायी थी और मुख्यमंत्री से भी मिल कर इस सड़क का निर्माण करवाने की बात रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और इस ढाई किलोमीटर सड़क को स्वीकृति दिलवायी।

श्री कालिंदी ने कहा कि कुछ नेता इस सड़क को लेकर गंदी राजनीति कर रहे थे, लेकिन अब इस सड़क का निर्माण होने से उनकी बोलती बंद हो जायेगी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्को, झामुमो नेता दुबराज नाग, मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व उप मुखिया बिरजू पात्रो, मुखिया संघ के अध्यक्ष पलटन मुर्मू, पूर्व पंचायत समिति विश्वजीत भगत, ग्राम प्रधान सुकलाल हेमरोम, मुखिया जूही बेसरा, पंचायत समिति सदस्य सोमवारी पात्रो, जितेंद्र सिंह, बबलू महतो, विकास, मनोज यादव, जय किशन, चमन तिवारी कृष्णा कामत, पप्पू यादव, नितिन हंसदा, विमल पाल, संतोष केवट, अब्दुल कादिर, गणेश महतो, विक्रम सिंह, सुदामा यादव, संजय दास आदि झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बीके स्टील के क्रेन ऑपरेटर की संदिग्ध अवस्था में मौत

# कामगारों ने कंपनी गेट जाम कर किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदियत्यपुर।** सरायकेला जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया लार्ज सेक्टर स्थित बीके स्टील इंडस्ट्रीज के क्रेन ऑपरेटर मंगल थापा की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा बगैर परिजनों को जानकारी दिए शव को सदर अस्पताल भेजवा दिया गया। उसके बाद परिजनों को कंपनी प्रबंधन द्वारा मंगल की मौत की सूचना दी गयी। फिर उसके परिजन नेपाल से यहां पहुंचे, मगर उन्हें शव देखने नहीं दिया गया। कंपनी के वरीय अधिकारी कन्हैया द्वारा परिजनों एक होटल में वार्ता के लिए बुलाया गया, मगर न तो शव देखने दिया गया, न ही मुआवजा से सम्बंधित वार्ता की गयी। प्रबंधन के इस रुख को देखते हुए साथी कामगारों ने देर शाम परिजनों के साथ कंपनी गेट जाम कर दिया, बावजूद इसके प्रबंधन की ओर से कोई वार्ता करने नहीं पहुंचा। वहीं मामले की सूचना मिलते ही गम्हरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची मगर प्रबंधन की ओर से किसी के सामने नहीं आने से वार्ता नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले 15 सालों से कंपनी में काम कर रहा था।

**बुधवार की शाम अचानक बिगड़ी तबीयत :** बुधवार की शाम ड्यूटी के दौरान मंगल की अचानक तबीयत खराब हो गयी थी, जिसे ईएसआईसी अस्पताल ले जाया गया था, जहां से जरूरी दवाइयां देकर वापस भेज दिया गया। गुरुवार को पुनः उसकी तबीयत खराब हुई उसे फिर दोबारा इएसआइसी अस्पताल ले जाया गया, मगर उसकी तबीयत और बिगड़ने लगी। वहां से कुछ जरूरी दवाइयां देकर फिर वापस कंपनी भेज दिया गया। इसी दौरान और अधिक तबीयत खराब होने से मृतक ने कंपनी में ही दम तोड़ दिया। मृतक कंपनी के अंदर ही बने स्टाफ क्वार्टर में रहता था। वहां से बगैर किसी को सूचना दिये प्रबंधन द्वारा मृतक के शव को सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसको लेकर मजदूरों में आक्रोश है।

**प्रेस कांफ्रेंस : मंत्री मिथिलेश करायेंगे गढ़वा में निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन, कहा**

# जिले भर के मोतियाबिंद मरीजों को मिलेगा लाभ



**15 से 25 नवंबर तक चलेगा शिविर, सदर अस्पताल में होगा ऑपरेशन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन करायेंगे। मंत्री श्री ठाकुर की माता स्व. विमला देवी एवं पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर की पुण्य स्मृति में झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने रविवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में पहले विभिन्न क्लबों व संगठनों की ओर से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाता था। परंतु कोरोना काल से ही अब तक शिविर का आयोजन बंद हो गया है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी को देखते हुए उन्होंने न सिर्फ गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मरीजों के लिए बल्कि पूरे गढ़वा जिला के मरीजों के लिए निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर में मरीजों के रहने, खाने, ऑपरेशन, चश्मा, दवा आदि की सभी व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी। कटक आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर उड़ीसा के योग्य चिकित्सकों की टीम अत्याधुनिक विधि से मरीजों का ऑपरेशन करेगी।

मंत्री ने बताया कि 12, 13 एवं 14 नवंबर को विभिन्न प्रखंडों में स्क्रीनिंग के माध्यम से मरीजों की जांच कर चिन्हित किया जाएगा। जबकि 15 से 20 नवंबर तक सदर अस्पताल में मोतियाबिंद जांच कर मरीजों को ऑपरेशन की तिथि उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही 15 से 25 नवंबर तक सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों का ऑपरेशन भी किया जाएगा। इसके लिए जिले भर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं विधायक प्रतिनिधियों आदि से लोग संपर्क कर मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

मंत्री श्री ठाकुर ने विभिन्न संगठनों एवं क्लबों से इस कार्य में सहयोग एवं मार्गदर्शन करने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही करोना जैसी विषम परिस्थितियों में भी जिले में स्वास्थ्य सुविधा में आमूलचूल सुधार किया गया है। सदर असपताल का जीर्णोद्धार, ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था, बर्न यूनिट, डायलिसिस, आईसीयू, सभी प्रकार की जांच की व्यवस्था आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही जिले भर के सभी पीएचसी व सीएचसी को भी बेहतर बनाया जा रहा है। आने वाले समय में बहुत जल्द जिले भर में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने मंत्री को किया सम्मानित

**हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है हेमंत सरकार : मिथिलेश ठाकुर**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन के बैनर तले रविवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार द्वारा राज्य की आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का मानदेय वृद्धि किये जाने पर सेविकाओं-सहायिकाओं ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की पिछली सरकार आंगनबड़ी सेविका सहायिकाओं का शोषण करती थी। सरकार की योजना को जमीनी स्तर तक अगर कोई पहुंचाता है, तो वह आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका हैं। लेकिन इनके कल्याण के संबंध में किसी भी तरह की बात पिछली सरकार ने नहीं सोचा। हमारी सरकार हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है। आपकी मांगों पर विचार करते हुए अमल किया गया। मंत्री ने कहा कि पिछली रघुवर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पारा शिक्षक, अनुबंध कर्मियों पर लाठीचार्ज किया जाता था। अब हमारी सरकार आप की मांग को मानते हुए आप को सम्मानित कर रही है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए जनता की चुनी हुई सरकार को गिराना चाहती है। जनता जाग चुकी है। आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में सबक सिखाते हुए मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश राय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, वीणा सिन्हा, बालमुकुंद सिन्हा, रामचंद्र पासवान, अनिता दत्त, रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, चंदन पासवान, आशुतोष पांडेय, जिले भर की आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित अन्य लोग लोग उपस्थित थे।

## वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट करायेगा गरीबों का सामूहिक विवाह



**24 फरवरी 2023 शुक्रवार को सामूहिक विवाह वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में कराये जाने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सभागार में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह की बैठक की गई। बैठक अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह व उपाध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई। निर्णय लिया गया कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज द्वारा ट्रस्ट परिसर में नहीं किया गया था, परंतु इस वर्ष महुआडांड़ में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह प्रेरणा परमार्थ आश्रम द्वारा किया गया। इसी क्रम में 24 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को गरीब लोगों का सामूहिक विवाह वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में कराया जाएगा। इस विवाह हेतु पंजीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस विवाह में वैसे वर-वधू जो विवाह का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है, और जो वास्तविक गरीबी रेखा में हैं उनका विवाह किया जाएगा। विवाह उन्हीं जोड़ों का संपन्न किया जाएगा जो भारत के नागरिक हैं तथा जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से ज्यादा है तथा सनातन धर्म से संबंध रखते हों। वर वधू का चुनाव जांच समिति द्वारा जांच करने के उपरांत सही पाये जाने पर किया जाएगा। कोई भी अन्य दावा स्वीकार नहीं होगा। समिति मात्र विवाह संपन्न कराने का कार्य करेगी। जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि मोबाइल नंबर 8210546560 तथा समिति के सदस्य मीना सिंह के मोबाइल संख्या 6206297213 पर विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी। वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट तथा चिंता कंस्ट्रक्शन रेहला ओवरब्रिज के समीप रेहला में भी जानकारी ली जा सकती है।

बैठक में अरुण कुमार सिंह भूतपूर्व प्राचार्य महिला कॉलेज, रणधीर सिंह, प्रवीण सिंह, हरेंद्र सिंह व अन्य गणमान्य सदस्य मौके पर उपस्थित थे।

## विहंगम योग समारोह सह 1001 विश्व शांति वैदिक महायज्ञ हवन के साथ संपन्न

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के बीएसएम कॉलेज परिसर में दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1001 विश्व शांति वैदिक महायज्ञ रविवार को हवन के साथ संपन्न हो गया। विज्ञान देव जी महाराज अन्य विद्वानों के द्वारा वैदिक मंत्रोंचारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। हवन यज्ञ में शामिल होने के लिए बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड राज्य से हजारों भक्त महिला, पुरुष, बच्चे पहुंचे थे। पांच नवम्बर से आयोजित दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ की शुरुआत शीत ध्वजारोहण से हुई तत्पश्चात आसन, प्राणायाम, विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा के पश्चात देर शाम को संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज की दिव्य वाणी के साथ संपन्न हुआ। रविवार को आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के साथ 1101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ के पश्चात सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी के साथ सम्पन्न हुआ। स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी सुनने के लिए भक्तगण हजारों की संख्या में जमे हुए थे। यज्ञ में आने वाले सभी भक्तों के लिए रहने-खाने की व्यवस्था यज्ञ प्रबंधन कमेटी के द्वारा किया गया था। यज्ञ को सम्पन्न कराने में जिला समन्वयक विवेक प्रसाद गुप्ता के अलावे इंद्रजीत गुप्ता दयानंद प्रजापति, त्रिभुवन साह, गुप्तेश्वर पाठक, जवाहर दुबे, नागेन्द्र विश्वकर्मा, कमलेश्वर पांडे के अलावे स्थानीय भक्तगण दिन-रात लगे हुए थे।

## रंका प्रखंड में विधिक सेवा शिविर का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र प्रखंड परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के तत्वावधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायिक पदाधिकारी रवि चौधरी , अधिवक्ता शेषमणि पाण्डेय, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शम्भू राम ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह न्यायिक पदाधिकारी रवि चौधरी ने कहा कि जिला विधिक सेवा शिविर वैसे क्षेत्रों के लिए राम बाण है, जहां पर लोगों के कानून की जरा सा भी जानकारी नहीं है। शिविर में रंका थाना प्रभारी , रंका बीडीओ, सीओ, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश मधेशिया ने भी संबोधित किया। शिविर में जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदी को अतिथियों के द्वारा चक्रीय निधि से पांच लाख चालीस हजार रुपये, सामुदायिक निवेश निधि के द्वारा दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं दिव्यांग को ट्राई साईकिल तथा चार से पांच लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र और दर्जनों गरीब एवं वृद्धों के बीच कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पीएलवी कृष्णा नंद दुबे, नेहरू युवा केन्द्र के अमरेंद्र कुमार, प्रखंड कर्मी मुकेश मेहता, सोनू पाण्डेय, जेएसएलपीएस के बीपीएम मनोज तिर्की का योगदान रहा।

## बंशीधरनगर प्रखंड में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**लोगों को योजनाओं की जानकारी देना व विधिक रूप से जागरूक करना शिविर का उद्देश्य : मनोज कुमार त्रिपाठी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी, पैनल वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र प्रजापति, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, बीडीओ श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुये जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं हो। उन्होंने कहा कि इस तरह का शिविर आयोजित कर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें विधिक रूप से जागरूक करना है। पैनल के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र प्रजापति ने दुर्घटना अधिनियम, अंधविश्वास, डायन बिसाही के संबंध में विधिक जानकारी दी। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय मिले, इसी उद्देश्य से इस प्राधिकार का गठन किया गया है। शिविर को बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने भी संबोधित किया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, 12 लोगों को कम्बल, 10 लोगों को जॉब कार्ड, 3 असहाय निशक्तों को ट्राइसाइकिल तथा जेएसएलपीएस की एक महिला स्वयं सहायता समूह को ग्रामीण वनांचल बैंक द्वारा 25 लाख का ऋण दिया गया।

शिविर में पीएलभी मनोज कुमार द्विवेदी, एसआई कुमार विक्रम सिंह, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, जन सेवक उत्तम रंजन, विकास कुमार, जेएसएलपीएस के धनंनजय कुमार, निधि भारती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सखीमंडल को दस लाख का चेक व 44 ग्रामीणों को दिये गये कंबल

**भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददादा

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित विधिक सेवा सह अधिकारिता शिविर का शुभारंभ अनुमंडलीय दंडाधिकारी अमित खन्ना, बीडीओ जयपाल महतो, प्रमुख शोभा देवी, पुलिस निरीक्षक चंदन सिंह एवं 20 सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम के दौरान अनुमंडलीय दंडाधिकारी अमित खन्ना ने कहा कि विधिक सेवा के तहत निशुल्क जानकारी दी जाती है। जो ग्रामीणों को समस्याएं हों वह इस सेवा का लाभ अवश्य लें, साथ ही उन्होंने मॉब लिंचिंग से बचने की सलाह दी। इसके अफवाहों से दूर रहने की बात कही। साथ ही उन्होंने डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से बचने की बात बताते हुए कहा कि किसी तरह की बीमारी हो कोई समस्या हो तो चिकित्सक के पास जाएं ना कि ओझा गुणी के पास जायें। कहा सरकार द्वारा बहुत सी विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं। आप तक जानकारी पहुंचाने के लिए ब्लॉक में बीडीओ सीओ एवं प्रमुख बैठे हुए हैं। आप उनसे जानकारी लें और उस योजना का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में सखीमंडल बुका को दस लाख का चेक दिया गया। साथ ही 44 ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण तथा दो वृद्धों का पेंशन स्वीकृत किया गया।

## वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा ने किया जनसंपर्क, अध्यक्ष पद के लिए मांगा आशीर्वाद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अभी से मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में गढ़वा नगर परिषद की वार्ड संख्या चौदह की अनुभवी वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा ने शहरवासियों की पुरजोर मांग पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। रविवार की सुबह सहिजना देवी धाम पर आम नागरिकों की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। शहर के लोगों ने रश्मि सिन्हा को जनसंपर्क अभियान शुरू करने की बात कही। इसी के आलोक में रविवार से जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सहिजना के वार्ड संख्या 11, 13 व 14 में प्रत्येक घर के बुजुर्ग गार्जियन, माता-बहनों व नवजवान साथियों से मिलकर समर्थन की अपील की गयी। इस दौरान तमाम लोगों ने भरपूर समर्थन व सहयोग का भरोसा दिलाया। कहा कि हम सभी लोग रश्मि सिन्हा व जीतेंद्र सिन्हा के साथ हैं और साथ रहेंगे। इस मौके पर गुड्डु तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अरबिंद दुबे, संजीव पांडेय, रामाधार सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, संजीत कुमार सिन्हा, अजीत सिन्हा, उमेश्वर पांडेय, पंकज दुबे, अरबिन्द तिवारी, पंकज सिन्हा, नागेंद्र, कृष्णा पाल, गुड्डु, प्रभु पाल, राजकुमार महतो, शंकर महतो, अरबिंद, उमा, सतेन्द्र सिन्हा, शशिभूषण चौधरी, विजय पाल, विश्वनाथ राम, राजमणि, मुखिया, अजय राम, सुकन भुईयां, प्यारी भुईयां, शशिकांत पांडेय, रामगहन महतो, भागवत राम, विजय पाल, प्रेम दीवाना, संदीप राम, बुधन राम, परशन भुइयां, सुरेश भुइयां सहित अन्य लोग जन संपर्क अभियान में शामिल थे।

## कांडी प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में रविवार को एक दिवसीय जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीजीएम अभिनव कुमार, अंचलाधिकारी अजय कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीजीएम अभिनव कुमार ने कहा कि प्राधिकार द्वारा महिलाओं, बच्चे व गरीबों को कानून की सहायता मुफ्त में मिलती है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि छोटे-छोटे मामले सहित बैंकिंग, पोस्ट ऑफिस आदि में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर प्राधिकार द्वारा तुरन्त सहायता प्रदान की जाती है। कहा कि अपनी बेटी को साक्षर बनाएं व कम उम्र में शादी ब्याह न करें। उन्होंने डायन-भूत के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। कहा कि आगामी 12 नवम्बर को लोक अदालत लगाया जाएगा। जिसमें आपसी समझौते वाले मामले निपटाये जाएंगे।

**नक्सल उन्मूलन अभियान : कोबरा 203 बटालियन को बूढ़ा पहाड़ के जोकपानी में मिली भारी सफलता**

# भारी मात्रा में आइइडी बम एवं गोला बारूद सहित अन्य सामग्री बरामद

**डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में सर्च अभियान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के बूढ़ा पहाड़ पर चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान रविवार को कोबरा 203 बटालियन को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रविवार को चर्चित बूढ़ा पहाड़ के जोकपानी नामक जगह के पास से भारी मात्रा में आइइडी बम तथा हथियार एवं गोला बारूद सहित काफी मात्रा में अन्य सामग्री बरामद किये हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सीआरपीएफ की कोबरा 203 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान भारी मात्रा आईईडी बम एवं गोला बारूद सहित अन्य सामग्री कोबरा 203 बटालियन को बड़ी हाथ लगी.

रविवार को सर्च अभियान में निकली कोबरा 203 बटालियन को जोकपानी नामक जगह से नक्सलियों के द्वारा छिपा कर रखी गयी सामग्री पर नजर पड़ी, तब बटालियन के द्वारा गहनता से जांच करने पर वहां नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए निम्नलिखित सामग्रियों की बरामदगी हुई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले माह बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने के लिए चलाए गए ऑक्टोपस नामक अभियान के दौरान जब से बूढ़ा पहाड़ के झाउल डेरा नामक स्थल पर कोबरा 203 बटालियन का अस्थाई कैंप स्थापित हुआ है, नक्सली अपने सुरक्षित ठिकाने को छोड़कर बूढ़ा पहाड़ से भाग खड़े हुए हैं।

बटालियन के द्वारा काफी लंबे चौड़े दायरा में फैले बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चलाकर उनके द्वारा छुपा कर रखे गए उनके बेस कैंपों को ध्वस्त करते हुए उनके द्वारा छोड़े गए बम बारूद एवं हथियार बरामद कर उनके सुरक्षित ठिकाने को अपने कब्जे में कर रही है। यह अभियान लगातार चल रहा है। सर्च अभियान में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर अमर सिंह मीणा, जीडी जेफरी, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार, दिनेश गजेंद्र सिंह, मोहम्मद हुसैन, महेंद्र कुमार, कमांडों लाल सिंह, अवधेश ओझा, बाल सिंह, बृजेश कुमार, कांस्टेबल विजय हदीया, विनोद कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे।

### सर्च अभियान के दौरान बरामद सामग्री

उपयोग के लिए तैयार सिलेंडर आईईडी बम 10 केजी 17 पीस, सिलेंडर 74 पीस, अग्निशामक लगभग 7 केजी, टिफिन आईईडी 2 से 3 केजी 19 पीस, त्रिभुज आईईडी 06 पीस, चेक वाल्व आईईडी 3 से 05 केजी 09 पीस, प्रेशर आईईडी 12 पीस, सुरक्षा फ्यूज लगभग 200 मीटर, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर 68 पीस, गैर डेटोनेटर 98 पीस, कॉर्डेक्स वायर लगभग 300 मीटर, तार लगभग 400 मीटर, हैंडऑपरेटिंग ड्रिल मशीन 1 पीस, लाल झंडा 2 पीस, मल्टीमीटर 1 पीस, केम्किल व्हाइट 5 किग्रा, इलेक्ट्रिक रिले स्विच 8 पीस, सिरिंज मेच 5 पीस, 9 वाट बैटरी 03 पीस, बैटरी क्लिप 10 पीस एवं भारी मात्रा में दवा बरामद की गई है।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करुइ के स्थानीय निवासी जनार्दन सिंह के 34 वर्षीय पुत्र रवि रंजन सिंह उर्फ काजू सिंह को बाइक तथा फोर व्हीलर की आमने सामने की भीषण टक्कर में मौत हो गई। गौरतलब है कि रवि रंजन सिंह उर्फ काजू सिंह भवनाथपुर ग्राम बुका से अपने पैतृक आवास करूई रात्रि 10 बजे 5 नवंबर शनिवार को घर आने के क्रम में नगर भवनाथपुर रोड कौड़िया बाबा पुल के पास फोर व्हीलर एवं बाइक की भीषण टक्कर में मौत हो गई और साथ में आ रहे स्व. ललित सिंह के 34 वर्षीय पुत्र रौशन सिंह घायल हो गए, जिनका मेदिनीनगर में इलाज चल रहा है। काजू सिंह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। इस हृदय विदारक घटना से उनके परिजनों एवं आस-पास के गांव में मातम पसरा है।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा को किया सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में रविवार को झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में नये क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर संघ के नेताओं ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अब तक के क्रियाकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी समस्याओं को रखा तथा समाधान की दिशा में कार्रवाई करने का आग्रह किया। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि उनके स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। सम्मान समारोह में शिक्षक संघ द्वारा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, सचिव अनीश अहमद खां, सतीश चौबे, राकेश चौबे, राजीव रंजन द्विवेदी, चंद्रदेव राम, जनेश राम, आफताब आलम, रामलाला मिश्र, राजनाथ राम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### आज अगर समस्याओं का समाधान नहीं निकला, तो 8 नवंबर से अनिश्चितकाल के लिए बुंडू में बंदी

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आमरण अनशन पर बैठे हुए चार लोगों की हालत बिगड़ी

**घटनास्थल पर ही उन्हें चढ़ायी जा रही है सलाइन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** तमाड़ विधानसड्डाा क्षेत्र की आठ सूत्री ज्वलंत समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आमरण अनशन पर बैठे 12 अनशनकारियों में से चार लोगों की हालत गंभीर बन गयी है। इनमें सुखसारन महतो, शिवनाथ तिवारी, राम दुर्लभ सिंह मुंडा और रमेश मुंडा की हालत गंभीर हो गयी है, जिन्हें पानी चढ़ाया जा रहा है। बुंडू की जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल भी आमरण अनशन पर बैठी हैं। उनके बेटा बेटी और पति ताराचंद सिंह मुंडा भी समर्थन में हैं।

बिगड़ती तबीयत को देख कर उन्हें आमरण अनशन पर ही सलाइन चढ़ायी जा रही है। इनकी बीपी भी हाइ हो गयी है। बुंडू अस्पताल के चिकित्सकों का दल सुबह शाम इनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहा है। आमरण अनशन के दूसरे दिन रविवार की शाम आमरण अनशनकारियों के हालत की गंभीरता को देखते हुए बुंडू के एसडीओ और डीएसपी आमरणस्थल पर पहुंचे और उनसे वार्ता की। लेकिन वार्ता का कोई फलाफल नहीं निकल पाया। अनशनकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगूं पूरी नहीं हुईं, तो 8 नवंबर से बुंडू में अनिश्चितकाल के लिए बंदी होगी। बता दें कि अनशन का नेतृत्व राजकिशोर कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है। हालांकि रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ और थानेदार ने अनशन तुड़वाने के लिए काफी मशक्कत की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाये।

मौके पर एसडीएम ने कहा कि सोमवार को वरीय पदाधिकारी को बुलाया जायेगा। बता दें कि आठ सूत्री मांग पत्र लेकर आजसू के जो अनशनकारी आमरण अनशन पर बैठे हैं, वे जनता की मूलभूत समस्याएं हैं। इन समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन को खुद करना चाहिए, लेकिन शासन-प्रशासन अपनी आंखें मूंदे हुए है। यहां के बालू कारोबार में लगे 10 हजार लोग बेरोजगार हो गये हैं। होल्डिंग टैक्स की बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। अनुमंडल बने 20 वर्ष हो गये, लेकिन आज तक जेल, कोर्ट, ट्रेजरी के साथ-साथ एक भी कर्मचारी की पोस्टिंग नहीं हुई है। पूरे पंच परगना क्षेत्र में अंचल द्वारा दाखिल खारिज में जनता को परेशान किया जा रहा है। इसके अलावे कई लाइफ लाइन सड़कें मुंह बाये खड़ी हैं। वर्षों से इनकी मरम्मत नहीं हुई है। इन सड़कों पर चलना अपनी जान को जोखिम में डालना है। बार-बार प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया गया, लेकिन वे अपने कान में तेल डाल कर बैठ गये हैं। सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों का भी इन समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। इन सभी समस्याओं से वाकिफ यहां के विधायक और सांसद मूकदर्शक बने बैठे हैं।


आमरण अनशन में मुख्य रूप से मोहम्मद सिराज, अजय सिंह, सचिन कुमार, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, संतोष कुमार, परमेश्वरी शांडिल, सुखसारन महतो, राजकिशोर कुशवाहा, रमेश सिंह मुंडा, आशुतोष कुमार, शिव नाथ तिवारी, अभिषेक गोराई के अलावे सैकड़ों समर्थक शामिल हैं।

## पिपरवार के बेंती गांव में भाकपा की बैठक




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) पिपरवार शाखा जिला चतरा की बैठक रविवार को बेंती गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवक गंझू ने की। बैठक में भाकपा जिला परिषद सदस्य सह एटक नेता अरविंद शर्मा उपस्थित थे। जिसमें भाकपा को मजबूत करने, सदस्यता बढ़ाने एवं जन-जन तक पार्टी के विचारों को पहुंचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सोमवार को रांची में भाकपा झारखंड राज्य कमेटी की ओर से आहूत रैली एवं आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य स्तरीय रैली में किसान मजदूर आमजन से जुड़े प्रमुख आठ मांगों को कॉमरेड अरविंद शर्मा द्वारा विस्तार से बताया गया। जिनमें जल जंगल जमीन एवं खनिज संपदा पर लूट को रोक लगाने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने, विस्थापन आयोग का गठन करने, स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति शीघ्र घोषित करने, सभी किसानों को प्रति माह 10 हजार पेंशन देने, बेरोजगार नौजवानों को प्रतिमाह 10 हजार रोजगारी भत्ता देने, बंद पड़े गैरमजरूआ बंदोबस्त जमीन का रसीद काटना चालू करने, ग्रीन कार्ड धारियों को बंद राशन को शीघ्र चालू करने की मांग के साथ-साथ महंगाई पर रोक लगाना शामिल है। कामरेड शर्मा ने कहा केंद्र सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर मजदूर और किसानों पर कहर ढा रही है। झारखंड के हेमंत सरकार को अस्थिर करने की कोशिश सीबीआई, इनकम टैक्स, और ईडी का बेजा इस्तेमाल कर कर रही है। इसका जवाब भी राज्य की जनता आने वाले दिनों में देगी। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रहमतुल्ला ने दिया। इस दौरान मौके पर रामनाथ महतो, मनोज राम, ललकू गंझू, गीता देवी, सुषमा देवी, सिद्दु भुइयां, पनूवा मुंडा, लुरुवा मुंडा, महावीर भुइया, महेश मुंडा, टेसलाल राम, भरत नोनिया, बरजू गंझू, शंकर मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर बैठक



**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वीरबांकी में आक्रोश प्रदर्शन को लेकर तैयारी के निमित्त बैठक की गई। ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अड़की में 10 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय में धरना कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह आक्रोश रैली वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीति प्रखंड से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर हो रहे दुष्कर्म की घटनाओं एवं प्रखंड की मूलभूत समस्याओं को लेकर दिया जाएगा। बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा खूंटी जिला अध्यक्ष संजय मुंडा, मंडल अध्यक्ष मोती पातर, सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू, शिव चरण सिंह मुंडा, सागर मुंडा, बैजनाथ समद, सोमा मुंडा आदि उपस्थित थे। इस दौरान आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया।

## खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर तमाड़ विधायक के आवास पर हुई जरूरी बैठक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शहीद रमेश सिंह मुंडा के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले खेल महोत्सव 2022 के सात नवंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को तमाड़ विधायक के आवास में बुंडू प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हुई। जिसमें प्रतियोगिता का भव्यतापूर्वक समापन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बुंडू प्रमुख फेकला गोंझु , कौलेश्वर मुंडा, प्रेमा यादव, शिवनाथ मुंडा, परीक्षित महतो, शरद महतो, बासुदेव सेठ आदि मौजूद थे।

## खलारी भाजपा का जनाक्रोश प्रदर्शन अब 11 को

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन अब 11 नवम्बर को होगा। खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि पहले खलारी प्रखण्ड में जन आक्रोश प्रदर्शन 12 नवंबर को होना तय हुआ था। लेकिन अपिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम अब एक दिन पूर्व 11 नवंबर को होगा।

# सुफल महतो राज्य अध्यक्ष व सुरजीत सिन्हा बने महासचिव

**झारखंड राज्य किसानसभा का 7वां राज्य सम्मेलन सम्पन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिल्ली।** झारखंड राज्य किसान सभा का 7वां राज्य सम्मेलन शनिवार व रविवार को राजेंद्र सिंह मुंडा नगर, ज्योतिन सोरेन, विश्व देव सिंह मुंडा मंच के सोनाली मैरेज हाल में संपन्न हुई। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक ढावले ने उद्घाटन करते हुए कहा कि 13 माह चले किसान आंदोलन जिसमें 715 किसान शहीद हुए थे ने केंद्र की मोदी सरकार को झुकने पर मजबूर किया था। तब सरकार ने तीनों कृषि कानून रद्द करने की घोषणा की थी। अब एमएसपी का कानून बनाने का लिखित आश्वासन लागू न कर 90 करोड़ किसानों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। 10 माह से ज्यादा बीत चुके है। देशभर में राज्य सम्मेलनों में मार्च-अप्रैल 2023 में देशव्यापी आंदोलन होगा। वहीं, सम्मेलन का समापन करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल, जमीन, पलायन, विस्थापन, धान क्रय केंद्र मुद्दे पर आंदोलन के आधार पर झारखंड में किसान सभा की प्रबल संभावना है। उन्होंने हर गांव में किसान सभा का नारा तेज करने का आह्वान किया। इसके बाद झारखंड राज्य किसान की 35 सदस्यीय कमेटी निर्वाचित हुई। जिसमें सुफल महतो को राज्य अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुरजीत सिन्हा महासचिव, वीरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, प्रफुल्ल लिंडा, सपन महतो, श्याम सुंदर महतो और एतेशाम अहमद, असिम सरकार, दिवाकर मुंडा चुने गए। मधुवा कच्छप, लखी सोरेन, लोटन दास, गोविंद मरांडी सचिव मंडल सदस्य चुने गए। सम्मेलन में महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, विस्थापन, सुखाड़, किसान आत्महत्या पर प्रस्ताव पारित किए गए। तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल रामदेव सिंह, श्याम सुन्दर महतो एवं लखी सोरेन ने किया। राज्य कमेटी में अरूण महतो, दिसंबर महतो, सुखनाथ लोहरा, निल कांत मुंडा, यदुगोपाल मुंडा, मधुवा कच्छप, जगदीश महतो, अशोक शाह, धनेश्वर महतो, लोविन महतो, आयता उरांव, प्रदीप गुड़िया, लोटन दास, प्रबोध महतो, तारा पदों रवानी, दशरथ मंडल,परसुराम महतो साबिर हुसैन आदि थे।

## दो पुलिस पदाधिकारी के आकस्मिक मौत से खूंटी में पसरा मातम

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थाना के एएसआई देवनंदन प्रसाद और जिला अंर्तगत मुरहू के सब इंस्पेक्टर रूपा रूडी के आकस्मित निधन से खूंटी थाना सहित जिला पुलिस में शोक व्याप्त गया है। एएसआई देवनन्दन प्रसाद का फेफड़े के इंस्फेक्शन का बेल्लोर से ईलाज करा के गृहग्राम मुंगेर लौट आये थे। वे स्वस्थ्य होने और छुट्टी समाप्त होने के बाद ड्यूटी ज्वाईन करने के लिए अपने दामाद के साथ ट्रेन से खूंटी (रांची) लौट रहे थे । इसी दौरान धनबाद में हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया । इधर पूर्व में मुरहू थाना में सव इन्स्पेक्टर रहे रूपा रूडी ( जिन्हें बाद में पुलिस लाइन ड्डोजा गया था ) किडनी और लिवर के इंस्पेकशन से काफी बिमार थे । उनका इलाज रांची स्थित मेडिका में चल रहा था । जहां ईलाज के क्रम में उन्होंने दम तोड दिया । दो पुलिस पदाधिकारियों के आक्समिक निधन से व्यथित जिले के पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों ने शोक जताया है।

## साप्ताहिक जांच परीक्षा में सम्मिलित होकर विद्यार्थी खुद का आकलन करें : सकलदीप

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरह स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बोर्ड परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की साप्ताहिक जांच परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के प्रश्न जैक के पैटर्न के आधार पर ही रखे गये। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य थी। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने बताया कि संस्थान में सभी बोर्ड की साप्ताहिक जांच परीक्षा आगामी बोर्ड परीक्षा की तिथि तक चलती रहेगी। इस परीक्षा में बोर्ड के प्रश्नों की तरह प्रश्न पत्र एवं उसी की तरह उत्तर पुस्तिका बच्चों को दी जाती है। इससे परीक्षा के प्रति उनका डर समाप्त होता है। कहा कि सभी को प्रत्येक साप्ताहिक जांच परीक्षा में सम्मिलित होकर खुद का आकलन करें।

### कोल इंडिया का स्थापना दिवस : अशोका को मिला बेस्ट ओपेन कास्ट माइंस का पुरस्कार

# पिपरवार को मिला बेस्ट एरिया का पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार जीएम को पुरस्कार सौंपते अधिकारी।

**पिपरवार।** कोल इंडिया और सीसीएल के स्थापना दिवस पर सीसीएल के पिपरवार एरिया को बेस्ट एरिया और अशोक परिजनों खुली खदान को बेस्ट ओपेन कास्ट माइंस का पुरुस्कार मिला है। रांची स्थित दरभंगा हाउस में आयोजित समारोह में पिपरवार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र का पुरस्कार मिला है। वहीं पिपरवार एरिया के अशोका परियोजना खुली खदान को उत्पादन एवं विभागीय कार्यक्षमता के सर्वश्रेष्ठ उपयोग के लिए ग्रुप ए मे बेहतर उत्पादन के लिए दूसरा और विभागीय कार्यक्षमता का उपयोग करने के लिए दूसरा स्थान मिला है। कल्याणकारी गतिविधियों के लिए भी पिपरवार क्षेत्र को पहला स्थान मिला है। विभागीय कोल कर्मियों में पिपरवार के पेलोडर ऑपरेटर राधे महतो को पुरे सीसीएल मे तीसरा एवं मैकेनिकल फिटर दीपक कुमार को दूसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। दोनों को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र के साथ 20 हजार एवं 15 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया है। पिपरवार एरिया को मिले पुरस्कार को रविवार को स्थानीय महाप्रबंधक को सौंपा गया। इस संबंध में क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कार्यालय स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि आज जो भी पुरस्कार एवं गौरव पिपरवार क्षेत्र को मिला है, इसका सारा श्रेय हमारे कर्मठ कोल कामगारों एवं अधिकारियों को जाता है। उन्हीं की इमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ मेहनत की बदौलत हम आगे भी उत्पादन, सुरक्षा,संप्रेषण के साथ सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पिपरवार का इतिहास काफी बेहतर है और यह आगे भी कायम रहेगा। आने वाले दिनों में ड्डी इस तरह के रिकॉर्ड पिपरवार के नाम रहेंगे। इस मौके पर महाप्रबंधक सीबी सहाय, सहायक महाप्रबंधक निरंजन सेनापति, परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, खान प्रबधंक सदाला सत्यानारायण,एएफएम पीके साहू आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## एनके एरिया की रोहिणी परियोजना को मिला बेस्ट ओसीपी का पुरस्कार, खुशी का माहौल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना को बेस्ट ओसीपी का पुरस्कार मिला है। कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर रांची सीसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रोहिणी परियोजना को यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार ग्रुप बी में बेस्ट ओसीपी प्रथम पुरस्कार दिया गया है। सीसीएल सीएमडी ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र परियोजना के अधिकारियों को दिया है। परियोजना को बेस्ट ओसीपी का प्रथम पुरस्कार मिलने पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रबंधन को बधाई दी है। रविवार की सुबह मिले ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र को परियोजना के हाजरी कक्ष के समीप मजदूरों के समक्ष रखा गया। इस मौके पर पीओ दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत के कारण ही मिला है। साथ ही श्रमिक संगठनों का भी काफी सहयोग मिला है। इस मौके पर खान प्रबंधक दीपक कुमार, नीतीश झा, राघवेंद्र पासवान, रामप्रवेश राम, रितेश वर्मा, अमित, अवध बिहारी पाण्डेय, प्रदीप प्रसाद आदि थे।

## एनके एरिया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत





**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया में 31 अक्टूबर से शुरू हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हो गया। रविवार को डकरा स्थित वीआइपी सभागार में एनके महाप्रबंधक संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सबसे पहले सामान्य आचरण-क्या करें और क्या न करें से संबधित तीन पन्नों का लिफलेट को महाप्रबंधक द्वारा जारी किया गया। मौके पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि लिफलेट की लिखी बातों को अपना कर कोई ड्डी अनुशासनात्मक और आपराधिक कारवाई से बच सकता है। वहीं उपस्थित ससभी लोगों के बीच लिफलेट का वितरण किया गया। लोगों ने लिफलेट की काफी प्रशंसा की। इसके बाद सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरन आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रही सषिविम की छात्रा काजल षर्मा, द्वितीय स्थान के लिए डीएवी खलारी की छात्रा कृतिका कुमारी तथा तीसरे स्थान के लिए सषिविम के रवि प्रकाश और राहित कुमार संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही संतावना पुरस्कार पाने वालों में झारखंड पब्लिक स्कूल की छात्रा हर्षिता महतो, डीएवी खलारी की छात्रा दीशिखा कुमारी एवं श्रुति गुप्ता षामिल है। वहीं ड्डाशण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। डीएवी खलारी की छात्रा रानी कुमारी, द्वितीय स्थान पर रहे झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्र सोनु कुमार चैहान एवं खलारी डीएवी की छात्रा आष्फा निगार को संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया गया तथा तीसरे स्थान पर रही सषिविम की छात्रा रानी कुमारी को पुरस्कृत किया गया। अंतर परियोजना ड्डाशण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही नीलम कुमारी, द्वितीय स्थान पर रहे अषोक कुमार सिंह, तीसरे स्थान पर रही संध्या कुमारी तथा चैथे स्थान पर रहे उदय सिंह को पुरस्कृत किया गया। इनके अलावा ड्डाग लेने वाले अन्य छह लोगों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें ओम प्रकाश, पवन कुमार महतो, रवि रंजन, यमुना महतो, पंकज कुमार और पूजा महतो शामिल है। समारोह के अंत में एरिया सेफटी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस समारोह में सभी विभागीय एचओडी प्रबंधक व अधिकारी, सभी परियोजना पदाधिकारी, एसीसी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## पानी की पाइप लाइन बदलने के लिए राकोमयू ने महाप्रबंधक को लिखा पत्र



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन डकरा शाखा अध्यक्ष देवपाल मुंडा ने एनके महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि डकरा कोलियरी के मोहन नगर आवासीय कॉलोनी में 100 ब्लॉक में 16, 20 एवं 32 सेंटर पर टंकी नंबर दो से पानी मिलता था। जिस समय कायाकल्प योजना से काम किया गया था उस समय सिंटेक्स में पानी चढ़ जाता था पर इस वर्ष इतना ज्यादा वर्षा होने पर भी अर्थात पूर्ण मात्रा में पानी होने के बावजूद क्वार्टर तक पानी नहीं आ रहा है। इस संदर्भ में कई बार एसीसी एवं पीसीसी एजेंडा मीटिंग में प्रबंधक को अवगत कराया गया है फिर भी प्रबंधन द्वारा इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं किया गया। 100 ब्लॉक में 16, 20 एवं 32 सेंटर पर पहले से पाइप बिछाया गया था जिस पर काफी अवैध कनेक्शन था। इसलिए हम लोग दूसरे पाइप लाइन का मांग किए तब जाकर कोलियरी के सिविल विड्डाग के द्वारा जान बूझकर अपने निजी स्वार्थ हेतु दूसरी नयी पाईप लाइन को ड्डी पुराने पाइप लाइन के ऊपर बिछा दिया गया। लेकिन हम लोगों के सेक्टर 16 में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसलिए बातों को गंभीरता पूर्व लेते हुए 100 ब्लॉक के 16, 20 एवं 32 सेक्टरों में किसी दूसरे सेंटर से पाइप लाइन बिछाकर पानी की उचित व्यवस्था कराई जाए।

## टीएसपीसी का सदस्य बतानेवाले सूरजदेव पर संगठन करेगी फौजी कार्रवाई : अनूप



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के उतरी दक्षिणी सीमांत सबजोनल कमेटी के अनूप जी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खलारी, पिपरवार सहित अन्य स्थानों में कार्य कर रहे डीओ होल्डर, ठेकेदार एवं अन्य सभी को सूचित करते हुए बताया कि सूरजदेव नामक व्यक्ति जो खुद को टीएसपीसी संगठन का सदस्य बता रहा है और जिसका मोबाइल नंबर 8272902925 है। यह व्यक्ति हमारे टीएसपीसी संगठन का नही है और हमारे संगठन की ओर से इस व्यक्ति को कोई जिम्मेवारी नहीं दी गई है। उन्होने कहा कि खुद को टीएसपीसी का सदस्य बताने वाला सुरजदेव सुधर जाए और जो इस व्यक्ति का साथ दे रहे हैं वह भी सुधर जाए। संगठन की और से जल्द ही सख्त कार्रवाई करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ फौजी करवाई कार्रवाई की जाएगी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

## रांची सांसद व हटिया विधायक ने किया पीसीसी पथ और पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सपारोम स्थित रोहतास नगर एनएच से रिंग रोड तक लगभग तीन किलोमीटर पीसीसी पथ और पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने किया। सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट से पर्दा हटाकर तथा नारियल फोड़कर इसका शिलान्यास किया। पथ व पुलिया का निर्माण 1 करोड़ 60 लाख रू की लागत से की जा रही है। इससे पूर्व रोहतास नगर के लोगों ने सांसद और विधायक का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। मौके पर आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मोदी जी के नेतृत्व में देश के चहुंमुखी विकास के साथ साथ गांवों के सर्वांगीण विकास में भी विशेष रूप से कार्य कर रही है। वहीं विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो इसका ग्रामीण भी ध्यान रखें। इस अवसर पर नगड़ी मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश केशरी, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो सहित हिंदुआ उरांव, दिपक केशरी, जमील अंसारी ,रोजा उरांव , संजय तिर्की, नीमा तिर्की सहित बड़ी संख्या में रोहतास नगर के लोग मौजूद थे।

## अर्धनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर को पूर्ण कर सुंदरीकरण के लिए ग्रामीणों ने की बैठक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के नगड़ी पुराना रोड में स्थित मोची मुहल्ला में अर्धनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर को पूर्ण कर सुन्दरीकरण के लिए ग्रामीणों की बैठक नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव उर्फ मंजीत की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मंदिर का शीघ्र सुन्दरीकरण करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय से लिया गया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य को मुहल्लावासी डोर टू डोर आर्थिक सहयोग लेकर पूरा करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण कार्य 6 दिसंबर 22 मंगलवार को आरंभ किया जाएगा। इससे पूर्व मंदिर के गुंबद बनाने और टाइल्स के लिए शिल्पकार को बुलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सुखदेव राम, राजेश नायक, जगदेव राम, कमलेश कुमार केसरी, अरूण प्रमाणिक, रामप्रवेश राम, रवि केसरी, लक्ष्मण नायक, गोबरधन राम, सोहन नायक, रघुनंदन राम, संतोष राम, नितेश राम, मनोज महली, विकास राम, मनीष राम सहित कई लोग शामिल थे।

## दिघिया पंचायत में जरूरतमंदों के बीच मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया पंचायत के खूंटी टोली व टेंगरिया गांव में रविवार को बुजुर्ग महिला, गरीब असहाय मजदूरों व जरूरतमन्दों के बीच मुखिया प्रबला केरकेट्टा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रबला केरकेट्टा ने कहा गरीब व जरूरतमन्दों की सेवा करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा उनके द्वारा शुरू किया गया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर पंसस सदस्य रोशन तिर्की वार्ड सदस्य सतीश सिंह, गंगा मुनि तिर्की, सुमन तिर्की, समाजसेवी अजित तिर्की, गौतम आदेश उपस्थित थे।

## समाजसेवी जागरे उरांव ने खिलाड़ियों के बीच किया जर्सी का वितरण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सात पड़हा समिति के तत्वावधान में समाजसेवी जागरे उरांव के द्वारा देवगांव एवं लतरातू पंचायत के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया गया। जिसमें सकरपुर, पोला तिलई, देवगांव, सरसा, चुपाटोली, दरंदा गांव के खिलाड़ी शामिल हैं। मौके पर समाजसेवी ने कहा कि खिलाड़ीयों को प्रोत्साहित करने के लिए जर्सी का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी रत्नेश बारला, सुरेंद्र उरांव, विकास उरांव, प्रकाश उरांव, दिनेश उरांव, सुनील उरांव, दशरथ उरांव शामिल थे।

बेड़ो में जनजातीय सुरक्षा मंच ने की बैठक

## जनजातीय सुरक्षा मंच ने हक और अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का किया आह्वान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जनजातीय सुरक्षा मंच के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल में एक बैठक हुई। जिसमें संपूर्ण जनजातीय समाज को एकजुट होकर अपने हक व अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया गया। बैठक में मंच के जिलाध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि हमारी पुरखों की पारंपरिक प्रतीक चिन्ह कड़सा धान की बाली से बनता है। जिसे गांव के पहान पूजा अनुष्ठान में ढोल नगाड़ों के साथ उठाया जाता है। जिसे दूसरे समाज के लोगों द्वारा बाजारू बना दिया गया। इसको अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हमें एकजुट होकर इस परंपरा को बचाना होगा। उन्होंने आगामी 13 नवंबर को महादानी मैदान में प्रखंड स्तरीय बैठक में भाग लेने का आह्वान किया। वहीं मौके पर अशोक खलखो, चुमानी उरांव, सुकेन्द्र उरांव, पंचू उरांव, बुधु उरांव, संतोष लकड़ा, धर्मेंद्र उरांव, डहरु उरांव, बिरसा उरांव, अमित उरांव, फुलमनी उरांव व राम प्रसाद उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में प्रज्ञा केंद्र संचालक आमिर अख्तर घायल

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बाबू गांव के प्रज्ञा केंद्र संचालक आमिर अख्तर रविवार देर शाम केला बगान के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना से उनका बायां पैर टूट गया, वहीं हाथ व शरीर के अन्य हिस्से में भी चोटें आयी हैं। जानकारी के अनुसार आमिर अपनी बाइक में सवार होकर पिठोरिया से अपने घर जा रहे थे इसी क्रम में लकड़ी लदा ऑटोरिक्शा के धक्के से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर उनके परिवार वालों ने कांके नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

**कार्यक्रम :** एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

# टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा का 12 दिसंबर को संसद भवन घेराव का निर्णय

**'हुड़का जाम' आंदोलन के माध्यम से केन्द्र सरकार को हड़कायेंगे मोर्चा के कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा द्वारा आगामी 12 दिसंबर को दिल्ली में आहूत संसद भवन घेराव 'हुड़का जाम' कार्यक्रम को सफल बनाने तथा इसमें अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को जागरूकता रैली निकाली गई। मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव रामपोदो महतो के नेतृत्व में रैली की शुरुआत गोंदलीपोखर चौक स्थित शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई।

यह रैली गोंदलीपोखर से टाटीसिलवे तक गयी। इस दौरान कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल करने के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गयी।

मौके पर रामपोदो महतो ने कहा कि विगत दिनों रेल रोको कार्यक्रम की अपार सफलता के बाद समाज के लोगों में एक नयी ताकत और हौसला दिखा है जो आंदोलन को अंतिम मुकाम तक ले जाने में काफी मददगार साबित होगा। इसी क्रम में आगामी 12 दिसंबर 22 को दिल्ली में आहूत संसद भवन घेराव 'हुड़का जाम' कार्यक्रम में लाखों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल होंगे।

उन्होंने समाज के लोगों को आहवान करते हुए कहा कि समाज के लिए अब कुर्बानी देने का समय आ गया है। सरकार की हठधर्मिता की हद हो गई है तथा समाज के सामने करो या मरो की स्थिति है। इसलिए समाज का युवा वर्ग हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहे। कार्यक्रम में मोर्चा के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो, केन्द्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो, बाबुराम महतो, लबु महतो, सोनालाल महतो, अजीत महतो, राजु कुमार, कमलेश चैधरी, बसंत महतो, नरेश महतो, दिनेश महतो, गबेश्वर महतो, आनंद महतो, मुकेश महतो, महेश महतो, बरतु महतो आदि शामिल थे।

## साल्हन सरना स्थल में झंडा बदली कार्यक्रम में पारंपरिक तरीके से की गयी पूजा-अर्चना

**शिक्षा और संस्कार सभी धर्मों की पूंजी है : अनुराधा मुण्डा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के साल्हन गांव स्थित सरना स्थल पर हर वर्ष की भांति रविवार को झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा थीं। कार्यक्रम में झंडा बदलने से पूर्व सरना धर्म के रीति रिवाज का पालन करते हुए विधि विधान के साथ पाहन पूजा की गई तथा कार्यक्रम को शुरू किया गया।

मौके पर सरना धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए अनुराधा मुण्डा ने कहा कि रूढ़ीवादी व्यवस्था ही आदिवासियों के धर्म संस्कृति की पहचान है तथा इसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। आज इस व्यवस्था में कई तरह के हमले किये जा रहे हैं। दिग्भ्रमित कर उनकी पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। इस अवसर पर 21 धर्म बहनों का उपवास खत्म कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता रामसाय मुण्डा, धर्मगुरु शनि मुण्डा, विशाल स्वांसी, पाहन राजा राजन पाहन, सुदर्शन मुण्डा, मनक करमाली, अविनाश नायक, सरस्वती मुण्डा सहित सैकड़ों की संख्या में सरना धर्म भाई-बहन शामिल हुए।

## कीर्तन मंडली के सदस्य पुरी के लिए रवाना

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के कीर्तन मंडली एवं उससे जुड़े पचास सदस्यों का दल रविवार को पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पुरी (उड़ीसा) के लिए रवाना हुआ। मंडली के सदस्य पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में कल सात नवंबर को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्थानीय जगन्नाथ मंदिर परिसर से रविवार को सदस्यों को पुरी के लिए श्रद्धालुओं ने विदा किया। पुरी जाने वालों में मुख्य रूप से बाबा श्रवण महतो, शंकर महली, सीताराम महतो सहित इटकी, सकरा व अन्य कीर्तन मंडली के सदस्य शामिल हैं।

## घघारी बाबा धाम कीर्तन मंडली ने चबूतरा के जीर्णोद्वार का लिया निर्णय

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** घघारी बाबा धाम समिति की बैठक रविवार को की गयी, जिसमें कीर्तन कुंज का जीर्णोद्वार एवं छत को नया ढलाई करने का निर्णय लिया गया। छत ढलाई एवं मरम्मति का कार्य झारखंड यादव महासभा के सदस्य सह समाजसेवी राजकमल गोप ने बनवाने की जिमेवारी ली। मौके पर घघारी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू, समाजसेवी राजकमल गोप, विनय पाठक, सेवक सिंह, भुवन महतो, राधेश्याम सिंह, देवेंद्र वर्मा, रंजीत महतो, सीताराम पाठक, अजय दास गोस्वामी, कृष्णा गोप, सुदर्शन महतो, सुधीरचंद्र साहू, महावीर महतो, संजय कुमार मौजूद थे।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच किया कपड़े का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में रविवार को कपड़ा बैंक के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल सहित अन्य कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के सदस्यों द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब, परिवार के बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष एवं महिलाओं के बीच 250 कपड़ों का वितरण किया गया। जिसमें विनय वस्त्रालय बेड़ो ने विशेष सहयोग किया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा है कि गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है। हमें अपने पुराने कपड़ों से ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए इससे हमारे कपड़े का सदुपयोग होगा और जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रत्येक रविवार को कपड़ा बैंक के द्वारा गांव को चिन्हित कर कपड़ा का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने मोहल्ले व आसपास बेसहारा जरूरतमंदों को इस कपड़ा बैंक के बारे में बतायें और इस मुहिम में हमारे साथ जुड़ें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को एक छोटी सी कोशिश कर बढ़ी राहत दे सकें। वहीं बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बेड़ो, लापुंग, इटकी मांडर व चान्हो के लोगों से अनुरोध किया है कि आपके पास अनुपयोगी कपड़ा हो तो उसे हमें दें ताकि हम उसे जरूरमंदों तक पहुंचा सकें। कपड़ा बैंक में कपड़ों की कमी हो गई है, जो कपड़ा देना चाहते हैं तो हमें जरूर संपर्क करें और लोगों के सहयोग में हमारा साथ दें। आप अपना कपड़ा बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं और हमारे सदस्यों से भी संपर्क कर सकते हैं। मौके पर वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, रवि केशरी, मुकेश कुमार मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** ईंटा पंचायत में जलछाजन विकास अवयव 2.0 विषय पर जागरूकता कर्मशाला का आयोजन

# कृषि विकास, समन्वय व संकल्प से बेड़ो बनेगा रोल मॉडल : अजय तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** जलछाजन प्रबंधन से ही कृषि का विकास होगा। वर्षा आधारित कृषि को आपसी सहभागिता, समन्वय और संकल्प से विकास की मंजिल को साकार किया जा सकता है। उक्त बातें भूमि संरक्षण विभाग के भारत सरकार के सचिव अजय तिर्की ने कही। वे परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के तत्वावधान में रविवार को प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत प्रखंड के ईंटा पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित जलछाजन विकास अवयव 2.0 विषय पर जागरूकता कर्मशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के अलग-अलग जिलों में जल छाजन योजनाएं चलाई जा रही हैं। बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में कृषि क्षेत्र का समग्र विकास की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आपसी सहभागिता व समन्वय बनाकर आम बागीचा, मछली पालन, बत्तख पालन व खाली जगहों पर तालाब कृषि कार्य पर उपयोग कर बेड़ो प्रखंड को एक विकास का रोल मॉडल प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने कृषि क्षेत्र की व्यापक प्रगति के लिए जलसंग्रहण पर जोर दिया। महिला सशक्तीकरण पर महिलाएं इस क्षेत्र में आगे आयें, उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने जलछाजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही किसानों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। जहां 112 लाभुकों के बीच उन्नत चूल्हा, 117 किसानों के बीच किचन गार्डेन, पौधा किट सेट व वर्मी कंपोस्ट व महिला समूह के बीच ट्रेक्टर का वितरण किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अनिल कुमार व धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय सीओ सुमंत तिर्की,बीपीओ संजय तिर्की,पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा मुखिया अनीता बाड़ा, राजेश सहाय,तंजीर हुसैन,रंजीत सिंह समेत दर्जनों समाजसेवियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सीएन ट्रेडर्स नामक दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन के शोरूम का उद्घाटन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 रोड स्थित फुसरटांड़ में सीएन ट्रेडर्स नामक शोरूम में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एयर वॉइस इंडिया (इवीआइ) की नये शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा नेता सन्नी टोप्पो के द्वारा फीता काट कर किया गया। टोप्पो ने कहा कि मांडर वासियों के लिए यह एक सौगात है। मांडर चान्हो का आम आदमी भी इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग अपने दैनिक जीवन में कर सकेगा। इससे जहां एक तरफ बढ़ते प्रदूषण की मार झेल रहे शहर को प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी, वहीं दूसरी तरफ आम जनता की जेब को भी रोजमर्रा के वाहन पर किये जाने वाले खर्च से राहत मिल सकेगी। ये दुपहिया वाहन पूरी तरह से बैटरी चालित हैं, जो अपने घर पर ही आवासीय बिजली से चार्ज किये जा सकते हैं। शो रूम के संचालक छोटू (छोटका) ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण के लिए एक बेहतर विकल्प हैं तथा कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। मौके पर करण सिंह झारखंड स्टेट हेड, विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, आजाद अंसारी, एकबाल अंसारी, करमा उरांव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सिकिदिरी में सत्येंद्र मेटल स्टोर ने लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सत्येंद्र मेटल स्टोर पांचा द्वारा रविवार को पांचा फुटबॉल मैदान में लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ड्रा में प्रथम पुरस्कार एलईडी, द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन, तीसरा गैस चूल्हा, चौथा पुरस्कार जूस मशीन सहित पचास पुरस्कारों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ओरमांझी पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, झारखंड के कलाकार मजबूल खान, मुखिया सुफल महली, पंसस मानसी देवी, कुटे मुखिया बालमती देवी, उपमुखिया अजय महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लुपुंग पंचायत स्थित मिनी स्टेडियम में शहीद निर्मल महतो दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत स्थित मिनी स्टेडियम में रविवार को स्थानीय युवकों की ओर से शहीद निर्मल महतो दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने झंडा दिखाकर किया। मौके पर अनुराधा मुण्डा ने कहा इस तरह के आयोजन से युवा वर्ग मे खेल के प्रति लगाव और दिलचस्पी बढ़ेगा जो कहीं ना कहीं ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने आने में मदद मिलेगी। बाद में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट धावकों को मेडल एवं नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में चिलदाग मुखिया दुर्गा पहान, लुपूंग मुखिया शांति देवी, हेसल मुखिया कविता देवी, सोहन मुण्डा, रामसाय मुण्डा, तनीजर मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक बरौदी मेला संपन्न




**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक बरौदी मेला रविवार को संपन्न हो गया। बरौदी मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष देवोत्थान के अवसर पर किया जाता है। मेला में बुढ़मू समेत रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, चतरा, लोहरदगा के हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेला में बतौर अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कांके विधायक समरीलाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश बैठा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, रणधीर चौधरी शामिल हुए। मेला में मिठाई, ईख, कृषि उपकरणों समेत घरेलू सामग्रियों की जमकर बिक्री हुई। मेला में मेलार्थियों ने विभिन्न तरह के झूलों का जमकर लुत्फ उठाया। मेला को सफल बनाने में समिति के रामजतन पाहन, रफीक अंसारी, मुखिया दशरथ उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, उपमुखिया शिवकुमार मुंडा, छतीश्वर महतो, बलराम महतो, शंभु साहू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## आजसू पार्टी की नामकुम (पश्चिमी) प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी नामकुम प्रखंड (पश्चिमी) अंतर्गत तुपुदाना में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष पिंटू नायक की अध्यक्षता में पंचायत प्रभारियों की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि नामकुम प्रखंड प्रभारी सह रांची जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा एवं नामकुम प्रखंड उप प्रमुख वीणा देवी शामिल हुई। बैठक में नामकुम प्रखंड के हर गांव एवं पंचायत में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के दिशा निर्देशानुसार एक सप्ताह के अंदर हर गांव एवं पंचायत में संगठन का ग्राम प्रभारी बनाने को लेकर पंचायत प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर रांची महानगर वरीय उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, रांची जिला सचिव कुदरत शेख, समाज सेवी धीरज मिश्रा, प्रखंड मीडिया प्रभारी पारस महतो, मधु सिंह, अचलय तिर्की, अजीत नायक, छोटू नायक, सचिन नायक, राजा नायक, किशोर नायक, सिकेंदर नायक, विजय, जीतेश, निकोलस मुंडा, मिन्हाज अंसारी, राकेश कुमार, सावित्री देवी, सीता देवी, विनोद मुंडा, राजेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लीज नवीनीकरण की जमींदारी प्रथा खत्म हो : केएन त्रिपाठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव की तारीख के ऐलान के पहले ही मेदिनीनगर शहर का राजनीतिक पारा गर्म हो गया है। मेयर अरुणा शंकर ने खासमहाल भूमि मामले पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को एक दिन पहले घेरा था। इसके बाद मेयर पर पलटवार करने के लिए पूर्व मंत्री ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस किया। जिसमें मेयर और उनके पति पर खासमहाल भूमि को फ्री होल्ड करने के मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि नगर निगम के जन प्रतिनिधियों के गैर जिम्मेदाराना रवैए के कारण खासमहाल भूमि का मामला उलझा हुआ है। फ्री होल्ड के नाम पर मेयर का परिवार सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में बना रहना चाहता है। रघुवर दास के मुख्यमंत्री रहते हुए जनता से फ्री होल्ड का वादा किया गया था। रघुवर दास के साथ मिलकर मेयर और भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने जनता को छलने का काम किया है। निगम की बोर्ड में फ्री होल्ड का प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजा जाना चाहिए था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब इस अंग्रेजी व्यवस्था के खिलाफ वह संघर्ष करेंगे। शहर के व्यवसायियों और गणमान्य को एक मंच पर लाकर प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त सचिव से मिलेंगे। हेमंत सोरेन से लीज नवीकरण की जमींदारी प्रथा को समाप्त कर सभी को फ्री होल्ड करने का आग्रह करेंगे।हेमंत सरकार ने जनहित में कई बड़े काम किए हैं। पुरानी पेंशन,पारा टीचर जैसे समस्याओं का निराकरण किया है। प्रेस कांफ्रेंस में व्यवसायी श्रवण गुप्ता,रामदास साहू मौजूद थे।

### खास महल भूमि को फ्री होल्ड कराने को लेकर पलामू चेंबर आंफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने की बैठक

# सलामी एक गुलामी है: महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक बैठक खासमहाल के काले कानून को लेकर होटल ज्योति लोक के सभागार में आनंद शंकर की अध्यक्षता में की गई। जिसमें व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डाल्टेनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई नवल तुलस्यान, नीलू तुलस्यान, मो. मुमताज खान, चंदू पांडे, सुरेश जैन, सुनील गिरी, ज्ञानचंद पांडे, कौशल जयसवाल ने इस जटिल समस्या पर विशेष प्रकाश डाला तथा सर्वसम्मति से सभी लोगों ने निर्णय लिया की दो कमेटी बनाकर इसका क्रियान्वयन किया जाये। बैठक में महापौर अरुणा शंकर भी उपस्थित थी जिन्हें सभी लोगों ने उपायुक्त के यहां हुई। बैठक में बैठक की कार्रवाई पर हस्ताक्षर नहीं करने तथा विरोध करने के लिए स्वागत किया। महापौर ने कहा मैं आप सब के निर्णय के साथ खड़ी रहूंगी जब देश से जमीदारी खत्म हो गई तो खास महल की जमीदारी क्यों। महापौर ने कहा खास महल की सलामी एक आजाद देश की गुलामी है। सभा ने निर्णय लेकर दो कमेटी बनाई है



पहले न्यायपालिका कमेटी जिसमें प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, विनोद उदयपुरिया, संजय कुमार, सुधीर अग्रवाल, सुनील गिरी तथा चंदू पांडे ने सहमति दी है। दूसरी विधायिका कमेटी जिसमें ज्ञान चंद पांडे, सुरेश जैन, मुमताज खान, आनंद शंकर,कौशल जायसवाल, इन्द्रजीत सिंह डिंपल, कृष्णा अग्रवाल, सैकत चटर्जी प्रमुख है। अगली बैठक में कमेटी में कई और लोगों को जोड़ने की तैयारी है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह पुनः पलामू सांसद वीडी राम एवं स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया के साथ बैठक रखी जायेगी। वही न्यायपालिका कमिटी सुप्रीम कोर्ट के बड़े अधिवक्ता से इस कानून को समाप्त करने के लिए राय विमर्श करेगा। बैठक में काफी संख्या में लीज धारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया।

### मंत्री जी यह निगम नहीं कैबिनेट का मुद्दा है : महापौर

महापौर अरुणा शंकर ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर की केएन त्रिपाठी कहते हैं खास महाल लीज के संबंध में निगम ने इस पर कभी कोई अपना प्रपोज सरकार को नहीं भेजा तो महापौर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मैं तो समझती थी माननीय पूर्व मंत्री जानकार होंगे पर मुझे अब समझ में आया कि उनके कैबिनेट में रहते हुए भी लीज का दर कम क्यों नहीं हुआ। पूर्व मंत्री जी इस तरह के निर्णय कैबिनेट लेता है ना कि निगम और कैबिनेट में माननीय विधायक तथा मंत्री प्रस्ताव लाते है ना कि महापौर का प्रस्ताव जाता है। चलिए मैं आपको वचन देती हूं अगर आप लीज धारियों के सच्चे हितैषी है तो समाचार पत्र के माध्यम से दो दिनों के अंदर मुझे सूचित करें कि बोर्ड से क्या प्रस्ताव लाना है और मैं वचन देती हूं 15 तारीख से पहले बोर्ड कर जनहित में आपका दिया गया प्रस्ताव प्रथम एजेंडा मे रख सर्वसम्मति से पारित कर 24 घंटे के अंदर पत्र दूंगी ताकि निगम चुनाव से पूर्व खासमहाल का समाधान आप करवा सके। इसके अतिरिक्त भी मंत्री जी आप कोई पत्र निगम से चाहेंगे तो मुझे सार्वजनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित करें उसे भी जनहित में उपलब्ध कर आऊंगी। पूर्व मंत्री जी आप राष्ट्रीय स्तर के नेता है मेरा आपसे एक और प्रार्थना है की सरकार के पास चौधराना व्यवसायियों का मुद्दा भी लंबित है। हम सबों ने बोर्ड से तीन रुपये पारित कर पत्र सचिव को दे दिया है कृपया इसे भी सरकार से करा दे हम सब व्यवसाई आपके आभारी रहेंगे।

## विहंगम योग समारोह की तैयारी पूरी, आज से शुरू होगा कार्यक्रम



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के द्वारा दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 2101 कुंडीए विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शहर के बीसफुटा चौक स्थित वैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। सात नवंबर से समारोह शुरू होगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है।रविवार को सदर सीओ जेके मिश्रा, सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार एवं ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने प्रवचन पंडाल, यज्ञ स्थल,भोजनालय,वाहन पार्किंग व अन्य जगहों का अवलोकन किया।आयोजन समिति के सदस्यों से बातचीत के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। संस्थान के जिला परामर्शक नंदलाल पासवान व संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने बताया कि सोमवार से कार्यक्रम शुरू होगा। द्वितीय परंपरा सदगुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज समारोह में भाग लेंगे। सुबह सात बजे से अ अंकित श्वेत ध्वजा फहराया जायेगा और योग शिविर शुरू होगा। दोपहर में शोभायात्रा निकाली जायेगी।शाम चार बजे से योग शिविर एवं शाम पांच बजे से संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्य वाणी शुरू होगी।आठ नवंबर को सुबह में योग शिविर एवं दस बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति वैदिक महायज्ञ शुरू होगा। शाम पांच बजे से संत प्रवर की दिव्य वाणी एवं सात बजे से आचार्य श्री स्वतंत्रदेव जी महाराज की अमृत वाणी शुरू होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में भक्तजन व सेवा प्रभारी पूरी सक्रियता के साथ लगे हुए है।

## रामगढ़ की खबरें

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पतरातू में लगाया शिविर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर के वर्किंग हॉल में रविवार को रामगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्राधिकार के सचिव दिलीन राजेश्वर तिर्की, एसडीजेण्म गौतम राकेश, पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय, मंजरी चाकी, बीबी जाहिदा, पीएलवी विजय सिंह आदि मुख्य रुप से शामिल थे। इस मौके पर डालसा सचिव दिलीप राजेश्वर तिर्की व पैनल अधिवक्ता कौशल कमार सिन्हा आदि ने दहेज उत्पीड़न, डायन प्रथा, बाल श्रम, महिलाओं पर होने वाले अपराध व उनके अधिकार के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से समाज का सशक्तिकरण किस प्रकार हो सकता है इसके विषय में विस्तार से बताया गया। प्रधिकारियों के द्वारा 6 कम्बल 4 जॉब कार्ड, एवं 1 वैशाखी का वितरण किया गया। मौके पर पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता, परमानंद राजीव, सोनी विश्वकर्मा सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित साईं नर्सिंग होम में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 210 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में डॉ रेणु कुमारी, डॉ अरुण कुमार,डॉ मनु कुमार, डॉ एस समीक्षा, डॉ एस प्रवीण ने अहम योगदान दिया। नर्सिंग होम के प्रबंधक ने बताया कि इस प्रकार का शिविर प्रत्येंक महिने लगाया जाएगा। शिवरि का सफल बनाने में अस्पताल प्रबंधक गुड्डु सिंह (अजय सिंह) राकेश, सेतु, ब्रिजेश, वैशाली, मोनिका, सीमा, पिंकी, सोनी, अभिषेक, सुमन, नुशरत, तसदीक, सुमित आदि का पुरा सहयोग रहा।

### हरिहरपुर पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन मुखिया गीता देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया गीता देवी ने कहा कि इस केंद्र के खुलने से ऑनलाइन होने वाले सारे काम अब आसानी से अपने पंचायत भवन में होगा। इसमें जाति, आय, आवासीय, पैसे की निकासी आदि, सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का ऑनलाइन कार्य अभी पंचायत भवन में सुगमता पूर्वक संपन्न हो सकेगा। साथ है सोमवार को जनता दरबार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी भी इस पंचायत में जोरों से चल रही है ताकि लोगों की समस्या सरकार तक पहुंचे और सभी की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राम नरेश महतो, पंचायत समिति सदस्य भरत कुमार, उप मुखिया प्रेम महतो, सुरेश महतो, वार्ड सदस्य पिंकी देवी, कलदेवनाथ, सुखदेव महतो, विकास मुंडा, विरेंद्र कुमार राजेंद्र ठाकुर जय प्रकाश शर्मा मौजूद थे।

## जरासंध जयंती सह मिलन समारोह धूमधाम से मनाया, निकाली शोभायात्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन टाउन हॉल में जरासंध जी महाराज की जयंती सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू एवं संचालन शैलेश चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने विस्तार से चन्द्रवंशी समाज के इतिहास को बताया एवं समाज को एकजुट होकर रहने का संकल्प दिलाया। पूजा समिति के संरक्षक सतीश कुमार ने कहा कि एक गुट सब जुट के योजना पर पलामू के सभी चंद्रवंशी समाज के लोग आज हजारों की जुटान ही जागरूकता की ओर ईंगीत करता है। चंद्रवंशी समाज की एकजुटता पलामू प्रमंडल की राजनीति समीकरण को बदल देगी। स्वागताध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा समाज जागरूकता और एकजुटता पूरे झारखंड को रौशनी देगी। जरासंध जयंती पर हम सेवा और सहयोग करने का संकल्प लेता हूं। महाराज जरासंध पूजा समिति के अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू ने कहा कि जयंती सह मिलन समारोह हमारे समाज की एकजुटता को प्रदर्शित किया है। राजनितिक महात्वाकांक्षी से उपर उठकर समारोह को सफल करने मे समाज के सभी लोग पूरी तनमयता से लगे समाज के सैकडों गांव व पंचायत मे लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके लिए उनका दिल से अभिवादन करता हूं। पूजा के बाद शहर मे शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर बिक्की चन्द्रवंशी, रामानुज प्रसाद,रामनाथ चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, शैलेंद्र कुमार शैलु, शैलेश चंद्रवंशी, बिजय चंद्रवंशी, श्रीकांत चंद्रवंशी, रंजन कुमार सिंह, अधिवक्ता प्रयाग राज, सुधीर चंद्रवंशी,बबलू चंद्रवंशी, अरुण चंद्रवंशी, मुकेश चन्द्रवंशी, छात्र नेता अभिशेख राज, आयुष कश्यप, श्याम लाल चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, डॉ गणेश चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, समाज के सभी वार्ड पार्षद चंचला देवी, अंजाना देवी, निशा देवी, प्रदीप अकेला, भीम चंद्रवंशी एवं अन्य राजनीतिक दलों में कार्यरत समाज के सभी लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सभी उपस्थित समाज के महिला पुरुषों को शाल एवं पगड़ी दे कर सम्मानित किया गया।

## हुसैनाबाद में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता लल्लू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रतन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 14 सखी मंडल के बीच 28लाख का ऋण वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लल्लू सिंह ने कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है। शिविर मे प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, फुले बाई योजना के तहत लोगों को प्रमाण पत्र मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लोगों के कार्यों का निष्पादन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के लाभ कैसे ले सकते है इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी। मौके पर बीडीओ रतन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को विधिक जागरूकता शिविर से जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन जेएस एलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार ने किया। मौके पर मुखिया सुदामा यादव, मनोज भारती, विजय राम, पंसस अजित सिंह, श्रवण राम, योगेंद्र सिंह, समाजसेवी रामजी राम, मनरेगा बीपीओ अमन कुमार, मो. शमीम,आवास कॉर्डिनेटर अजय कुमार, अंचल के बड़ा बाबू सुनील सिंह समेत कई विभाग के कर्मी एवं पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

## हुसैनाबाद प्रखंड की बेनी कला पंचायत के पीडीएस डीलर निलंबित



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी कला पंचायत के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार सत्येन्द्र कुमार सिंह पर उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने के मामले में जांच के बाद बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीडीओ सह एमओ रतन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त पीडीएस दुकानदार के खिलाफ पंचायत के उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिल रही थी, इसके उपरांत पंचायत के सचिव और मुखिया द्वारा इस सत्यता की जांच कराई गई। जिसमें खाद्यान्न वितरण कार्य में व्यापक गड़बड़ी करने का खुलासा हुआ। जिसके उपरांत उक्त पीडीएस डीलर को निलंबित कर दिया गया। एमओ ने बताया कि सत्येन्द्र सिंह के पास एक और पीडीएस दुकान श्रीकांता स्वयं सहायता समूह चलता था। परंतु निलंबित के बाद सत्येंद्र सिंह का दुकान गुलाब स्वयं सहायता समूह को दे दिया गया है। जबकि श्रीकांता स्वयं सहायता समूह को अलका स्वयं सहायता समूह को वितरण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने कहा है कि राशन समेत अन्य सामग्री वितरण करने में कहीं से कोई भी पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ शिकायत मिलने पर किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## जमुहारी माई मंदिर परिसर में देव दीपावली का आयोजन आज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट परिसर में देव दीपावली मनाया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी श्री चारधाम एवं सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने दी है। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जमुहारी माई एवं सूर्य मंदिर परिसर में देव दीपावली मनाई जायेगी। साथ ही भक्ति जागरण का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना भी सुनिश्चित हुआ है। मौके पर समाजसेवी सतेंद्र कुमार गुप्ता, मुकेश पटेल आदि लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप अपने आखिरी लीग मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से 10 नवंबर को एडिलेड में होगा।

### भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा

# जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया, अश्विन के 3 विकेट, सूर्या और राहुल के अर्धशतक

एजेंसी

**मेलबर्न।** टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप अपने आखिरी लीग मैच में जिंबाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से 10 नवंबर को एडिलेड में होगा। रविवार को कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। 20 ओवर में 5 विकेट खोकर भारत ने 186 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव ने 25 बॉल में 61 रन बनाये। उनका स्ट्राइक रेट 244 रहा। इस दौरान 6



चौके और 4 छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी 35 बॉल में 51 रन बनाये। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट शॉन विलियम्स ने लिए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। अश्विन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी को 2-2 विकेट मिले। भारत ने ग्रुप-2 में अपने 5 में से 4 मुकाबले जीते और 8 अंक के साथ नंबर-1 पर पहुंच गया। इस ग्रुप से क्वालिफाई करने वाली दूसरे टीम पाकिस्तान रही। उसके 5 मैच में 6 अंक हैं। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड पहले और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा। रोहित शर्मा के जल्दी आउट होने के बाद केएल राहुल और विराट कोहली ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों के बीच 48 बॉल में 60 रन की साझेदारी हुई। रोहित शर्मा के जल्दी आउट होने के बाद केएल राहुल और विराट कोहली ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों के बीच 48 बॉल में 60 रन की साझेदारी हुई।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

**भारतः** केएल राहुल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वेः** वेस्ले मधेवेयरे, क्रेग इरविन (कप्तान), रेजिस चकाबवा (विकेटकीपर), शॉन विलियम्स, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, रेयान बर्ल, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड एनगरवा, तेंदई चतारा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

## सेमीफाइनल मैच को लेकर रोहित का बयान, खिलाड़ियों को किया सावधान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के अर्धशतक के बाद रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत आइसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने अंतिम मैच में जिंबाब्वे को 71 रन से हराकर ग्रुप दो में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा। जहां उसकी भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। भारत के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे ने अश्विन (22 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद शमी (14 रन पर दो विकेट) और हार्दिक पांड्या (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाये और पूरी टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर ढेर हो गई। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा की, साथ ही सेमीफाइनल मैच को लेकर खिलाड़ियों को सावधान भी किया। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मैच को लेकर रोहित ने कहा कि टीम को इसे हल्के में नहीं लेना होगा क्योंकि यह प्रेशर वाला मैच होगा। उन्होंने कहा, हमारे लिए जल्द से जल्द परिस्थितियों से तालमेल बिठाना महत्वपूर्ण होगा। हमने वहां मैच खेला है लेकिन इंग्लैंड हमारे लिए अच्छी चुनौती होगी। दो टीमें एक-दूसरे से भिड़ रही हैं, यह एक शानदार मुकाबला होगा। हमें यह समझने की जरूरत है कि प्रत्येक खिलाड़ी को क्या करना चाहिए। यह हाई प्रेशर मैच होने वाला है। हमें अच्छा खेलने की जरूरत है।

आजाद सिपाही

रांची, सोमवार, 07 नवंबर, 2022

www.azadsipahi.com




## बेखौफ चोरों ने उड़ाये हनुमान जी की चांदी की आंख

अलकडीहा (आजाद सिपाही)। चोरों के प्रकोप से भगवान भी अछूते नहीं है। शनिवार की देर रात लोदना ओपी अंतर्गत कुम्हारपट्टी के हनुमान मंदिर में चोरों ने भगवान हनुमान के मंदिर से चांदी की आंख ही चोरी कर ली। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि लोदना कुम्हार पट्टी के पास स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने भगवान की चांदी की आंख चोरी कर ली है। मंदिर काफी पुरानी है। रोज की तरह सुबह मंदिर में जब गांव के श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे तो हनुमान जी के चांदी की आंख गायब देख हतप्रभ हो गए। इसके बाद हो-हल्ला होने पर भीड़ जमा हो गई। कुम्हारपट्टी बस्ती के ग्रामीणों ने कहा कि इससे पूर्व में भी दुर्गा मां का मुकुट चोरी हो गया था। आए दिन चोरों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। इस घटना पर ग्रामीणों ने लोदना पुलिस पर सवाल उठाए हैं।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 25 फीसदी महिलाओं और युवतियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण

# सिलाई मशीन पाकर आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



महिलाओं के बीच सिलाई मशीन आवंटित करते विधायक डॉ लंबोदर महतो।

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म संतोषी मंदिर स्थित जीवन ज्योति जन कल्याण केंद्र प्रांगण में रविवार को ओएनजीसी, सीबीएम, परिसंपत्ति बोकारो के सामाजिक दायित्व निर्वाहन के तहत एकीकृत आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 25 फीसदी महिलाओं और युवतियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो और ओएनजीसी के जीएम रामा राव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन जीवन ज्योति केंद्र के सचिव सूरज कुमार यादव ने किया। विधायक ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत और स्वावलंबी बनाने की दिशा में जीवन ज्योति जन कल्याण केंद्र का यह कदम सराहनीय है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ सकेगी। उन्होंने कहा कि निःशुल्क सिलाई मशीन मिलने से महिलाएं आत्मनिर्भर होंगीं और आर्थिक रूप से सशक्त होगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आपने जो सिलाई का प्रशिक्षण लिया है उसका भरपूर लाभ उठाएं। जो आगे चलकर आपके लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने कहा कि कोई भी ज्ञान हासिल करना बुरी बात नहीं है। महिलाओं ने जो सिलाई का ज्ञान हासिल किया है यहीं उनके बुरे दिनों में कारगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अहम हो गया है। एक शिक्षित महिला अपने पूरे परिवार का भरण पोषण के साथ ही अच्छे तरीके से सभी कार्य संचालन करती है। अगर एक महिला शिक्षित हो जाए तो उसकी अगली पीढ़ी भी शिक्षित व रोजगारोन्मुख हो जाती हैं।

इस मौके पर होसिर पूर्वी के पूर्व मुखिया घनश्याम राम, समाजसेवी जयप्रकाश तिवारी, मोहन नायक, योगेंद्र केवट, सोहित प्रसाद, विनय साव, संदीप मिर्धा, लक्ष्मी नायक, सुमन देवी, रेणुका देवी, आयशा परवीन, अंजली कुमारी और आमना खातून आदि उपस्थित थीं।

## सड़क दुर्घटना में व्यवसायी विनोद पांडे की मौत



बलियापुर (आजाद सिपाही)। बलियापुर क्षेत्र के सिंदूरपुर निवासी व्यवसाई सह सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पांडे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इससे पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। जानकारी के मुताबिक व्यवसाय कार्य को लेकर बाइक से गोविंदपुर जा रहे थे, तभी गोड़तोपा के समीप किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए, जिससे मौत हो गई। रविवार तड़के तीन बजे राहगीरों ने विनोद पांडे को लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा। इसकी सूचना (108) एंबुलेंस को दी गई। आनन-फानन में विनोद को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम उपरांत उनके शव को उनके आवास लाया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बीडीबीए की टीम बनी विजेता



बोकारो (आजाद सिपाही)। 19वीं सब जूनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के बालकों की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से रविवार के बीच हजारीबाग जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से किया गया था। बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम ने अपने सभी लीग मैचों में धनबाद, जमशेदपुर एवं सिंदरी को हराकर ग्रुप विजेता रही। सेमीफाइनल में ईस्ट सिंहभूम को परास्त कर फाइनल मुकाबले में पहुंची। फाइनल में बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के खेलाड़ियों ने शानदार तकनीक, तालमेल का परिचय देते हुए संघर्ष पूर्ण मुकाबले में अमनदीप, मृदुल, नवीन, शुभ, प्रियम, अयान, निखिल, आशिक, साहिल, कृष्णा, अमन, एवम हर्षित ने सिंदरी की टीम को 33-31 से पराजीत किया। टीम की सफलता पर संरक्षक प्रकाश सिंह, अध्यक्ष राम नारायण पंडित, उपाध्यक्ष राम लखन मिस्त्री, विजय मिंज, सचिव संजीव कुमार, बिनोद कुमार, मनोज दूबे, निखिल ओझा, मुद्दसिर खान, नीरज कुमार, मंनिन्दर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हारून अंसारी, राकेश कुमार, कौशल कुमार, अविनाश, अजय लकड़ा, कुणाल, बोकारो जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम, जिला ओलिम्पिक संघ के सचिव गोपाल ठाकुर आदि ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

# जागरूकता शिविर में 106 लाभुकों के बीच 39.51 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण

### चंदनकियारी व जरीडीह में मेगा विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं माननीय प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष कुमारी रंजना अस्थाना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बोकारो द्वारा चंदनकियारी एवं जरिडीह प्रखंड कार्यालय में मेगा विधिक जागरूकता (सशक्तिकरण) शिविर का आयोजन किया गया। चंदनकियारी प्रखंड कार्यालय के शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के सचिव निभा रंजना लकड़ा ने हिस्सा लिया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना और सरकार द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को सुलभ कराना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में ऐसी कई अवसरों को का लाभ हमें नहीं मिल पाता है। विधिक सशक्तिकरण शिविर द्वारा आपके किसी भी समस्या और आवश्यकताओं को ऑन स्पॉट पूरा करने का उद्देश्य है। लोगों को ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। जागरूकता शिविर में 106 लाभुकों के बीच कुल 39 लाख 51 हजार 500 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदनकियारी अजय कुमार वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जरीडीह उज्ज्वल सोरेन, अंचल अधिकारी चंदनकियारी रामारवि दास, अंचल अधिकारी जरीडीह नरेश रजक, उक्त पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत सचिवालय के कर्मचारीगण, पीएलवी एवं सैकड़ो संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो बाइक की जोरदार टक्कर में चार घायल

जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। झरिया सिंदरी मुख्यमार्ग पर रविवार शाम को डिगवाडीह बाजार में दो बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो कि हालत गंभीर बताई जा रही है। लोगों के अनुसार बाइक सवार गोपालीचक के युवक शंकर चौधरी अपने एक अन्य दोस्त के साथ कार्ड बांटने जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही एक अन्य बाइक पर सवार युवक सकाबुल अंसारी एवं दोस्त रेहान के साथ आमने सामने में टक्कर हो गई।

## सीआइएसएफ पर हुए हमले में छह नमाजद व 30 अज्ञात पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** बांसजोड़ा साइडिंग में सीआइंएसएफ के ऊपर हुए हमले में लोयाबाद पुलिस छह नमाजद और 25 से 30 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कांड अंकित किया है। इसमे पिंटू, मनोज, सन्नी, पंकज, राजन, देबू शामिल है। कांड अंकित करने बाद देर रात पुलिस की छापेमारी चली, हालांकि किसी भी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो सकी।

जख्मी जवान सीआईएसएफ अरूण उरांव के लिखित शिकायत पर थाना में कांड संख्या 54/22 दर्ज हुआ है। वहीं सभी पर धारा 149, 323, 325, 341, 427, 353, 307 के तहत कार्रवाई की गई है। रविवार सुबह इस मामले में सेन्द्रा की दो तीन महिला थाना पहुंच कर नामजद आरोपियों पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। पुलिस से लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग भी की है। सुगिया देवी नामक महिला का कहना था, केस दर्ज हुए नामजद लोगो और उसके परिजनों ने शक आधार पर उसके घर मे घुसकर मारपीट किया हैं। उन्हें शक है कि हमने पुलिस को इन लोगो का नाम बताया है। पुलिस माहिला का शिकायत लेकर जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरंजन महतो ने बताया कि महिला द्वारा थाने में शिकायत की गई है। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उक्त गांव के लोगों को समझा बुझा दिया गया है। यदि उक्त महिला के साथ इस तरह की हरकत दोबारा की जाती है तो उनलोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## 130 सेलपिकर मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर एकलब्य सिंह ने की जीएम से वार्ता



कतरास (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ (जमसं बच्चा गुट) के संयुक्त महामंत्री सह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर एकलब्य सिंह ने रविवार को बरोरा क्षेत्र के एएमपी कोलियरी के बेनीडीह लिंक साइडिंग में कार्यरत 130 सेलपिकर मजदूरों के लंबित छह सूत्री मांगों को लेकर जीएम पियूष किशोर के साथ वार्ता की। जहां ट्रांसपोर्ट कंपनी संजय उधोग के स्थानीय प्रबंधन एके दूबे भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट प्रबंधन द्वारा इस तरह से मजदूरों का शोषण किया जाना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सहमति जताने के बाद भी मजदूरों को अनुशंसित एचपीसी वेतन नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन की नकारात्मक रवैया के कारण मामला लंबित है। वहीं, जीएम ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इसमें 130 मजदूरो के चार साल का सीएमपीएफ स्टेटमेंट अतिशिघ्र सीएमपीएफ कार्यालय भेजना सुनिश्चित किया जायेगा। फिलहाल एक माह का ट्रायल के रूप में भेज कर सुचारू रूप से चालू करने पूरा प्रयास किया जायेगा। जीएम पियूष किशोर ने मजदूर वर्ग व उनके नेतागण से लगभग 15 दिन का समय लिया। वार्ता के दौरान मजदूरों ने बताया की सीएमपीएफ के खाता में मजदूरों का जो पैसा अधर में पड़ा करोड़ों रुपए का पूरा ब्योरा मजदूरों के खाते में जमा हो सके। इस मौके पर कार्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार, अशोक कुमार और नेताओं में केडी पाण्डेय, मुन्ना सिंह, सुभाष राय, टीबी सिंह, शंकर बेलदार, गिरीश शर्मा, पूण यादव, मनोज चौहान, ज्ञानीजैल सिंह, विणा सहचर, पुन यादव, अवधेश चौहान, पप्पू चौहान, योगी चौहान, बबलू राय, जय चौहान, किशोर चौहान, अमरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे। उधर, बाघमारा पहुंचने पर एकलव्य सिंह को फुल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं एकलब्य सिंह ने कार्यकर्ताओं को निर्भिक होकर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने का दिशा निर्देश दिया।

## हमें नहीं, बल्कि अधिकारियों को बता रहे फर्जी : विकास



महुदा (आजाद सिपाही)। पदुगोड़ा पंचायत सचिवालय में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान वर्तमान मुखिया महेश कुमार पटवारी द्वारा पूर्व मुखिया ममता देवी पर प्रधानमंत्री आवास योजनाओं में फर्जीवाड़ा करने का गंभीर आरोप लगाया था। इस पर पलटवार करते हुए पूर्व मुखिया ममता देवी के बेटे विकास अग्रवाल ने कहा कि मुझे आश्चर्य हो रहा है कि पांच साल पूर्व में 2010-15 तक पहले मुखिया थे। इस बार वर्तमान में भी मुखिया हैं। उन्हें अनुभव होने के बाद भी अपरिपकवता की निशानी हैं, जो इस तरह के अनर्गल ब्यानबाजी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जो स्कीम हैं, इसमें मुखिया या कोई जनप्रतिनिधि की प्रत्यक्ष रूप से कोई भूमिका नहीं हैं। अगर इसमें कोई आरोप लगाता हैं कि यह लिस्ट फर्जी हैं। तो वे उन सभी पदाधिकारियों को फर्जी बता रहे हैं, जो एक संवैधानिक पद पर पदस्थापित हैं। मुखिया ने राजनीतिक लाभ के लिए उनके खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे हैं।

## हैवी ब्लास्टिंग से मकान की छत क्षतिग्रस्त नाराज ग्रामीणों ने ठप कराया उत्पादन



कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के ब्लॉक टू परियोजना में रविवार की दोपहर हुई हैवी ब्लास्टिंग से पत्थर के कुछ टुकडे उड़कर ग्रामीणों के घरों पर गिरे, जिससे एस्बेस्टस का छत क्षतिग्रस्त हो गया। उधर, घटना के विरोध में ग्रामीणों ने ब्लॉक टू परियोजना का उत्पादन ठप्प कर दिया। जानकारी के मुताबिक इस दिन दोपहर तीन बजे बीसीसीएल के ब्लॉक टू परियोजना में हुई हैवी ब्लास्टिंग की वजह से परियोजना के समीप स्थित केसरगढ बस्ती के यशोदा देवी के घर पर पत्थर के टुकड़े गिरने से एस्बेस्टस सिट क्षतिग्रस्त हो गया। घटनाक्रम के समय यशोदा देवी कमरे में ही चरपाई पर लेटी थी। हालांकि वो बाल-बाल बच गई। इस घटना को लेकर बस्ती के ग्रामीणों ने हैवी ब्लास्टिंग से नाराज होकर ब्लॉक टू परियोजना का उत्पादन ठप्प करा दिया। खबर लिखे जाने तक घटनाक्रम पर कोई भी पदाधिकारी व स्थानीय प्रशासन नहीं पहुंचा था। ग्रामीणों ने बताया कि यशोदा देवी पूर्व से ही हृदय रोग से ग्रसित है। घटना के बाद से वह बीमार पड़ गई हैं।

## पिरगुल में गुरुवार के अलावा अब रविवार को भी लगेगा साप्ताहिक बाजार



कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी पंचायत के पिरगुल चौक के निकट अब रविवार को भी साप्ताहिक बाजार लगेगी। जिसका रविवार को विधिवत उद्घाटन स्थानीय मुखिया सरिता देवी, पंसस हेमंती देवी, उप मुखिया उमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्थानीय मुखिया सरिता देवी ने कहा कि काफी दिनों से गांव में साप्ताहिक बाजार खोलने की योजना चल रही थी। जिसका इंतजार अब खत्म हो गया है। अब यहां प्रत्येक गुरुवार की भांति रविवार को भी बाजार लगाया जाएगा। जिसमें सभी प्रकार के जरूरी सामग्रियों के दुकान लगाए जाएंगे। सभी प्रकार के ताजा साग-सब्जियां एवं फल के साथ घर एवं रसोई में इस्तेमाल होने वाले सभी प्रकार के सामानों, मसाला एवं खाद्य सामग्रियों की बिक्री भी इस बाजार में की जाएगी। बताया गया कि इस साप्ताहिक बाजार में कृषि में उपयोग होने वाले छोटे-छोटे उपकरण, बच्चों के खिलौने, कपड़ों, खेल सामग्री, चप्पल-जूते एवं महिलाओं के श्रृंगार प्रसाधन भी बाजार में उपलब्ध होंगे। ग्राहक उचित मूल्य पर सामान खरीद सकेंगे। पिरगुल में साप्ताहिक बाजार लगने से कई गांव के लोगों को फायदा होगा। मुरहुलसुदी, कोतोगडा, रोरिया, टोंडरा, चौड़ा, भुरसाटांड, सुदी, पाडी, जुमरा, डमरडीह, करमा, खुदीबेड़ा, देशवल, गट्टीगढ़ा समेत दर्जनों गांवों के लोगों को फायदा होगा। उन्हें अपने जरूरत के सामानों के लिए कई किलोमीटर दूर बाजार नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर वार्ड सदस्य प्रेमचंद कालिंदी, मणिलाल मुंडा, अखिलेश मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, मनोज महतो, नरेश महतो आदि थे।

### प्रकाश पर्व : लंगर में प्रसाद वितरण और शबद कीर्तन में शामिल हुईं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह

# गुरु नानक देव के 553वें प्रकाशोत्सव पर्व पर निकली भव्य शोभा यात्रा

### कोयरिबांध गुरुद्वारा में भ्जजन व शबद कीर्तन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** गुरुनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाश पर्व उत्सव रविवार को देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुनानक जयंती पर झरिया कोयरीबांध स्थित गुरुद्वारा में भजन व शबद कीर्तन हुआ। शबद कीर्तन में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह एवं सिख समाज की सैकड़ों महिलाएं व लोग शामिल हुए। गुरुद्वारा से आकर्षक सजी ट्रॉली में गुरु ग्रंथ साहिब को विराजित कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे की धून पर भजन चल रहे है। उसके पीछे पंच प्यारे चल रहे थे। फिर पालकी साहिब और उसके पीछे संगत शब्द कीर्तन करते चल रही थी। फिर एक कार पर गुरुनानक देवजी का स्वरूप सजाया था। जुलूस में शामिल सभी समाजजन सफेद कुर्ता पजामा और केसरिया फटका लिए थे। वहीं महिला श्रद्धालु सफेद वस्त्र एवं केसरिया चुनरी में थी। युवा आगे आतिशबाजी भी कर रहे थे। रास्ते पर जगह-जगह नगर कीर्तन के शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा की गई। साथ ही रास्ते में कराए जाने वाले जलपान और नाश्ते का कचरा भी हाथों-हाथ इकट्ठा कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में झरिया के अलावा धनबाद, पाथरडीह, डुमरी, डिगवाडीह, नुनूडीह आदि क्षेत्र के लोग शामिल थे। इस अवसर पर लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें रागिनी सिंह ने लंगर में प्रसाद वितरण किया। वही सैकड़ों लोग सामूहिक रूप से लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। सिख समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गुरु नानक जयंती की बधाई दी।

उधर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा झरिया कतरास मोड़ पर गुरुनानक जयंती में शामिल लोगों का स्वागत कर श्रद्धालुओं के बीच नाश्ता पानी और जूस वितरण किया गया। जहां गदका दल द्वारा कई करतब दिखाए गए। वहीं रागिनी सिंह ने पंच प्यारो के पैर धोकर उन्हे अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया, साथ ही उपस्थित सभी लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी।



## सिंदरी में निकाला गया नगर कीर्तन



खालसा पंथ के पहले गुरु गुरुनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाश उत्सव को लेकर रविवार छह नवंबर को सिख श्रद्धालुओं के ओर से सिंदरी के गुरुद्वारा साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जो शहरपूरा बाजार होते हुए रोहड़ाबांध तक गया। वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर इसका समापन हुआ। इसकी अगुवाई पांच प्यारे ने की। इस दौरान सिख कलाकारों द्वारा ढोल नगाड़े और म्यूजिक सिस्टम पर प्रस्तुत भजन लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसमें सैकड़ों की संख्या में सिंदरी, पाथरडीह और जामाडोबा के सिख श्रद्धालु शामिल हुए। टैंकर के जरिए मार्ग पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था। सेवादारों के दल मार्ग का सफाई कर रहे थे। फूलों से सजी पालकी में सुशोभित गुरु ग्रंथ साहिब के पीछे आकर्षक पोशाकों में महिला श्रद्धालु कीर्तन कर रही थी। रोहड़ाबांध में मेयर प्रत्याशी विजय पांडे, अरुण कोहली और सिंदरी बाजार में मनजीत सिंह उप्पल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कीर्तन के आयोजकों में गुरुद्वारा प्रधान स्मृति नागी, मोहन सिंह, हरदीप सिंह, ओंकार सिंह, प्रेम सिंह, लखजीत सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, जगदीश्वर सिंह, जगदेव सिंह, बलवीर सिंह नागी, कुलबीर सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, गुरचरण सिंह नागी, सतविंदर सिंह, हरपाल सिंह, बक्शीश सिंह आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 07 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# लॉ छात्र समझने के लिए कानूनी प्रावधानों की गहराई में जायें : जस्टिस देवव्रत दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवव्रत दास ने रविवार को कहा कि कानून के छात्रों को कानून की किताबों का अध्ययन करने से संतुष्ट नहीं मिलेगा, बल्कि समाज के सही परिप्रेक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने आसपास होने वाली हर चीज का विश्लेषण करने के लिए अपनी दृष्टि का विस्तार करना चाहिए। सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के कानूनी अध्ययन के संकाय 2022-23 शैक्षणिक सत्र में प्रवेश पाने वाले नये छात्रों के लिए 12वें ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति दास ने कहा कि आपके पास कानूनी प्रावधानों में गहराई से जाने और अपने ज्ञान और परिप्रेक्ष्य को व्यापक बनाने के लिए इसे समझने का प्रयास करना चाहिए।

न्यायमूर्ति दाश ने कहा कि कानून के छात्रों का उद्देश्य कभी भी संस्थान से केवल अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होना नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज में होने वाली घटनाओं और विकास का बारीकी से निरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपका भविष्य इस बात पर निर्भर नहीं करता है कि आप परीक्षाओं में कितने अंक प्राप्त करते हैं, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने चुने हुए क्षेत्र में कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने छात्रों को कानून का अध्ययन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अच्छे शिक्षकों के साथ एक अच्छा संस्थान चुना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसओए के प्रो-वाइस चांसलर प्रो (डॉ) प्रदीप्त कुमार नंद ने की, जिसे दो प्रख्यात वकीलों, सूर्य प्रसाद मिश्र और संजीत महांती ने भी संबोधित किया। प्रो एसएके आजाद संस्थान के डीन, प्रो जयदेव पति और प्रो प्रबीर कुमार पटनायक दोनों वरिष्ठ प्रोफेसरों ने भी बात की।

# किम्स में हैंड्स-ऑन कैडवेरिक पाठ्यक्रम और लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स-भुवनेश्वर) में रविवार को देश भर के प्रख्यात सर्जनों द्वारा लाइव स्पाइनल सर्जरी दिखायी गयी। इसमें चार दिवसीय -लॉन्ग आइसीएस 2022 एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन ऑफ इंडिया (एएसएसआई) द्वारा आयोजित किया गया। स्पाइन में इंस्ट्रक्शनल कोर्स (आईसीएस 2022) में भाग लेने वालों के लिए 100 प्रतिभागियों के लिए प्रदर्शन किया गया, जिससे उन्हें स्पाइनल सर्जरी की प्रगति के बारे में पता चला। एएसएसआई के अध्यक्ष डॉ शंकर आचार्य के नेतृत्व में एएसएसआइ सदस्यों के लिए कौशल का प्रदर्शन करने के लिए रीढ़ पर एक कैडवेरिक कार्यशाला भी आयोजित की गयी थी। अन्य प्रमुख स्पाइनल सर्जन जैसे डॉ एसएस काले, डॉ अजय शेट्टी, डॉ सीएस ढिल्लों और डॉ शंकर आचार्य ने लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किये। प्रो एनके दास एचओडी न्यूरोसर्जरी किम्स ने पूरे स्थानीय संकायों के साथ सभी सर्जरी का समन्वय किया।

डॉ आचार्य ने बताया कि किम्स में लाइव स्पाइनल सर्जरी डिमॉन्स्ट्रेशन ने भाग लेने वाले युवा और उभरते स्पाइनल सर्जनों को लाभान्वित किया क्योंकि अधिक सटीकता के लिए कंप्यूटर एडेड सर्जरी को अपनाने के अलावा, पेशेवर उत्कृष्टता के लिए स्पाइनल सर्जरी में प्रशिक्षण और ज्ञान का उन्नयन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझाया कि उद्योग की अपेक्षाओं से मेल खाने के लिए और नवीनतम नेविगेशन तकनीक के साथ सर्जन को ट्यून करने के लिए रीढ़ की हड्डी के सर्जन को पूरी तरह से प्रशिक्षित करने में दो दशकों से अधिक समय लगता है। इसलिए, आइसीएस 2022 जैसी कार्यशालाएं एक नये स्पाइन सर्जन को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं जो ट्रिक्स सीखना चाहता है और नयी तकनीक का आदी होना चाहता है।

# एमसीएल के बिडर्स मीट में हितधारकों को दिलायी गयी सत्यनिष्ठा की शपथ




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय में एक बोलीदाताओं की बैठक आयोजित की गयी। इसमें बाहरी हितधारकों - सामग्री और सेवा प्रदाताओं - को आपसी लाभ के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं में सिस्टम सुधार के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। ओपी सिंह सीएमडी एमसीएल ने केशव राव निदेशक (कार्मिक) और एके बेहुरा निदेशक (वित्त) की उपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता की। एमएम सरेवर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू)-2022 के दौरान की जा रही गतिविधियों पर एक संक्षिप्त जानकारी दी। सीएमडी एमसीएल ने सभी प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलायी। व्यवसाय संचालन के विभिन्न विषयों पर प्रत्यक्ष चर्चा हुई। बोलीदाताओं ने अपने सुझाव दिये और विभिन्न मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट भी किया गया। समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने के उद्देश्य से वीएडब्ल्यू-2022 का पालन करने के अपने सप्ताह भर के कार्यक्रम में एमसीएल का सतर्कता विभाग विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करके और सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का संचालन करके परिधीय क्षेत्रों में विविध हितधारकों तक पहुंच रहा है।

## बर्फबारी से मुगल रोड श्रीनगर-लेह मार्ग बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी के कारण मुगल रोड और श्रीनगर-लेह हाइवे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि जम्मू-श्रीनगर हाइवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है। बारिश थमने के बाद जम्मू-श्रीनगर हाइवे पर वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंम्प्यूटर एजुकेशन®
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

# एमसीएल ने कोल इंडिया स्थापना दिवस पर गल्फ टूर्नामेंट का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कोल इंडिया स्थापना दिवस गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें गल्फरों ने 18-होल महानदी गल्फ कोर्स पर प्रतिस्पर्धा की। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि केशव राव निदेशक (कार्मिक) एमसीएल ने किया। राजातोदई सिंह विजेता रहे जबकि सीके महांती उपविजेता रहे।

ओपी सिंह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एमसीएल ने मुख्य अतिथि के रूप में पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया, स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए एमसीएल के निदेशक (वित्त) और पूर्व निदेशक केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल एके बेहुरा की उपस्थिति में विजेता को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान किया गया। अतिथियों ने व्यक्तिगत और अन्य श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए। 0-16 नेट वर्ग के अंतर्गत अजीत कुमार मांझी ने प्रथम पुरस्कार जीता और एआर सहारे उपविजेता रहे, जबकि 17-24 वर्ग के अंतर्गत केके खाती ने प्रथम पुरस्कार जीता और एसके पाणिग्रही ने उपविजेता बने। व्यक्तिगत श्रेणी में होल-5 पर नियरेस्ट-टू-पिन का पुरस्कार केके खाती ने जीता और होल-18 पर स्ट्रेटेस्ट ड्राइव को एसके लाल ने जीता, जबकि एसके शर्मा ने होल पर सबसे लंबी ड्राइव मारने के लिए पुरस्कार लिया। जे कुमार ने सर्वाधिक बर्डी लगायी। कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का संचालन सचिव जे कुमार और महानदी गोल्फ क्लब के कप्तान राजीव कुमार झा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

# अपशिष्ट से धन एमएसएमइ की अधिकता को बढ़ावा देता है कालाहांडी लांजीगढ़ वेदांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कालाहांडी लांजीगढ़ वेदांता लिमिटेड ने ओड़िशा में अपशिष्ट-से-धन एमएसएमइ की अधिकता को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी स्थानीय ईंट निमार्ताओं को चूने की आपूर्ति कर रही है, जिससे औद्योगिक उप-उत्पादों को एक मूल्यवान अर्थव्यवस्था के लिए मूल्य वर्धित उत्पादों में बदलने में मदद मिलती है। लाइम ग्रिट एल्यूमिना (या एल्यूमीनियम ऑक्साइड, एल्यूमीनियम के उत्पादन में एक मध्यस्थ उत्पाद) का उत्पादन करने के लिए रिफाइनिंग बॉक्साइट (एल्यूमीनियम का अयस्क) का एक उप-उत्पाद है। इसमें कागज को सफेद करने से लेकर पोल्ट्री फीड तक और यहां तक कि जिप्सम के करीबी विकल्प के रूप में कई तरह के अनुप्रयोग किया जाता है। वेदांता लांजीगढ़ हर साल लगभग 10,500 मीट्रिक टन चूने के दाने का उत्पादन करता है, जिसमें से लगभग आधे का विभिन्न कार्यों में संयंत्र के भीतर पुनः उपयोग किया जाता है। इसी तरह, कंपनी के भीतर थर्मल पावर उत्पादन से फ्लाई ऐश का निर्माण किया जाता है, जो एक अन्य औद्योगिक उप-उत्पाद है। दोनों सामग्रियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी उन्हें स्थानीय ईंट निर्माताओं को आपूर्ति करती रही है।

जिप्सम के समान गुणों के साथ, लाइम ग्रिट फ्लाई ऐश ईंटों के निर्माण में उनकी ताकत और गुणवत्ता से समझौता किए बिना एक अच्छा विकल्प है। औद्योगिक उप-उत्पादों को परिपत्र सामग्री में परिवर्तित करने की यह पहल, ग्रामीण उद्यमों के विकास के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने और क्षेत्र में स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने में मदद कर रही है। इस तरह की पहल से इस क्षेत्र में फ्लाई ऐश ईंट उद्योग में काफी वृद्धि हुई है।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**